माघ कृष्ण पक्ष पंचमी 11:36 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली, बुधवार, 31 जनवरी 2024
वर्ष 5, अंक 74, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल 16
मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा 15

तेजस्वी से ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ, 60 सवाल दागे

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी के समन के बाद तेजस्वी पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। उनसे करीब 60 सवाल किए गए।

तेजस्वी जब बाहर निकले तब पहले से वहां मौजूद उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। तेजस्वी ने भी पूरे जोश के साथ हाथ हिलाया और विक्ट्री साइन दिखाया। इस दौरान ईडी कार्यालय के बाहर उनकी बड़ी बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती और बड़े भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के अलावा बड़ी संख्या में राजद के विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

जमीन के बदले नौकरी मामला

घोटाला मामले में सीबीआई दाखिल करेगी आरोपपत्र

नई दिल्ली। सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को अवगत कराया कि वह राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में एक माह के भीतर पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष यह दलील दी। कहा गया कि अंतिम रिपोर्ट फरवरी के अंत तक दाखिल कर दी जाएगी।

लापता होने के आरोपों के बीच रांची पहुंचे हेमंत सोरेन

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई घंटों तक उनके पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में अपने आधिकारिक आवास पहुंच गए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री एक बैठक में हिस्सा लेने से पहले सोरेन का अभिवादन करते नजर आए। मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। सोरेन ने ईडी को ईमेल भेजकर सूचित किया था कि वह बुधवार को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बयान देने के लिए तैयार हैं।

भाजपा नेता की हत्या मामले में केरल की कोर्ट का फैसला

पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

अलप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्य पिछड़ा वर्ग शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वीजी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 व्यक्तियों में से 14 को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था। न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका, जिसे पेशी के दौरान सजा सुनाई जाएगी। अदालत ने मामले में 20 जनवरी को 15 लोगों को दोषी ठहराया था।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव श्रीनिवासन पर 19 दिसंबर, 2021 को उनके परिवार के सामने पीएफआई और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हत्या कर दी थी।

सभी प्रशिक्षित हत्यारे थे : अभियोजन पक्ष

अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए कहा था कि पीएफआई के ये सदस्य एक प्रशिक्षित हत्यारा दस्ते से जुड़े थे और जिस क्रूर तथा वीभत्स तरीके से पीड़ित को उसकी मां, बच्चे और पत्नी के सामने मारा गया वह इसे दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी के अपराध के दायरे में लाता है।

श्रीनिवासन को आज न्याय मिला : भाजपा

अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई– महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला... हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

फैसले से श्रीनिवासन का परिवार संतुष्ट

फैसले पर श्रीनिवासन के परिवार ने कहा कि वे इससे संतुष्ट हैं। श्रीनिवासन की पत्नी ने कहा कि यह एक असाधारण दुर्लभ मामला था और हमारा नुकसान बहुत बड़ा है। हम घटना की गहन और ईमानदार जांच करने के लिए अभियोजन और जांच अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

सपा ने घोषित किए 16 प्रत्याशी डिंपल समेत परिवार के 3 सदस्य

लोकसभा चुनाव : धर्मेंद्र बदायूं से तो अक्षय यादव फिरोजाबाद से लड़ेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने मंगलवार को 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा गया है। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया गया है। राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं उम्मीदवारों की इस सूची में डिंपल यादव समेत तीन उम्मीदवार अखिलेश यादव के परिवार से ही है। इनमें चचेरे भाईयों धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है।

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को टिकट दिया है।

लालजी वर्मा बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं।

पत्नी डिंपल यादव के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। (फाइल फोटो)

- उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा होंगे मैदान में
- अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को टिकट

सपा ने मारी बाजी

लोस चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की सूची जारी के मामले में सपा ने बाजी मार ली है। घोषित प्रत्याशियों को अपना प्रचार शुरू करने में ज्यादा वक्त मिल जाएगा। पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए यह भी लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है। उप्र. की 80 में से 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें रालोद को दी गई है, 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। हालांकि, 11 सीट की बात पर कांग्रेस की तरफ से स्पष्ट सहमति नहीं दी गई है।

नीट पीजी परीक्षा के शुल्क में 750 रुपये की कटौती

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा -स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क में 750 रुपये की कटौती की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने नीट पीजी की परीक्षा में बैठने वाले लाखों अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने के मकसद से परीक्षा शुल्क कम करने का फैसला किया। आगामी परीक्षा के लिए 1 जनवरी, 2024 के बाद आवेदन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों को कम शुल्क का भुगतान करना होगा। नया आवेदन शुल्क 2013 में लिए गए शुल्क से कम होगा। अधिकारी के मुताबिक, 2013 में सामान्य और ओबीसी वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 3,750 रुपये था, जिसे 2021 में बढ़ाकर 4,250 रुपये (वर्तमान शुल्क) कर दिया गया था। हालांकि, 1 जनवरी 2024 से इस शुल्क को घटाकर 3,500 रुपये कर दिया गया है। वहीं 2013 में एससी/एसटी और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 2,750 रुपये था, जिसे 2021 में बढ़ाकर 3,250 रुपये कर दिया गया था, लेकिन अब घटाकर 2,500 कर दिया गया है।

अपने बुजुर्ग मां-बाप की हत्या करने वाले वकील को मृत्युदंड

विधि संवाददाता, बरेली

- दोनों को मारी थीं तीन-तीन गोली, कोर्ट ने 13 हजार का जुर्माना भी लगाया
- मीरगंज के बहरोली में 13 अक्टूबर 2020 को हुई थी सनसनीखेज वारदात

अमृत विचार : मीरगंज के गांव बहरोली में संपत्ति के विवाद में दिनदहाड़े अपने बुजुर्ग माता-पिता की गोली मारकर हत्या करने वाले वकील दुर्वेश कुमार को अदालत ने मंगलवार को फांसी की सजा सुनाई। उस पर 13 हजार का जुर्माना भी लगाया। दुर्वेश ने अपने माता-पिता को तीन-तीन गोली मारी थीं।

बहरोली निवासी दुर्वेश मीरगंज में वकालत करता था। 13 अक्टूबर 2020 को सुबह करीब छह बजे मीरगंज से बहरोली पहुंचा था और घर में पूजा कर रहे पिता लालता प्रसाद की तमंचे से एक-एक कर तीन गोली चलाकर हत्या कर दी। उनकी लाश को घसीटकर कमरे में ले गया और चादर से ढक दिया। मां मोहन देई ने शौचालय में घुसकर जान बचाने की कोशिश की लेकिन अंदर से दरवाजा बंद कर पाने से पहले ही उनकी भी हत्या कर दी। उन्हें भी उसने तीन गोली मारी थीं, इसके बाद तमंचा लहराता हुआ फरार हो गया।

पुलिस ने उसे करीब एक महीने बाद नौ नवंबर 2020 को गिरफ्तार कर तमंचा, कारतूस और खून से सने कपड़े बरामद किए थे। इस बीच अदालत उसके खिलाफ गैरजमानती और कुर्की वारंट जारी कर चुकी थी। दोषी पाए जाने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने उसे मंगलवार को फांसी की सजा सुनाई। इससे पहले जिला शासकीय अधिवक्ता सुनीति कुमार पाठक ने दुर्वेश को मृत्युदंड देने की मांग की। कहा, समाज में कठोर संदेश जाना चाहिए ताकि कोई पुत्र ऐसा अपराध करने का विचार भी मन में न लाए। एडीजीसी क्राइम सुनील पांडेय के मुताबिक इस मामले में दुर्वेश के भाई उमेश कुमार सिंह ने थाना मीरगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी। अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किए गए। अदालत ने कहा है कि दोषी को फांसी के फंदे पर मौत होने तक लटकाया जाए।

एक नजर

पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी की हादसे में मौत

जयपुर। राजस्थान में अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनका बेटा घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं। थानाधिकारी नेकीराम ने बताया कि दिल्ली से जयपुर आ रहे सिंह की (एसयूवी) कार नौगांव के पास एक पुल की दीवार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। उन्हें अलवर के सोलंकी अस्पताल ले जाया गया, जहां मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया।

रामदेव की मोम प्रतिमा का दिल्ली में अनावरण

नई दिल्ली। योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में अनावरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहे और उन्होंने कुछ आसन भी किए। मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी।

84 आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र शासन ने मंगलवार को 84 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें एक ही जिले में तीन साल से जमे और हाल ही प्रोन्नत अफसरों को नई तैनाती दी गई है। कुछ अफसरों को उनके तैनाती स्थल पर ही प्रमोशन दिया गया है। इस तबादले में कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात कई अफसर बदले गए हैं। यह तबादला लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

गृह सचिव डॉक्टर संजीव गुप्त और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को तैनाती स्थल पर ही एडीजी के पद पर प्रमोशन दिया गया है। डीआईजी कानून व्यवस्था एल रवि कुमार को आईजी कानून-व्यवस्था बनाया गया हैं। लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात जेपीसी आकाश कुलहरि को उनकी तैनाती स्थल पर आईजी बनाया गया है। कानपुर कमिश्नरेट में जेपीसी आनंद प्रकाश तिवारी को हटाकर आईजी भवन कल्याण बनाया गया है। अलीगढ़ रेंज के डीआईजी शलभ माथुर को वहीं आईजी रेंज बना दिया गया है।

बदलाव : अब संजय पीलीभीत और जोगिंद्र रामपुर के डीएम

लखनऊ। रामपुर और पीलीभीत में जिलाधिकारी पद के तबादले में फेरबदल किया गया है। अब संजय कुमार सिंह रामपुर की जगह पीलीभीत के डीएम होंगे, जबकि बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह रामपुर के डीएम होंगे। विशेष सचिव गृह राजेश राय कौशांबी और विशेष सचिव नमामि गंगे प्रवीण मिश्र को मऊ का डीएम बनाया गया है। राज्य संपत्ति अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह को फर्रूखाबाद का डीएम व मऊ में डीएम रहे अरुण कुमार को विशेष सचिव नमामि गंगे बनाया गया है। अमरोहा की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतिभा सिंह आगरा की सीडीओ बनाई गई हैं।

पेपर लीक मामला

आरआरबी के पूर्व अध्यक्ष समेत दस लोगों को पांच साल की जेल

नई दिल्ली। हैदराबाद में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने 2010 में 1,936 सहायक स्टेशन मास्टर और सहायक लोको पायलट की भर्ती के लिए प्रश्नपत्रों के लीक होने के सिलसिले में रेलवे भर्ती बोर्ड मुंबई के तत्कालीन अध्यक्ष सतेंद्र मोहन शर्मा और नौ अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई मामलों के लिए प्रधान विशेष न्यायाधीश (हैदराबाद) ने जिन लोगों को सजा सुनाई है, उनमें आसन-मैंगलोर रेल विकास निगम के पूर्व सीईओ ए के जगन्नाधम भी शामिल हैं। अदालत ने शर्मा पर 1.75 लाख और जगन्नाधम पर 1.31 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है।

हादसे में छात्र-छात्रा समेत चार की मौत

रोडवेज बस-डीसीएम से भिड़ी स्कूल वैन

संवाददाता, उझानी/कछला (बदायूं)

- भीषण हादसे में स्कूल वैन में सवार छह अन्य छात्र भी घायल
- वैन के चालक के ओवरटेक करने की वजह से हुआ हादसा

अमृत विचार : रोडवेज बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बच्चों को लेकर स्कूल जा रही वैन सामने से आ रही डीसीएम से टकराकर अनियंत्रित हो गई। रोडवेज बस ने पीछे से वैन को टक्कर मार दी। हादसे में छात्र-छात्रा समेत वैन चालक और उसके डेढ़ साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि छह छात्र-छात्राएं घायल हो गए।

उझानी क्षेत्र के गांव जनईया निवासी उमेश (28) पुत्र यशपाल के पास ईको वैन थी। वह गांव फूलपुर के बच्चों को उझानी क्षेत्र के गांव बुटला बोर्ड स्थित कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज में लाने-ले जाने का काम करता था। मंगलवार सुबह वह घर से वैन लेकर निकला तो डेढ़ साल का बेटा दुष्यंत भी साथ हो लिया। वह फूलपुर से तेजपाल की बेटी मेहर (9), कृतिका (7), बेटा आलेख (6), सुरेंद्र मौर्य की बेटी राधा (11) व स्वाति (17), विक्रम की बेटी सरिता (6) व शीतल, छत्रपाल के बेटे निशांत (6) को कॉलेज लेकर जा रहा था। सुबह करीब 9.30 बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर करुआ पुल के पास फूलपुर मोड़ पर अलीगढ़ डिपो की बस को उसने ओवरटेक किया तभी सामने से आई डीसीएम से वैन टकराकर अनियंत्रित हो गई। उसी वक्त पीछे से रोडवेज बस ने वैन को टक्कर मार दी। हादसे में उमेश, उसके बेटे दुष्यंत और छात्र आलेख की मौत हो गई। घायल छात्र-छात्राओं को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। स्वाति की हालत गंभीर होने पर सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। देर रात स्वाति ने भी दम तोड़ दिया।

दुर्घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त वैन।

सीआरपीएफ के 3 कमांडो नक्सली मुठभेड़ में शहीद

रायपुर, एजेंसी

- छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़, 17 घायल

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों से मुठभेड़ में सीआरपीएफ के तीन कमांडो शहीद हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। डीजीपी (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने बताया कि घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप हुई, जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाशी अभियान चला रहा था। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी।

कोबरा कमांडो की 201वीं बटालियन और सीआरपीएफ की 150वीं बटालियन का एक दल इलाके में अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) स्थापित करने के लिए काम कर रहा था, तभी अपराह्न करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। एफओबी एक दूरस्थ शिविर है, जिसका उद्देश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन' (कोबरा) जंगल में युद्ध अभियान चलाने वाली इकाई है। सूत्रों ने बताया कि कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इनमें से चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है।

प्रोन्नति को टीईटी अनिवार्य करने पर फैसला ले सरकार

विधि संवाददाता, लखनऊ

- सहायक अध्यापकों को लेकर हाईकोर्ट ने दिया आदेश
- एनसीटीई ने प्रोन्नति के लिए टीईटी को किया है अनिवार्य
- सभी प्रतिवादियों को 3 सप्ताह में जवाबी हलफनामा देने का आदेश

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहायक अध्यापकों की प्रोन्नति के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए, राज्य सरकार से कहा है कि वह प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद) द्वारा जारी 11 सितंबर 2023 की अधिसूचना पर निर्णय ले। उक्त अधिसूचना के तहत एनसीटीई ने जूनियर बेसिक व नर्सरी स्कूलों के प्रधानाध्यापक-प्रधानाध्यापिका तथा सीनियर बेसिक स्कूलों के सहायक व प्रधान अध्यापक-अध्यापिका के पदों पर प्रोन्नति के लिए टीईटी को अनिवार्य किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने हिमांशु राना व अन्य की याचिका पर पारित किया।

याचिका में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 के नियम 18 की वैधता को चुनौती दी गई है। याचियों की ओर से अधिवक्ता अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने दलील दी कि वर्ष 2010 में टीईटी लागू होने के बाद ही नियुक्ति व प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया था, इसके लागू होने से पूर्व नियुक्ति पाए अध्यापकों के लिए यह व्यवस्था दी गई थी कि वे अपने पदों पर कार्यरत रहेंगे परंतु प्रोन्नति पाने के लिए उन्हें भी टीईटी पास करना होगा। कहा गया कि 11 सितम्बर 2023 को अधिसूचना जारी करते हुए, एनसीटीई ने पुनः इस बात को स्पष्ट किया है कि प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य शर्त है, बावजूद इसके नियम 18 के तहत टीईटी न पास करने वाले अध्यापकों को प्रोन्नति दी जा रही है।

न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए, मामले में विचार की आवश्यकता जताई व केंद्र तथा राज्य सरकार समेत सभी प्रतिवादियों को तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही एनसीटीई के 11 सितम्बर 2023 के अधिसूचना के तहत निर्णय लेने के उपरांत ही प्रोन्नति करने का आदेश दिया है। हालांकि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश अर्ह अध्यापकों के प्रोन्नति में बाधा न माना जाए तथा इस सम्बंध में की गई कार्रवाई वर्तमान याचिका के परिणाम के अधीन होंगी।

भाजपा के मनोज ने जीता चंडीगढ़ महापौर का चुनाव

चंडीगढ़, एजेंसी

- आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का रुख किया

भाजपा ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और तीन शीर्ष पदों पर कब्जा बरकरार रखा। इसे आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया और चुनाव परिणामों को रद करने तथा हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध किया।

महापौर पद के लिए परिणाम घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के दो दलों के पार्षदों ने नगर निगम सदन में हंगामा किया और वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के चुनाव का बहिष्कार किया। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने कांग्रेस समर्थित आप के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल की। सोनकर को 16 और कुमार को 12 मत मिले। आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। भाजपा के कुलजीत संधू और राजिंदर शर्मा क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के लिए निर्वाचित हुए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा गुंडागर्दी में संलिप्त रही और आज का दिन लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शहर में आज

- विंडरमेयर मेयर में नाटक का मंचन शाम 6 बजे।
- सिंधु नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा शाम 6 बजे।
- आनंद आश्रम मंदिर में श्री भक्तमाल कथा शाम 5 बजे।
- साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में फैशन डिजाइनिंग प्रदर्शनी सुबह 10 बजे।

एक नजर

टनकपुर मथुरा स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाए

बरेली, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 31 जनवरी तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार को चलाई जा रही 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जंक्शन-टनकपुर विशेष ट्रेन का विस्तार 30 अप्रैल तक कर दिया है। इस अवधि में 05062 टनकपुर-मथुरा जंक्शन विशेष ट्रेन मथुरा कैंट स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी। 05061 मथुरा जंक्शन-टनकपुर विशेष ट्रेन मथुरा कैंट से चलाई जाएगी। यह ट्रेन मथुरा कैंट से मथुरा जंक्शन के बीच निरस्त रहेगी।

ब्रेकडाउन : स्टेशन रोड और महानगर इलाके में कई घंटे गुल रही बिजली

बरेली, अमृत विचार : शहर में मंगलवार को स्टेशन रोड और महानगर क्षेत्र में ब्रेकडाउन के चलते बिजली कई घंटे गुल रही। शहर के अन्य इलाकों में भी बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान रहे। महानगर उपकेंद्र की 33 केवी लाइन मंगलवार की सुबह करीब चार बजे टू फेस हो गई जिससे बिजली सप्लाई बाधित हो गई। वहीं महानगर उपकेंद्र के पार्ट 2 में भी सुबह 8 बजे ब्रेकडाउन हो गया जिससे तीन से चार घंटे की बिजली कटौती की गई। इसके अलावा मंगलवार की शाम सिविल लाइंस उपकेंद्र से संबंधित स्टेशन रोड की लाइन में ब्रेकडाउन होने से बिजली सप्लाई बाधित रही। किला और सुभाषनगर क्षेत्र में भी बिजली कटौती से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

तीन सौ बेड अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन शुरू

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में आखिरकार सीटी स्कैन मशीन शुरू हो गई। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग और मशीन के तकनीकी स्टाफ ने फाइनल ट्रायल किया। जिसमें मशीन के जनरेटर, प्रिंटर, बैकअप समेत अन्य बारीकियों को देखा गया। इस दौरान एक स्टाफ का सीटी स्कैन भी करके देखा गया। इसके बाद पहले मरीज का भी सीटी स्कैन किया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि तीन सौ बेड अस्पताल में स्थापित सीटी स्कैन यूनिट का ट्रायल सफल रहा। एडीएसआईसी डॉ. अल्का शर्मा ने बताया कि सीटी स्कैन की सुविधा अब शुरू कर दी गई है।

नगर निगम में कदम-कदम पर गोलमाल, बोर्ड की बैठक में मुद्दे उठते रहे और पोल खुलती रही

बोर्ड बैठक में पार्षदों ने उठाए होटलों, रेस्टोरेंटों, बार और मंडियों से टैक्स की वसूली न किए जाने के मुद्दे

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम बोर्ड की बैठक का लब्बोलुआब यह रहा कि रंगीन सपनों के पूरे होने की अनिश्चितता के बीच ढेर सारे गोलमाल हो रहे हैं। आम लोगों को टैक्स के दो-दो और तीन-तीन बिल भेजे जा रहे हैं तो होटल और बार जैसे बड़े टैक्सदाताओं से टैक्स ही नहीं वसूल किया जा रहा है। शहर की दो बड़ी सब्जी मंडियों का ठेका ही नहीं किया गया, गांधी उद्यान से फसल बहार की लाखों की आय भी शून्य हो गई है। सबसे दिलचस्प यह रहा कि पार्षदों ने नगर निगम के जिस भी विभाग पर गोलमाल और गड़बड़ी का आरोप लगाया, उसका विभागाध्यक्ष बैठक में मौजूद नहीं पाया गया। हमेशा की तरह गड़बड़ियों के जांच के निर्देश के साथ बैठक का पटाक्षेप हो गया। इससे पहले सर्वसम्मति से 687.71 करोड़ का पुनरीक्षित बजट को मंजूरी दी गई। हर वार्ड में 30-30 लाख रुपये के काम कराने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।

- जिस विभाग पर लगे आरोप उसी का अध्यक्ष बैठक से नदारद
- 687.71 करोड़ का बजट पास, हर वार्ड में होंगे 30-30 लाख के काम

बैठक में नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स और मेयर उमेश गौतम।

डबल डिमांड का चक्कर : रिकॉर्ड में 26 सौ करोड़ के कर्जदार हो चुके हैं शहर के लोग

बोर्ड बैठक में टैक्स की मद में नगर निगम का 26 सौ करोड़ बकाया बताया गया तो पार्षद सतीश कातिब ने डबल डिमांड का मुददा उठाया। उन्होंने नगर निगम के टैक्स विभाग में बड़े पैमाने पर डबल डिमांड के मामले हैं, इसी वजह से 26 सौ करोड़ बकाया दिख रहा है। डबल डिमांड खत्म करने के लिए आपत्ति तो मांग रहा है लेकिन लोगों के जवाब देने के बाद भी उनका निस्तारण नहीं कर रहा। इस वजह से अनुमान लगाना ही मुश्किल है कि असल में कितना टैक्स बकाया है। मेयर ने नगर आयुक्त को इस प्रकरण को सुलझाने को कहा।

नगर निगम बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने एक के बाद कई मुद्दे उठाए। ● अमृत विचार

बोले मेयर- अब होली पर भी नजर आएगी दिवाली

बरेली, अमृत विचार: मेयर ने बैठक के आखिर में कहा कि नगर निगम 10 हजार लाइटें खरीद रहा है। हर वार्ड में सौ लाइटें लगाई जाएंगी। इसके साथ 31 मार्च तक मरम्मत के भी काम कराए जाएंगे। बोले, सड़क में कहीं भी पाइप लाइन की लीकेज को ठीक किया जाएगा तो उसके गड्ढे भी जलकल विभाग भरेगा। आउटसोर्सिंग फर्मों के लिए रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों से काम कराने की बाध्यता लागू की जाएगी। उन्होंने पहले भर्ती हुए लोगों की जांच कराने और और कमी पाए जाने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने को कहा।

पार्षदों ने पूछा- जलकल विभाग ने कहां करा दिए 19 करोड़ के काम

पार्षदों ने पानी का कनेक्शन लेने के लिए 22 सौ रुपये की रसीद कटवाने की बाध्यता का मुद्दा भी उठाया। कहा, नवदिया में इस तरह के कई मामले सामने आए हैं। अध्यक्ष ने पूछा, कनेक्शनों को फ्री देने की बात कही गई है फिर चार्ज क्यों लिया जा रहा है, इसकी जांच की जाए। जलकल अभियंता ने बताया कि जलकल विभाग ने शहर में 19 करोड़ के काम कराए हैं। यह सुनकर चौंके पार्षदों ने सवाल उठाया कि निर्माण विभाग सिर्फ 5-6 करोड़ के काम करा पा रहा है और जलकल विभाग 19 करोड़ के, कोई काम भी शहर में नहीं दिख रहा है। इसके बाद जलकल के कामों की सूची मांगी गई है।

कुतुबखाना और शहामतगंज मंडी का टेंडर नहीं मोती पार्क स्टैंड में भी गोलमाल, अवैध उगाही

नगर निगम क्षेत्र की चार मंडियों में से कुतुबखाना और श्यामगंज मंडी का टेंडर ही न किए जाने का गंभीर मुद्दा भी उठा। कहा गया कि एलन क्लब मंडी का 80 लाख का टेंडर हुआ लेकिन 48 दिन नगर निगम खुद वसूली कराता रहा। लेखाधिकारी ने बताया कि 83 .19 लाख अब तक वसूल हो चुके हैं। पार्षदों ने दो मंडियों से वसूली न करने से नगर निगम को भारी क्षति होने का आरोप लगाया। पार्षद इस पर राजस्व प्रभारी से जवाब चाहते थे लेकिन पता चला कि वह चुनाव की ट्रेनिंग की वजह से बैठक में ही नहीं आए हैं। यह भी आरोप लगा कि मोती पार्क स्टैंड में जितने वाहन खड़े होते हैं, उतने दिखाए नहीं जाते हैं। मोती पार्क के साथ आसपास खड़े होने वाले ठेलों से भी रोज हजारों की उगाही होती है। इस अवैध वसूली की वीडियो रिकार्डिंग भी है। गंभीर आरोपों पर मेयर ने मंडियों के ठेके न करने पर तीन दिन में जवाब मांगा। चेतावनी दी कि राजस्व हानि के लिए जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी।

होटलों, रेस्टोरेंट, बार और शराब की दुकानों से नहीं ले रहे टैक्स, संचार कंपनियां भी मुफ्त में काट रहीं सड़कें

पार्षद राजेश अग्रवाल ने मुद्दा उठाया कि दो-तीन साल पहले बजट में शहर के होटल, रेस्टोरेंट, शराब की दुकानें और बार के लाइसेंस बनाने की मद में करीब एक करोड़ की वसूली होती थी लेकिन पिछले साल वर्ष इस मद में 20 लाख रुपये की ही आय दिखाई गई है। उन्होंने सवाल किया कि यह वसूली क्यों नहीं की जा रही है। बोले, निजी संचार कंपनियों ने शहर में तारों के जाल फैला रखे हैं। ये कंपनियां सड़क काट देती है लेकिन उनसे मेंटीनेंस चार्ज भी नहीं लिया जा रहा है। अफसरों ने एग्रीमेंट को कारण बताया। मेयर ने कहा कि जियो कंपनी के एग्रीमेंट की फाइल तलब की और एग्रीमेंट को रद कराने को कहा। पार्षदों ने पीलीभीत रोड पर बगैर एनओसी लिए संचार कंपनी के टॉवर लगाने का भी आरोप लगाया। मेयर ने अपर नगर आयुक्त प्रथम को इसकी जांच करने को कहा।

दुकानों का किराया नहीं बढ़ाया, जो था उसकी भी वसूली में बेपरवाही

पार्षद कपिल कांत ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में भवनों और गृहों से वसूली तीन करोड़ थी, इस बार भी तीन करोड़ है। शासनादेश है कि दुकानों का किराया हर तीन साल में 15 फीसदी बढ़ना चाहिए फिर भी राजस्व विभाग नहीं बढ़ा रहा है। 28 जनवरी तक 1.28 करोड़ की वसूली हुई है। बाकी दो महीने में लक्ष्य पूरा होना भी मुश्किल है। इसके लिए दुकानों के एग्रीमेंट को कारण बताते हुए कहा गया कि सदन में प्रस्ताव पास होने के बाद अब सभी दुकानों का किराया बढ़ाया जाएगा। विज्ञापनों के लिए दिए गए चार करोड़ के ठेके में भी राजस्व अफसरों पर शर्तों के उल्लंघन और कम वसूली का आरोप लगाया गया। पार्षद मुकेश सिंघल और आरिफ कुरैशी ने कोतवाली के पास पुल और सड़क बनने के बाद पाइप लाइन डालने का मुद्दा उठाया।

- विज्ञापनों के ठेकों में शर्तों के उल्लंघन के आरोप

सोलर हब बनेगा शहर, साढ़े चार करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा

शहर में सोलर हब बनाने के लिए साढ़े चार करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके मंजूर होने के बाद हर वार्ड में पर्याप्त हाईमास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट लगाने का रास्ता साफ हो जाएगा। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने बैठक खत्म होने से पहले बताया कि लाइट और हाईमास्ट के नगर निगम के प्रोजेक्ट से अलग यह प्रस्ताव भेजा गया है। शहर के सभी विभागों की सूची भी भेज दी गई है। प्रस्ताव स्वीकृत होने पर बरेली सौर ऊर्जा का हब बन जाएगा। संजयनगर में सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत पर दुख जताते हुए उपसभापति सर्वेश रस्तोगी के हर वार्ड में गोमंच बनाने के प्रस्ताव की प्रशंसा की। बोलीं, सभी पार्षद जानते हैं कि नगर निगम छुट्टा पशुओं से जूझ रहा है। पार्षद सहयोग करेंगे तो वार्ड में छुट्टा पशु नही रह पाएंगे।

शहर से पकड़े बंदर हाईवे किनारे छोड़ दिए

नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने दावा किया कि पिछले नौ महीने में 869 बंदर पकड़े गए हैं। पार्षद राजेश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि शहर से 10 हजार बंदर पकड़कर उन्हें पीलीभीत के जंगल में छोड़ना था लेकिन शहर के बाहर हाईवे किनारे छोड़ दिया है। राजेश और गौरव सक्सेना ने मांग की कि अब बंदर पकड़े जाएं तो उन्हें छोड़ने की जीआईएस फोटो भी साथ में दी जाए।

15 फरवरी तक डोर टू डोर के आर्डर जारी हो

डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर अफसरों ने बताया कि जोन- 3 और जोन- 4 में सात-सात और जोन एक और दो में चार-चार टेंडर आए हैं। इनकी जांच की जा रही है। मेयर ने पूछा, जांच कब तक पूरी होगी तो अफसर चुप्पी साध गए। मेयर ने 15 फरवरी तक हर हालत में वर्क ऑर्डर जारी करने को कहा।

पशुओं के चारे का बजट 50 लाख बढ़ा

कांजी हाउस और कान्हा उपवन में निराश्रित पशुओं के साथ एक सप्ताह में तैयार होने वाली नई गोशाला में रहने वाले पशुओं के चारे के लिए तय बजट 2.75 करोड़ को पशुओं और गोशाला बढ़ने से 3.25 करोड़ कर दिया गया।

पैसे ज्यादा मिले तो किसी से नहीं किया जिक्र, बच गए एटीएम में 16 लाख

- चार दिन पांच गुना रकम उगलता रहा एटीएम फिर भी सामान्य रही निकासी
- कैश लोड करने वाली कंपनी की चूक, ज्यादा रकम ले जाने वाले डेढ़ सौ चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: सुभाषनगर में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में तकनीकी गड़बड़ी से पांच गुना रकम लेकर खिसके डेढ़ सौ लोगों में से ज्यादातर अब पैसा लौटाने में आनाकानी कर रहे हैं। तमाम लोगों से संपर्क करने के बाद दो दिन में अब तक सिर्फ आठ हजार रुपये वापस किए गए हैं। एटीएम में कैश लोड करने वाली कंपनी रकम न लौटाने वाले लोगों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बताया जा रहा है कि एटीएम में करीब 20 लाख का कैश था। जिन लोगों के हाथ में ज्यादा कैश आया, उन्होंने इसका किसी से जिक्र नहीं किया, लिहाजा चार दिन में सिर्फ 3.88 लाख रुपये ही ज्यादा निकले।

कैश लोड करने वाली कंपनी की चूक से एटीएम से सौ रुपये के नोटों की गिनती के हिसाब पांच सौ के नोटों की निकासी होने लगी थी। मसलन, किसी ने पांच सौ रुपये की धनराशि दर्ज की तो सौ रुपये के पांच नोटों के बजाय उसके हाथ में पांच सौ के पांच नोट हाथ आए। इस तरह डेढ़ सौ लोगों को 3.88 लाख रुपये का ज्यादा भुगतान हो गया। बैंक प्रबंधन ने इस चूक के लिए कैश लोड करने वाली सीएमएस कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है। अब कंपनी के लोग ज्यादा रकम ले जाने वाले लोगों से संपर्क कर अतिरिक्त रकम लौटाने का आग्रह कर रहे हैं।

जांच में पता लगा है कि एटीएम में 24 जनवरी को आई तकनीकी खामी 27 जनवरी तक रही। पांच गुना पैसे निकलने के बाद भी चारों दिन एटीएम से निकासी की स्थिति सामान्य रही। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि जिन लोगों को एटीएम से ज्यादा पैसा मिला, उन्होंने इसका जिक्र किसी से नहीं किया और चुपचाप खिसक लिए। वर्ना शायद 20 लाख कैश से भरा एटीएम चार दिन में खाली हो जाता।

सबसे ज्यादा ले जाने वाले का पैसे लौटाने से इन्कार

तकनीकी गड़बड़ी के दौरान एटीएम से सबसे ज्यादा निकासी 16 हजार रुपये की हुई। इस शख्स ने आठ बार पैसा निकाला। कंपनी ने उससे फोन पर संपर्क कर रकम लौटाने को कहा तो उसने खुद को दिल्ली में बताते हुए न यह माना कि उसे अतिरिक्त रकम मिली है, न ही रकम लौटाने के लिए तैयार हुआ। कंपनी ने उसे कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी, फिर भी टस से मस नहीं हुआ।

सौ के बजाय लग गई पांच सौ के नोटों की कैसेट

शहर में कुछ ही एटीएम ऐसे हैं जिनमें सौ के नोट की कैसेट रिफिल की जाती है। एक बैंक अधिकारी ने बताया कि एटीएम में सौ के नोटों की कैसेट के बजाय पांच सौ रुपये के नोटों की कैसेट लग जाने की वजह से यह गड़बड़ होने का अंदेशा है।

जोगिंदर का तबादला आदेश बदला पीलीभीत के बजाय रामपुर के डीएम

- आज बरेली पहुंचकर कार्यभार संभालेंगे बीडीए के नए उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : वीसी बीडीए जोगिन्दर सिंह को एक दिन पहले पीलीभीत का डीएम बनाया गया। यह तबादला आदेश बदल गया है। अब उन्हें रामपुर का डीएम बनाकर भेजा गया है। मंगलवार की शाम रामपुर जिला मजिस्ट्रेट की गाड़ी उन्हें लेने के लिए आई। डीएम बनने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

नए उपाध्यक्ष बनाए गए मनिकनंदन ए बुधवार दोपहर बाद तक आएंगे। बता दें कि बीडीए वीसी रहते हुए जोगिन्दर सिंह ने रामगंगा नगर योजना को मूर्त रूप देने के साथ कई नए आवासीय प्रोजेक्ट शुरू किए। उन्होंने करीब तीन साल के कार्यकाल में बीडीए को बदहाली से बाहर निकाला। 900 करोड़ की एफडी कराकर प्रदेश में सबसे धनी प्राधिकरण का खिताब भी बीडीए के खाते में दर्ज हो गया। दोपहर में ही वीसी के रामपुर डीएम बनने का आदेश सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बधाई का सिलसिला शुरू हो गया।

अफसरों और कर्मचारियों के घरों पर बिना मीटर बिजली

- दो साल पहले मुख्यालय ने विभाग को मीटर लगाने के दिए थे निर्देश

बरेली, अमृत विचार : मुख्यालय के आदेश के बाद भी जिले में बिजली विभाग के अधिकतर अफसर और कर्मचारियों के आवासों पर मीटर नहीं लग पाया है। इस वजह से धड़ल्ले से बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है।

वर्ष 2021 में मुख्यालय ने विभाग को सभी अफसर और कर्मचारियों के आवासों पर मीटर लगाने के आदेश दिए थे, ताकि मीटर के अनुसार बिजली बिल जमा हो सके, मगर इस आदेश पर ध्यान नहीं दिया गया। मीटर लगाने की कोशिशें कागजों तक ही सिमट कर रह गईं। तमाम अधिकारी और कर्मचारियों के आवास मीटर के दायरे में नहीं आ सके। बताते हैं कि हाइडिल कॉलोनी में भी किसी भी आवास पर मीटर नहीं लगा है।

बिल की निर्धारित राशि

बिल के रूप में मुख्य अभियंता के वेतन से 1836, अधीक्षण अभियंता के वेतन से 1626, अधिशासी अभियंता के वेतन से 1164, एसडीओ के वेतन से 1092, जेई के वेतन से 888, तृतीय श्रेणी कर्मी के वेतन से 540, ऑपरेटिंग स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के वेतन से 444 रुपये की कटौती हर माह की जाती है। एसी का चार्ज 650 रुपये निर्धारित है।

> हमारे आवास पर मीटर लगा हुआ है। उसी के आधार पर बिजली बिल का भुगतान किया जाता है। अन्य कर्मचारियों के आवास पर मीटर लगे हैं या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है।
>
> -अशोक कुमार चौरसिया, अधीक्षण अभियंता

बकाया पर दरबार ए खास होटल का कनेक्शन काटा

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग ने बकाया बिल जमा नहीं करने पर पीलीभीत बाईपास रोड पर स्थित दरबार ए खास रेस्टोरेंट का कनेक्शन काट दिया। इसके अलावा शहर में 50 से अधिक कनेक्शन भी काटे गए हैं।

पीलीभीत बाईपास रोड पर स्थित दरबार ए खास होटल पर साढ़े पांच लाख रुपये का बकाया बिल था। कई बार कहने के बाद भी होटल संचालक ने बिल नहीं जमा किया। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि बकाया होने पर मंगलवार को दरबार ए खास होटल का कनेक्शन काट दिया गया। इसके अलावा शाहदाना उपकेंद्र के माधोवाडी, अंबेडकरनगर, कटरा चांद खां, सेमलखेड़ा, सिकलापुर, गंगापुर चौराहा में भी बकाया बिल जमा नहीं करने वाले 50 से अधिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए।

कड़ी सुरक्षा में त्रिशूल एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का चेंजओवर आज

बरेली, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर करेंगे। इसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वह दस मिनट के चेंजओवर के बाद रामपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। प्रशासन के अनुसार सीएम लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट से बरेली के लिए वायुयान से रवाना होंगे। अपराह्न 1.35 बजे वह त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। चेंजओवर के बाद हेलीकॉप्टर से रामपुर के लिए उड़ान भरेंगे। वहां वह एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। 3.05 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। यहां से लखनऊ के लिए रवाना होंगे। बताते हैं कि चेंजओवर के दौरान सीएम से जिले के कुछ जनप्रतिनिधि भी मुलाकात कर सकते हैं। सुरक्षा को लेकर एयरपोर्ट के आसपास का क्षेत्र छावनी में तब्दील रहेगा।

एक सप्ताह तक 13 ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

बरेली, अमृत विचार : सर्दी में कोहरे की वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी जारी रही। अब फरवरी में ब्लॉक की वजह से संचालन प्रभावित होगा। रेल प्रशासन सीतापुर जंक्शन और सिटी स्टेशन पर कार्य के चलते ब्लॉक लेगा, इसकी वजह से 13 ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। इसमें दो ट्रेनों को निरस्त और छह ट्रेनों को डायवर्ट किया जाएगा। इसके अलावा दो ट्रेनें शार्ट टर्मिनेट और शार्ट ओरिजनेट और तीन ट्रेनों को नियंत्रित और रिशेड्यूल किया जाएगा।

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के सीतापुर जंक्शन और उत्तर रेलवे के सीतापुर सिटी स्टेशन पर आठ फरवरी तक प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाएंगे। जिन ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है उनमें बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली भी हैं।

दो दिन धूप ने दिया सुकून, अब बारिश करेगी थोड़ा परेशान

- मौसम विज्ञानियों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में होगा परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दो दिन से दिन में तेज धूप खिलने से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बुधवार से काले बादल छाने के साथ बारिश हो सकती है। इसके बाद तापमान में कुछ गिरावट होगी और फिर मौसम साफ हो जाएगा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 21.7 और न्यूनतम 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता बढ़ने के कारण सतही स्तर पर हवा का रुख बदल कर पुरवा और दक्षिणी-पूर्वी हो गया है। वायु संचालन बढ़ने और वायुमंडलीय स्थिरता घटने के कारण कोहरा छंटने से धूप निकलने से विकिरणीय ऊष्मन बढ़ने के कारण शीत दिवस की स्थिति लगभग समाप्त हो गई है। दो सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से मध्य क्षोभ मंडलीय पछुवा हवाओं की निम्न क्षोभ मंडलीय पुरवा हवाओं के साथ संभावित प्रतिक्रिया के दृष्टिगत 31 जनवरी से 1 फरवरी तक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की झोंकेदार हवाओं के साथ रुक-रुक कर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 2 फरवरी को आंशिक अंतराल के बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 3-4 फरवरी को फिर बारिश होने की संभावना है।

जिला अस्पताल में ठंड से बचने के लिए धूप में बैठे दिखे मरीज। ● अमृत विचार



विवाहिता की हत्या में पति सास और ससुर को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली : दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की आग लगाकर हत्या में सिरौली शिवपुरी निवासी पति राहुल, सास भूरी देवी और ससुर परमेश्वरी को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार यादव ने आजीवन कारावास और प्रत्येक को 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील तेजपाल सिंह राघव ने बताया कि मृतका के पिता ओमकार ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया था कि 25 फरवरी 2019 को राहुल के साथ बेटी नीतू देवी की शादी की थी।

एक और हत्या, युवती को मारकर सीबीगंज इलाके में बड़ा बाईपास किनारे फेंका शव

सफेद चादर से बंधे हुए थे हाथ-पैर, दम घोटकर मारे जाने की आशंका, फिलहाल पहचान नहीं

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

अमृत विचार : करीब 24 साल की युवती की हत्या कर उसका शव सीबीगंज इलाके में बड़ा बाईपास किनारे एक खेत के पास फेंक दिया गया। युवती के दोनों हाथ और दोनों पैर सफेद चादर से बंधे हुए थे। चेहरे पर खरोंच और नाक से खून के रिसाव की वजह से पुलिस का अनुमान है कि युवती को दम घोटकर मारने के बाद शव लाकर फेंक दिया गया। दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है। शाम तक युवती की पहचान नहीं हो पाई।

बड़ा बाईपास पर टियूलिया और परधौली गांव के बीच सड़क किनारे सरसों के खेत के नजदीक फेंका गया युवती का शव सुबह खेत में घास काटने पहुंची एक महिला ने देखा। इसके बाद शोर मचाते हुए उसने आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को इकट्ठा किया। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर सीबीगंज ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन घटनास्थल पर मौजूद लोगों में कोई युवती को नहीं पहचान सका। एसपी सिटी राहुल भाटी और सीओ अभिजीत सिंह ने भी मौका मुआयना किया। फोरेंसिक टीम के साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवा दिया गया।

युवती काले रंग के अपर के साथ नीले रंग की जींस पहने हुए थी। नाक में नथनी भी पड़ी हुई थी। पुलिस का अनुमान है कि हत्या कहीं और कर के शव के यहां ठिकाने लगाया गया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि बरेली से सटे जनपदों में युवती की फोटो भेजने के साथ आसपास के जिलों के थानों में पिछले तीन दिनों में दर्ज हुई युवतियों की गुमशुदगी का ब्योरा इकट्ठा किया जा रहा है। तीन दिन युवती का शव पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखकर पहचान कराने की कोशिश की जाएगी।

▸▸ **दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने का भी शक, छानबीन कर रही है पुलिस**

> प्रारंभिक जांच के मुताबिक युवती की हत्या कहीं और कर शव फेंका गया है। फिलहाल युवती की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।
> – **राहुल भाटी**, एसपी सिटी

घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

शकः सेक्स रैकेट का हो सकता है हाथ

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

▸▸ **सेक्स रैकेट चलाने वालों का अड्डा बन चुका है बड़ा बाईपास, रात भर खुलेआम चलती हैं गतिविधियां**

अमृत विचार : पुलिस का शक है कि युवती की हत्या में सेक्स रैकेट चलाने वालों का हाथ हो सकता है। असल में पुलिस की ही अनदेखी से बड़ा बाईपास के आसपास का इलाका सेक्स वर्करों का अड्डा बन चुका है। हर शाम यहां कॉल गर्ल्स की बड़े पैमाने पर गतिविधियां शुरू हो जाती हैं और देर रात तक जारी रहती हैं। शहर के ही नहीं, आसपास के इलाकों से भी उनके ग्राहक यहां पहुंचते हैं। पुलिस की गश्ती टीमें भी यहीं मौजूद रहती हैं लेकिन सबकुछ अनदेखा कर देती हैं।

पुलिस यह भी मान रही है कि मारकर खेत में फेंकी गई युवती का संबंध अगर किसी सेक्स रैकेट से हुआ तो उसकी पहचान हो पाना भी मुश्किल हो सकता है, क्योंकि ऐसी ज्यादातर युवतियां दूसरे राज्यों के अलावा नेपाल से आती हैं और उनका यहां सिर्फ दलालों से संपर्क रहता है। वही उनके खाने-पीने से लेकर ठहरने तक का इंतजाम करते हैं। सेक्स रैकेट चलाने वाले उन्हें हर महीने की कीमत तय करने के बाद दूसरे राज्यों से लेकर आते हैं। उन्हें कहीं किसी स्पा सेंटर की आड़ में तो कहीं पुलिस की साठगांठ से इस्तेमाल किया जाता है। कई युवतियों को कुछ समय बाद सेक्स रैकेट चलाने वाले आपस में बदल भी लेते हैं ताकि उनके ग्राहकों को नई युवती के नाम से फंसाया जा सके।

शव पर मिली चादर किसी होटल की होने का संदेह : युवती के हाथ और पैर जिस चादर से बंधे हुए थे, पुलिस को संदेह है कि वह किसी होटल की है। यह तथ्य भी युवती के सेक्स रैकेट से जुड़े होने की तरफ इशारा कर रहा है। पुलिस का कहना है कि मध्यमस्तर के होटलों की चादरों में उनका नाम नहीं होता है।

युवती के हाथ-पैर जिस सफेद कपड़े की चादर से बंधे थे। वह चादर अक्सर होटलो में इस्तेमाल होते हैं। मध्यम क्लास के होटले में बिछने वाले चादरों पर होटल के नाम नहीं होते हैं। जिस चादर से शव बंधा हुआ था, उस पर बेल्सपन कंपनी का रैपर लगा था। आशंका है कि हत्या के पहले युवती को होटल में रोका गया था। पुलिस के मुताबिक वह घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करेगी। इसके अलावा होटलों में भी जांच की जाएगी। कर सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी।

कैंट इलाके में भी मिली थी युवती की लाश शिनाख्त तक नहीं करा पाई पुलिस

पिछले 20 दिसंबर को भी एक 22 वर्षीय युवती की गला रेतकर हत्या के बाद शव को कैंट इलाके के ठिरिया निजावत खां में एक आम के बाग में फेंक दिया गया था। पुलिस अब तक उस युवती की पहचान नहीं करा सकी है। इस मामले में भी पुलिस ने दावा किया था कि युवती की कहीं और हत्या कर कैंट इलाके में लाकर फेंका गया है।

गुरुकुल के नाम पर बालिकाओं को अनाथालय छोड़ने का आदेश

प्रशांत पांडेय, बरेली

▸▸ **अनाथालय में रह रही सात बालिकाओं और वार्डन को 21 फरवरी तक का दिया समय**

▸▸ **अनाथालय प्रबंधन के नोटिस से बालिकाएं अपने भविष्य को लेकर आशंकित**

अमृत विचार : आर्यसमाज अनाथालय को घर और प्रबंधन को अभिभावक मानती आ रहीं बालिकाओं पर फिर से अनाथ होने का खतरा मंडराने लगा है। अनाथालय में गुरुकुल खोलने की योजना बना रहे प्रबंधन के किसी भी सूरत में अनाथालय छोड़ देने के आदेश से बालिकाएं अपने भविष्य को लेकर आशंकित हो उठी हैं। अब उन्हें सूझ नहीं रहा कि वह कहां जाएंगी और अपनी रोजी-रोटी की व्यवस्था कैसे कर सकेंगी। प्रबंधन ने नोटिस में बालिकाओं के साथ वार्डन को भी अनाथालय छोड़ने के लिए 21 फरवरी तक का समय दिया है।

अनाथालय के प्रधान ने बताया बालिकाओं को कर्मचारी : अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्य के मुताबिक अनाथालय को गुरुकुल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए मान्यता संबंधी कार्रवाई चल रही है। अनाथालय में रह रही बालिकाएं ही यहां कर्मचारी हैं, जबकि गुरुकुल के लिए योग्य कर्मचारियों को रखा जाएगा। नियमानुसार बाल कल्याण समिति के अंतर्गत जिन बच्चों को यहां भेजा गया था, समिति ने उन बच्चों को अन्य स्थानों पर शिफ्ट करा दिया है। नियमों के अनुसार ही यहां रह रही कर्मचारियों से अनाथालय खाली कराया जा रहा है।

2022 में चुनाव के बाद से कम होते गए बच्चे

2022 में यहां 50 से अधिक बालक-बालिकाएं थे। विधानसभा चुनाव के बाद से ही यहां से बच्चों को हटाने की कवायद शुरू हो गई थी। चुनाव के बाद अनाथालय की व्यवस्थाओं में परिवर्तन के नाम पर सिर्फ छोटे बच्चों को हटाया गया। वर्तमान में अनाथालय में महज सात बालिकाएं रह रही हैं। उन्हें भी अनाथालय छोड़ने का नोटिस दे दिया गया।

कर्मचारी नहीं, कामों में हाथ बंटाती हैं बालिकाएं

जानकारी के मुताबिक बचपन से ही जो बालिकाएं यहां रह रही हैं वे ही अनाथालय के बच्चों की देखभाल सहित विभिन्न कार्यों में भी हाथ बंटाती रही हैं। वे यहां की कर्मचारी नहीं हैं लेकिन अनाथालय से निकालने के लिए प्रबंधन उन्हें कर्मचारी बता रहा है। गुरुकुल के लिए अभी तक न किसी शिक्षक की तैनाती हुई है और न ही छात्रों का पंजीकरण हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय या उच्च शिक्षा कार्यालय में भी गुरुकुल संचालन के लिए कोई आवेदन नहीं किया गया है।

पांच लोगों की मौत को हादसा बताने वाली पुलिस की हर थ्योरी फेल

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

अमृत विचार : फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में घर के कमरे में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की आग से जलकर मौत की घटना को पुलिस लगातार हादसा साबित करने की कोशिश कर रही है लेकिन उसकी कोई थ्योरी अब तक सटीक नहीं बैठ पा रही है। मृतकों के परिवार वालों का दावा है कि कमरे के अंदर से दरवाजों के गैप से हाथ निकालकर बाहर ताला नहीं लगाया जा सकता, फिर भी अपने इस तर्क पर अड़ी हुई है। इसके अलावा, अब तक पुलिस यह भी नहीं बता पा रही है कि कमरे में अंदर आग कैसे लगी।

फर्रखपुर के अजय गुप्ता, पत्नी अनीता, बेटे दिव्यांश, दक्ष और बेटी दिव्यांशी 28 जनवरी की रात कमरे में सोए हुए थे। रात में किसी समय लगी आग में पांचों लोगों की मौत हो गई थी। कमरे के दरवाजे में बाहर से ताला पड़ा हुआ था। बाहर बरामदे में खड़ी तीन मोटरसाइकिलों के पेट्रोल पाइप काटकर उनका सारा पेट्रोल निकाल लिया गया था। फिर भी पुलिस शुरू से इस घटना को हादसा बता रही है। तर्क है कि कमरे के दरवाजे में अंदर सिटकनी न होने की वजह से अजय या उनकी पत्नी ने अंदर से ही हाथ निकालकर बाहर ताला लगाया था। रात में किसी वजह से आग लगी तो पांचों की मौत हो गई।

इसी दरवाजे पर हो रहे हैं तर्क-वितर्क।

▸▸ **परिवार वालों का दावा, अंदर से हाथ निकालकर बाहर नहीं लगाया जा सकता ताला**

अजय के परिवार वालों ने पुलिस के इस तर्क को खारिज कर दिया है। अजय की बहन शिवानी, भाई अनिल और महेन्द्र ने बताया कि पुलिस ने उनके सामने ही काफी कोशिश की लेकिन कमरे में अंदर से बाहर हाथ निकालकर ताला लगाना तो दूर कुंडी तक नहीं लगा सके।

अजय के पिता सुरेश ने कहा कि पुलिस के इस घटना को हादसा बताने का फायदा हत्यारों को मिल रहा है। घटनास्थल पर सबसे पहुंचने वाले अजय के चचेरे भाई राजेन्द्र ने बताया कि वह अपनी बाइक लेने पहुंचे तो धुआं उठता देख उन्होंने कई लोगों को बुलाया था। पांच-छह लोगों ने कमरे के दरवाजे को धक्का देकर तोड़ा था। कमरे में अंदर से बाहर किसी कीमत पर ताला नहीं लगाया जा सकता।

साक्ष्य के लिए भेजे जाएंगे घटना के वीडियो व फोटो : एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि कि प्रथमदृष्टया घटना हादसा ही लग रही है। मृतकों के जले कपड़ों के टुकड़े, जले मोबाइल फोन और अन्य साक्ष्य जो फॉरेंसिक टीम ने जुटाए हैं, उन्हें जांच के लिए गाजियाबाद विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। घटना स्थल के फोटो और वीडियो भी एक्सपर्ट के पास भेजे जाएंगे ताकि पता चल सके कि आग कहां से और कैसे लगी। कहां जाकर बुझी है। रिपोर्ट मिलने पर ही स्पष्ट होगा कि पेट्रोल फेंका गया या नहीं। अजय और उनकी पत्नी की कॉल डिटेल भी निकलवाकर जांच की जाएगी।

फिर भी फरीदपुर पुलिस हादसे पर अडिग : इंस्पेक्टर फरीदपुर रामसेवक सिंह का कहना है कि हत्या करने वाला घर के दरवाजे पर ताला क्यों डालेगा। वह सीधे दरवाजा खोलकर भाग जाएगा। हत्या के लिए बाइक से पेट्रोल निकालना इसलिए नहीं माना जा सकता क्योंकि बाइक से पेट्रोल धीरे धीरे निकलेगा। मौके पर मिली बाइकों के पाइप कटे जरूर हैं लेकिन उनका पेट्रोल बंद है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पुलिस कर्मियों ने कमरे के अंदर से बार ताला डाला तो ताला लग गया था।

इंस्पेक्टर फरीदपुर से बातचीत करने पहुंचे व्यापार मंडल के पदाधिकारी

घटना का खुलासा न हुआ तो बंद करेंगे बाजार

फरीदपुर अमृत विचार : फर्रखपुर में मृतक अजय गुप्ता के घर पर सांत्वना देने वाले लगातार पहुंच रहे हैं। मंगलवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारी अनुज पांडेय, केशव अग्रवाल, ब्रह्माशंकर गुप्ता, अनुज शुक्ला, महावीर जायसवाल, प्रमोद गुप्ता के साथ इंस्पेक्टर रामसेवक सिंह से भी मिले। पदाधिकारियों ने इंस्पेक्टर से घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की। फरीदपुर का बाजार बंद करने की भी चेतावनी दी है।

प्रिजर्व नहीं किया गया विसरा

यह भी सवाल उठ रहा है कि इस मामले में शवों का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने विसरा प्रिजर्व क्यों नहीं किया। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में डॉक्टर अपनी ओर से कोई कमी नहीं छोड़ते हैं। फेफड़ों में धुएं के कण होने के कारण मौत हुई होगी। पेट में जहर जैसे लक्षण न मिलने पर विसरा प्रिजर्व नहीं किया गया होगा। उधर, अजय के पिता का तर्क है कि पांचों लोगों का पूरा शरीर बुरी तरह जल गया था। ऐसे में कैसे पता लगा कि जहर के लक्षण नहीं हैं। विसरा प्रिजर्व होना चाहिए था।

धुएं से बेहोश होने की बात भी परिजन मानने को तैयार नहीं

मृतक अजय के भाई अनिल, चचेरे भाई राजेंद्र और पिता सुरेश का कहना है कि जिस कमरे में अजय और उनका परिवार सोया था, उसके दरवाजे पर जाली लगी है। इसके अलावा ऊपर कई बड़े सुराख भी हैं। ऐसी स्थिति में कमरे में धुएं की वजह से दम घुटने का सवाल ही नहीं है। उधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया है कि धुएं से दम घुटने से ही पांचों लोगों की मौत हुई है।

निकला मिला ब्लोअर का प्लग शॉर्ट सर्किट भी नहीं हो सकता

अजय के चचेरे भाई राजेंद्र का कहना है कि कमरे में ब्लोअर रखा तो था लेकिन उसका प्लग बोर्ड में नहीं लगा था। पुलिस शॉर्ट सर्किट होने की आशंका बिना किसी आधार के जता रही है। बिना प्लग लगे शॉर्ट सर्किट कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि कमरे में हीटर भी नहीं था। फ्रिज पर रखा ब्लोअर ऊपर से कुछ पिघला हुआ था लेकिन उस पर रखी तौलिया सुरक्षित थी।

हत्या का केस दर्ज होने के बाद जांच करने पहुंची पुलिस

फरीदपुर पुलिस घटना को हादसा बताती रही लेकिन मृतक अजय के पिता सुरेश की तहरीर पर सोमवार देर रात उसने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद मंगलवार को इंस्पेक्टर रामसेवक सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ दो बार घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। इसी दौरान उन्हें दूसरा मोबाइल भी जली हालत में मिला। उन्होंने मोहल्ले के लोगों के फोन नंबर और नाम पते दर्ज किए। पुलिस अजय की किन-किन लोगों से दोस्ती थी, यह भी पता किया।

अधूरी सड़क पर फंसे वाहन

बरेली। नकटिया में मंगलवार को मोहनपुर रोड पर जाम की स्थिति हो गई। जगह-जगह सिंगल लेन कंक्रीट की सड़क बनाई गई है और साइड में गड्ढे हैं।

शोहदों से परेशान छात्राएं, स्कूल तक करते हैं पीछा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ **कोतवाली में कई शिकायतों के बाद भी सुरक्षा इंतजाम नहीं**

अमृत विचार : इस्लामियां गर्ल्स इंटर कॉलेज, कस्तूरबा इंटर कॉलेज व अन्य स्कूलों की छात्राएं शोहदों से परेशान हैं। अक्सर शोहदे छात्राओं का पीछा करते हुए स्कूल तक चले आते हैं। अश्लील फब्तियां कसते हैं। 27 जनवरी को हाई स्कूल की एक छात्रा का शोहदों ने उसके घर से स्कूल तक पीछा किया।

डरी सहमी छात्रा ने शिक्षिकाओं से शिकायत की। इस्लामियां गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य चमन जहां ने बताया कि एक छात्रा का पीछा तीन-तीन शोहदे करेंगे तो उसकी क्या हालत होगी। कई छात्राएं पढ़ाई छुड़वा दिए के डर से इस तरह की घटनाओं की शिकायत घर पर नहीं करतीं।

बताया कि स्कूल खुलने और अवकाश के समय पुलिस तैनात करने के लिए बिहारीपुर चौकी पर कई बार कहा है लेकिन पुलिस कानों में तेल डाले रहती है। इस्लामियां के पास ही कस्तूरबा गर्ल्स इंटर कॉलेज है। यहां का स्टाफ भी छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता है। स्कूल का मुख्य द्वार केवल प्रवेश व छुट्टी के समय ही खोला जाता है। इसके बाद जरूरी होने पर पीछे के दरवाजे से शिक्षक व कर्मचारी आते-जाते हैं। एंटी रोमियो स्क्वाड लापता है। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मिशन शक्ति कार्यक्रम के जरिये मान कर चल रहे हैं कि अब छात्राएं सुरक्षित हैं। बाकी छात्राएं शोहदों की मुसीबत झेलने को मजबूर हैं।

डीएम के नाम से फर्जी अकाउंट बना कई लोगों से की ठगी की कोशिश

▸▸ **साइबर अपराधी ने कई लोगों को भेजे मेसेज, एफआईआर दर्ज**

बरेली, अमृत विचार : साइबर अपराधियों ने जिलाधिकारी के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर कई लोगों को मेसेंजर के जरिये संदेश भेजकर ठगी करने की कोशिश की। कलेक्ट्रेट के ई-ड्रिस्ट्रिक्ट मैनेजर की ओर से साइबर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार, डीएम के पदनाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने वाले ने कई लोगों को मैसेज किए कि वह बरेली के डीएम हैं। उनका तबादला कहीं और हो गया है। ऐसे में उनके पास जो सामान है, वह साथ लेकर नहीं जाना चाहते हैं। सस्ते में सामान दे देंगे। किसी नागरिक की जागरूकता से सूचना डीएम तक पहुंची। इसके बाद ई-ड्रिस्ट्रिक्ट मैनेजर मोहित अग्निहोत्री की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

मनरेगा : गारंटी से रोजगार देने का दावा, भुगतान करने की सुध नहीं

अनुपम सिंह, बरेली

02.74 लाख के करीब सक्रिय श्रमिक हैं मनरेगा में

03.78 लाख मनरेगा श्रमिक हैं जिले में

230 रुपये मजदूरी मिलती है प्रतिदिन के हिसाब से

▸▸ **13 नवंबर से लटका है मनरेगा में भुगतान, मेहनत की कमाई के लिए श्रमिक परेशान**

▸▸ **बजट के अभाव में 23 हजार से अधिक मानव दिवसों का बकाया है 49 लाख रुपया**

अमृत विचार : जिले में मनरेगा का हाल बेहाल है। ग्रामीणों को गांवों में ही आजीविका के लिए सौ दिन रोजगार की गारंटी देने वाली योजना की कड़वी हकीकत यह है कि समय से भुगतान की कोई गारंटी नहीं है। स्थिति यह है कि जिले में 13 नवंबर से मनरेगा श्रमिकों का भुगतान नहीं किया गया है। बजट के अभाव में 23 हजार से अधिक मानव दिवसों का करीब 49 लाख रुपये भुगतान लटका हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 29 लाख मानव दिवस का लक्ष्य जिले को मिला था। अफसरों ने तेजी से काम कराकर नवंबर 2023 में ही लक्ष्य की पूर्ति कर ली लेकिन श्रमिकों को भुगतान अभी तक नहीं किया जा सका है। उपायुक्त श्रम रोजगार के कार्यालय के अनुसार, मनरेगा श्रमिकों को अंतिम भुगतान 13 नवंबर 2023 को किया गया था। इस समय करीब 23 हजार मानव दिवसों का 49 लाख के करीब भुगतान लटका हुआ है। श्रमिकों के परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वे प्रधानों से लेकर अधिकारियों से भुगतान की गुहार लगा रहे हैं। सभी का एक ही जवाब है कि बजट आते ही भुगतान हो जाएगा।

भुगतान की चिंता नहीं, बढ़ा रहे लक्ष्य : महीनों से लटके लाखों रुपये के भुगतान की अभी कोई उम्मीद नहीं है वहीं विभागों को लक्ष्य देकर काम कराने पर जोर दिया जा रहा है। नवंबर में चालू वित्तीय वर्ष का लक्ष्य पूरा होने के बाद शासन की ओर से 29 लाख से बढ़ाकर मानव दिवसों की संख्या 36 लाख 23 हजार कर दी गई है। उसके सापेक्ष 36 लाख 22 हजार मानव दिवस पूरे कर लिए गए हैं। महज एक हजार ही मानव दिवस बाकी हैं। यह भी जल्द ही पूरे होने की उम्मीद है।

छह माह होने को हैं। भुगतान के लिए कई बार गुहार लगाई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। समय से पैसा नहीं मिलता है तो परिवार आर्थिक रूप से परेशानी में आ जाता है। सरकार को हमारी परेशानी समझकर समय से भुगतान कर देना चाहिए। –**उमाकांत**, श्रमिक

बकाया मजदूरी मिल जाए तो काफी राहत मिल जाएगी। उम्मीद है कि जल्द ही खाते में पैसा आ जाएगा। उम्मीद काफी दिनों से लगाए हैं। अधिकारियों से कहो तो संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है। इतना बताते हैं कि आ जाएगा। –**दीनदयाल**, श्रमिक

एक साल होने को है। 27 दिनों की मजदूरी नहीं मिल पाई है। कुछ माह पहले छह दिन का पैसा आ गया था। बाकी दिनों का भुगतान लटका हुआ है। मनरेगा में इसी उम्मीद से काम करते हैं कि घर चला सकेंगे। समय से पैसा न मिलने से परेशानी होती है। –**सुरेंद्र**, श्रमिक

> 13 नवंबर 2023 को मनरेगा श्रमिकों के खातों में पैसा भेजा गया था। लक्ष्य के सापेक्ष रोजगार देने का कार्य नवंबर में ही हो गया था। दोबारा मिला लक्ष्य भी पूरा होने वाला है। उम्मीद है जल्द पैसा जारी हो जाएगा।
> –**मो. हसीब अंसारी**, डीसी मनरेगा

जमीन के लालच में दुर्वेश बना माता-पिता का हत्यारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ **नब्बे बीघा जमीन थी, 30-30 बीघा दोनों बेटों को देकर बाकी रख ली थी अपने लिए**

▸▸ **पिता के हिस्से पर थी दुर्वेश की नजर, नहीं दी तो कर दी हत्या, राजस्थान गया था भाग**

अमृत विचार : दुर्वेश के पिता लालता प्रसाद के पास 90 बीघा जमीन थे। वारदात से कुछ समय पहले उन्होंने उसका बंटवारा कर 30-30 बीघा जमीन दोनों बेटों को दे दी थी और 30 बीघा जीवनयापन के लिए अपने पास रख ली। इस जमीन पर देवेश की नजर थी, लेकिन लालता प्रसाद ने उसे यह जमीन देने से इन्कार कर दिया था। देवेश के मन में भरे लालच ने आखिरकार उसे अपने ही माता-पिता का हत्यारा बना दिया।

लालता प्रसाद सेवानिवृत्त शिक्षक थे। गिरफ्तारी के बाद देवेश ने बताया था कि पिता लालता प्रसाद और मां मोहन देई की हत्या के बाद वह सात दिन तक गांव के ही पास खेतों में छिपा रहा था और फिर राजस्थान चला जहां महीने भर तक कभी मजदूरी की, कभी भीख मांगकर खाया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

पुलिस हिरासत में दुर्वेश। ● अमृत विचार

पूछताछ में उसने पुलिस को बताया था कि पिता और छोटा भाई उमेश उसे पीटते थे। उसे यह भी डर था कि पिता लालता प्रसाद ने जो 30 बीघा जमीन अपने पास रख ली थी, उसे भी उमेश को न दे दें। लालता प्रसाद उसे टूटा मकान देकर उसका रास्ता भी बंद कर चुके थे। दुर्वेश मीरगंज की टीचर कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर वकालत की प्रैक्टिस करता था। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया था कि 13 अक्टूबर को वह दो बंदूकें लेकर बाइक से बहरोली गांव पहुंचा था और अपने माता-पिता की हत्या कर दी थी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई थी। तमाम लोगों ने उसे हत्या करते भागते देखा था लेकिन कोई भी उसे पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा सका था।

लालता प्रसाद और मोहन देई। (फाइल)

अदालत ने कहा- राम और भीष्म के देश में दुर्वेश जैसे बेटे सभ्यता के पतन की पहचान

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि देश प्रगति के पथ पर तो बढ़ रहा है लेकिन ऐसा लगता है कि संस्कार पीछे छूटते जा रहे हैं। माता-पिता के संबंध में भारत का गौरवशाली अतीत रहा है। भगवान राम ने पिता के दिए वचन का पालन करने के लिए 14 वर्ष का वनवास सहर्ष स्वीकार किया। भीष्म पितामह ने पिता शांतनु के विवाह के लिए आजीवन ब्रह्मचारी रहने का प्रण लिया ताकि दूसरी पत्नी के पुत्र के राजतिलक में बाधा न आए। इसी देश में सभ्यता अब पतन के इस दौर से गुजर रही है कि उच्चशिक्षित विधि विशेषज्ञ पुत्र रिटायर अध्यापक पिता की पूजा करते हुए हत्या कर देता है और प्राण बचाने के लिए छिप रही मां को भी गोली मारने में उसका दिल नहीं पसीजता। अदालत ने गरुण, पद्म पुराण, वाल्मीकि रामायण, कुरआन, बाइबिल की नजीरें भी दीं।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने बताई थी नृशंसता की कहानी

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 76 साल के लालता प्रसाद के तीन गोलियां लगना पाया गया था। छाती पर गोलियां लगने के कारण उनकी सभी पसलियां टूटी हुई थीं और हृदय भी फट गया था। सत्तर साल की मोहन देई के भी तीन गोलियां लगी थीं, उनकी छाती की सभी दाहिनी पसलियां टूटी हुई थीं और दोनों फेफड़े फट गए थे।

अपील करेगा बचाव पक्ष

बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरुण सक्सेना ने कहा कि वह अदालत के आदेश पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे लेकिन अभी यह न्याय की अंतिम सीढ़ी नहीं है। उच्च न्यायालय से उन्हें उम्मीद है कि न्याय मिलेगा। पार्टी अगर चाहेगी तो निर्णय के विरुद्ध अपील की जाएगी।

बजट : वेतनभोगी चाहें टैक्स में छूट, युवा सस्ता एजुकेशन लोन

सीनियर सिटिजन को ट्रेन टिकट में छूट की आस, मध्यम वर्ग को चाहिए आयकर में राहत, शिक्षा-रोजगार को लेकर भी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। चूंकि इसी साल लोकसभा चुनाव होने हैं ऐसे में अपने हित में योजनाओं की हर वर्ग उम्मीद कर रहा है। महंगाई से निजात के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर लगाम कसा जाना जरूरी समझा जा रहा है। वेतनभोगी चाहते हैं कि इनकम टैक्स में छूट की सीमा बढ़ाई जाए ताकि वे कुछ बचत कर सकें। जुलाई 2014 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने आयकर छूट की सीमा दो लाख से बढ़ाकर ढाई लाख रुपये की थी। वे चाहते हैं कि इस बार 10 लाख तक वार्षिक वेतन टैक्स फ्री हो।

युवा चाहते हैं कि एजुकेशन लोन सस्ता हो ताकि उच्च शिक्षा हासिल करने में कोई बाधा न आए। बजट में क्वालिटी एजुकेशन के लिए खर्च बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए योजनाओं को भी जरूरी माना जा रहा है। सीनियर सिटीजंस को रेल टिकट पर छूट मिला करती थी। कोरोना काल में ट्रेनें बंद हुईं तो इस छूट को सरकार ने खत्म कर दिया। वे चाहते हैं कि ट्रेन टिकट में मिलने वाली छूट को बहाल किया जाए।

▸▸ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण कल पेश करेंगी अंतरिम बजट, चुनावी साल में उम्मीद लगाये है हर वर्ग

बढ़ती ही जा रही महंगाई से हर वर्ग परेशान है। सरकार को खाद्यान्न व रसोई में उपयोग आने वाला सामान सस्ता करना चाहिए। गैस सिलेंडर के दाम और कम होने चाहिए। बजट में घर-गृहस्थी की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। –**जूही अग्रवाल**, गृहिणी

मात्र कुछ महीनों का बजट होने के चलते अंतरिम बजट का कोई खास महत्व नहीं होगा। बजट में कोई बड़ी घोषणा होने की उम्मीद नहीं है। चूंकि चुनावी साल है इसलिए बजट में सरकार लुभावनी घोषणाएं कर सकती है। मध्यम वर्ग खासकर आयकर में राहत की उम्मीद लगाये है। – **संजीव मेहरोत्रा**, महामंत्री, बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन

बैंक में पांच कार्य दिवस लागू करने और पुरानी पेंशन बहाली के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। केंद्र सरकार से हमारी मांग है कि 10 लाख तक का वार्षिक वेतन टैक्स फ्री हो। बैंक और सरकारी विभागों में कर्मियों की नई भर्ती की घोषणा की जाए ताकि काम का बोझ कम हो सके। – **पुष्पेंद्र माहेश्वरी**, महामंत्री, यूनियन बैंक स्टाफ एसोसिएशन

छात्रों के हितों पर ध्यान दिया जाए। हर साल जितने छात्र डिग्री लेकर निकलते हैं उतनी नौकरियां उपलब्ध नहीं हैं। इससे बेरोजगारी बढ़ रही है। सरकार को स्किल डेवलपमेंट के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए बजट में प्रावधान करने की जरूरत है। –**कलीमउद्दीन**, कोचिंग संचालक

चुनावी साल में सरकार नौकरीपेशा वर्ग को राहत दे सकती है। 2014 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने टैक्स छूट की सीमा बढ़ाई थी। तब से टैक्स की सीमा नहीं बढ़ाई गई है। इस बार टैक्स योग्य आय पर छूट की सीमा को बढ़ाया जा सकता है। महंगाई को देखते हुए यह जरूरी भी है। –**अक्षय गंगवार**, नौकरीपेशा

यह चुनावी वर्ष होने के नाते बजट महत्वपूर्ण और जनहित की भावनाओं के अनुरूप होगा। सभी कर्मचारियों की सरकार से एक ही अपेक्षा है कि आयकर की सीमा बढ़ाने और पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा करे। – **डा. अंचल अहरी**, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, बरेली

महंगाई के चलते रसोई का बजट गड़बड़ाया ही रहता है। खाद्यान्न, तेल, मसाले समेत मूलभूत आवश्यकता की वस्तुओं की कीमतों पर लगाम कसने के उपाय किए जाएं। गैस सिलेंडर के दाम कम करने के प्रयास हों। – **चंद्रवाला शर्मा**, रजऊ परसपुर

पिछले कुछ सालों में सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया है। यह बात सही है कि नई शिक्षा नीति से एजुकेशन के स्तर में सुधर हुआ है। पिछले बजट में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही गई थी। इस बार क्वालिटी एजुकेशन के लिए खर्च बढ़ाना चाहिए। –**नाजिम अंसारी**, छात्र



कोरोना काल में सीनियर सिटीजन को रेल टिकट पर मिलने वाली छूट को खत्म कर दिया गया। चुनावी साल में उम्मीद है कि सरकार ट्रेन के टिकट में मिलने वाली छूट बहाल कर सकती है। –**भूपेंद्र सारस्वत**, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी

लालफाटक से बदायूं मार्ग पर डिवाइडर बनाने का काम शुरू

बरेली, अमृत विचार : लाल फाटक से बदायूं मार्ग को जोड़ने वाली 4.3 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण का काम पूरा हो चुका है। अब डिवाइडर बनाने का काम भी तेज कर दिया गया है।

अफसरों का दावा है कि मार्च 2024 तक काम पूरा हो जाएगा। पीडब्ल्यडूी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता नारायण सिंह के मुताबिक मार्च से पहले ही सारे काम पूर कर लिए जाएंगे। सड़क के कुछ हिस्से में डिवाइडर का निर्माण होना बाकी है। सर्दी अधिक होने की वजह से यह काम ठप था। सड़क के बीच में डिवाइडर बनाने का काम सोमवार से शुरू कर दिया गया है। डिवाइडर के दोनों ओर 8.75 मीटर चौड़ी सड़क होगी।

लाल फाटक के पास डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है।

जीएसटी की नजर अब बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारियों पर भी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ तीन महीने में शहर के कई प्रतिष्ठानों पर पकड़ी जा चुकी है करोड़ों की टैक्स चोरी

अमृत विचार: जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) की टीम पिछले तीन महीने में शहर के नामचीन प्रतिष्ठानों पर शिंकजा कस चुकी है। इनमें कपड़ा, होटल, लकड़ी कारोबारी आदि शामिल हैं। यहां छापेमारी में टीम ने करोड़ों रुपये की राजस्व चोरी पकड़ी। खातों को सील करने की कार्रवाई की गई। साथ ही कई से मौके पर ही जुर्माना वसूला गया। शहर में अभी भी कई बड़े कारोबारी हैं जिन पर करोड़ों रुपये का जीएसटी बकाया है।

राज्यकर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड वन ओपी चौबे ने बताया कि नामचीन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई के बाद अब शहर में बिल्डिंग मैटेरियल की सप्लाई करने वाले बड़े व्यापारी रडार पर हैं।

यह व्यापारी ज्यादातर देर रात या फिर भोर में सरिया, सीमेंट, स्टील आदि सामान उतरवाते हैं। हाल ही में इस तरह की शिकायत मिलने पर ऐसे प्रतिष्ठानों की सूची बनाई गई है जो काफी समय से बिक्री का ब्योरा नहीं दे रहे हैं। इन पर जल्द ही कार्रवाई की जा सकती है। जीएसटी विभाग के साथ-साथ एसआईबी की टीम इन पर नजर रखे है।

बोगस फर्मों की भी चल रही जांच

बोगस फर्म बनाकर जीएसटी चोरी करने वाली कंपनियों की गोपनीय जानकारी जुटाने के साथ ही ऐसी फर्मों को चिह्नित किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त जोन के अधिकारियों को भी अपने स्तर से बोगस कंपनी और बोगस बिल बनाने वालों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी बताते हैं कि फर्जी कंपनी बनाकर टैक्स चोरी करने वालों पर पिछले साल भी शिकंजा कसा गया था। इस दौरान पता चला था कि तमाम बोगस फर्में हर महीने करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचा रही हैं। अब फिर से ऐसी फर्मों पर कार्रवाई की तैयारी है।

राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित होंगे सुभाष मौर्य

बरेली, अमृत विचार : क्यारा के तालगौटिया स्थित राजकीय हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र मौर्य का राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। इसपर शिक्षक और विभागीय अधिकारों ने हर्ष जताया है।

सचिवों, प्रधानों को एक सप्ताह में जमा करनी होगी गबन की रकम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ 27 लाख की हेराफेरी पर डीपीआरओ ने डीएम के आदेश पर जारी किए नोटिस

अमृत विचार : ग्राम पंचायतों में विकास कार्य में सरकारी धन का दुरुपयोग करने के मामले में प्रशासन के तेवर सख्त हो गए हैं। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के आदेश के बाद 27 लाख से अधिक की हेराफेरी करने वाले 15 सचिवों और प्रधानों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में धनराशि जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

दरअसल, बहेड़ी विकास खंड की 11 ग्राम पंचायतों और फरीदपुर, रामनगर ब्लॉक की दो-दो ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों का वर्ष 2015-16 में ऑडिट किया गया था। टीम ने 18 जनवरी 2024 को जांच आख्या डीपीआरओ कार्यालय को उपलब्ध कराई। इसमें सभी 15 ग्राम पंचायतों में 27,39,587 रुपये का गबन पाया गया। संबंधित सचिवों और प्रधानों को नोटिस भेजकर धनराशि जमा करने के आदेश दिए गए थे लेकिन रकम जमा नहीं की गई। इस संबंध में डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 15 सचिव और प्रधानों को नोटिस देकर गबन की आधी-आधी धनराशि जमा करने के लिए सात दिन का समय दिया है। निर्धारित समय में धनराशि नहीं जमा करने पर संबंधित सचिव और प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इन पंचायतों के सचिव प्रधानों को नोटिस

बहेड़ी ब्लॉक के खुटिया, भोजपुर जोगीठेर, मल्लपुर सबराह, विशनपुर गुलडिया, करीमगंज, रतनपुर उर्फ नोवाडाडी, पुनई, छितौनिया, भिलईया, आखा, गरीबपुरा, फरीदपुर ब्लॉक की तराखास, कादरगंज, रामनगर के लीलौर बुजुर्ग, मझौआ के प्रधानों व सचिवों को नोटिस जारी किए गए।

ट्रैक्टर ट्रालियों में ढो रहे सामान ट्रक मालिक झेल रहे नुकसान

आरटीओ को ज्ञापन देते बरेली ट्रक ओनर्स ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ अवैध ट्रैक्टर ट्रालियों पर रोक की मांग को लेकर ट्रांसपोर्टर्स पहुंचे आरटीओ कार्यालय

अमृत विचार: ट्रांसपोर्टर्स ने अवैध ट्रैक्टर ट्रालियों पर रोक लगाने की मांग की है। संभागीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि ट्रैक्टर ट्रालियों में माल ढोने की वजह से ट्रक मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। चालक भुखमरी की कगार पर आ गए हैं। ट्रैक्टर ट्रालियों से अक्सर दुर्घटनाएं भी होती हैं।

बरेली ट्रक ओनर्स ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी मंगलवार को आरटीओ कार्यालय पहुंचे। संभागीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि चनहेटी रैक गोदाम से अवैध ट्रैक्टर ट्रालियों से सीमेंट और खाद ढोयी जा रही है। इसके चलते ट्रकों को लोड नहीं मिल पा रहा है जिससे ट्रक मालिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। ट्रैक्टर ट्रालियां रोड टैक्स देती हैं न ही कामर्शियल परमिट है। कहा कि अधिकतर ट्रैक्टर ट्रालियां राजस्थान से चोरी की हैं। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अवैध ट्रैक्टर ट्रालियों पर रोक नहीं लगायी गयी तो ट्रक मालिक चाबियां आरटीओ कार्यालय में जमा कर चक्का जाम करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह वख्शी, प्रदेश मुख्य संरक्षक अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट, प्रदेश महामंत्री हरीश विग, अध्यक्ष शोभित सक्सेना, महामंत्री दानिश जमाल, कोषाध्यक्ष शोएब खान मौजूद रहे।

निर्देश बेअसर, जंक्शन पर यात्रियों को नहीं मिल रहा किफायती खाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: बरेली जंक्शन पर सामान्य यात्रियों को सिर्फ 20 रुपये में मिलने वाला किफायती भोजन अब कहीं नजर नहीं आता। छह माह के ट्रायल के बाद बंद हुईं ट्रालियों को दोबारा शुरू करने के रेल प्रशासन के निर्देश के बावजूद ट्रालियां जहां की तहां खड़ी हैं।

दरअसल रेल प्रशासन ने ये सुविधा उन स्टेशनों पर शुरू की थी जहां आईआरसीटीसी द्वारा संचालित भोजनालय हैं। बरेली जंक्शन पर किफायती भोजन की दो ट्रॉलियां प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर लग रही थीं जो बंद कर दी गईं। कुछ दिनों पहले रेलवे बोर्ड ने इसे दोबारा चालू करने के निर्देश दिये। जंक्शन पर ट्रॉलियों का संचालन कर रहे आरके फूड द्वारा आईआरसीटीसी को फीस भी जमा की जा चुकी है। लेकिन किफायती भोजन की ट्रॉलियां अब तक शुरू नहीं की गई हैं। प्लेटफार्म नंबर दो पर एफओबी के नीचे यह ट्रालियां लंबे समय से खड़ी हैं। दिन भर ट्रेनें आती-जाती हैं, लेकिन इन पर खाना नहीं बिकता। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रॉली बंद मिलती हैं तो जुर्माना लगाया जायेगा। पूर्व में एक बार जुर्माना लगाया जा चुका है।

जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी किफायती भोजन की ट्रॉली।

▸▸ ट्रायल के बाद बंद हुई ट्रॉलियों को दोबारा शुरू करने के निर्देश

▸▸ एफओबी के नीचे खड़ी रहती हैं किफायती भोजन की ट्रॉलियां

ट्रॉलियों पर मिलता है कई तरह का भोजन

छोटी ट्रॉलियों पर सस्ते खाने की कई प्रकार की वैराइटी हैं। सबसे सस्ता जनता खाना 15 रुपये का। किफायती भोजन 20 रुपये का मिलता है, इसमें आलू और अचार के साथ सात पूरियां हैं। कॉम्बो भोजन थाली 50 रुपये की है। इसमें राजमा, छोले चावल, खिचड़ी, छोले भटूरे, पावभाजी, मसाला डोसा, नींबू चावल, दही चावल, इमली चावल, दाल खिचड़ी व अचार किफायती भोजन में शामिल किये गये हैं।

ठेका खत्म कर सफाई कर्मियों को संविदा पर रखने की मांग उठाई

बरेली, अमृत विचार : सफाई कर्मियों ने ठेका व्यवस्था खत्म कर उन्हें संविदा पर रखे जाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मेयर को पत्र सौंपा है। उनका कहना है कि ठेकेदार के अधीन काम करने से उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इसे बंद किया जाए।

▸▸ सफाई कर्मचारियों ने मेयर को सौंपा पत्र

मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र पार्क में सफाई कर्मी एकत्र हुए। यहां उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के तहत संविदा पर सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए। उन्हें उसी मानक के अनुसार वेतन दिया जाए। इस दिशा में कदम उठाया जाए। इस दौरान प्रदीप कुमार, देवेन्द्र कुमार, अमित, तीर्थ कुमार, पवन कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

जे. पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.) होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

एक नजर

खेलकूद, शारीरिक शिक्षा के नॉट क्लियर्ड छात्रों के फार्म पांच से भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा और पर्यावरण विज्ञान के नॉट क्लियरड छात्रों के परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक विश्वविद्यालय परीक्षा 2023 या पूर्व वर्षों में स्नातक स्तर पर खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा और पर्यावरण विज्ञान में नॉट क्लियरड छात्रों के लिए विशेष परीक्षा और एकल विषय (केवल तृतीय वर्ष) के परीक्षा फार्म 5 से 15 फरवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को भरे हुए फार्म कॉलेज में 17 फरवरी तक जमा करने होंगे।

अंग्रेजी साहित्य की बैक परीक्षा 35 केंद्रों पर तीन फरवरी को होगी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 4 जनवरी को एक साथ दो प्रश्नपत्रों की वजह से रद की गई बीए प्रथम सेमेस्टर अंग्रेजी साहित्य पुराने पाठ्यक्रम की परीक्षा की तिथि 3 फरवरी निर्धारित की है। परीक्षा दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक 35 केंद्रों पर होगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने केंद्राध्यक्षों को पत्र लिखा है कि 4 जनवरी को बीए प्रथम सेमेटर अंग्रेजी साहित्य-पुराना पाठ्यक्रम बैक पेपर प्रथम प्रश्नपत्र के साथ इतिहास विषय का भी प्रश्नपत्र था। इसकी वजह से छात्रों की इतिहास की परीक्षा कराई गई थी। अब अंग्रेजी की परीक्षा 3 फरवरी को होगी। केंद्राध्यक्ष निर्धारित समय में छात्रों की परीक्षा संपन्न कराएं।

बरेली कॉलेज के स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक की नियुक्ति को निरस्त किया

प्राचार्य की शिकायत पर तीन सदस्यीय समिति से जांच कराकर कुलपति ने जारी किया आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: बरेली कॉलेज में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक की नियुक्त को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विधिसम्मत न मानते हुए निरस्त कर दिया है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय की शिकायत पर कुलपति ने तीन सदस्यी जांच समिति बनाई थी। बयानों में देरी की वजह से जांच करीब आठ महीने तक चली। समिति की रिपोर्ट के बाद कुलपति ने मंगलवार को आदेश जारी किया। वहीं प्रबंध समिति ने निर्णय के विरुद्ध कोर्ट जाने की बात कही है।

प्राचार्य ने 24 मई 2023 को कुलपति से शिकायत कर बरेली कालेज में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए 21 मई को प्रबंध समिति की असाधारण बैठक में पूर्व प्राचार्य प्रो. अनुराग मोहन को स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों का निदेशक नियुक्त करने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। प्राचार्य ने नियुक्त को शासनादेश के विरुद्ध बताया था। इसके बाद कुलपति ने 26 अगस्त 2023 को तीन सदस्यी जांच समिति गठित की। समिति ने पक्षकारों को अपना पक्ष रखने के लिए 6 सितंबर 2023 को पत्र जारी किया लेकिन उपाध्यक्ष प्रबंध समिति काजी अलीमुद्दीन ने स्वास्थ्य कारणों से और सचिव देवमूर्ति ने अति आवश्यक कार्य में व्यस्त होने के कारण आने में असमर्थता जताई। दोबारा 9 सितंबर को सचिव और उपाध्यक्ष को बुलाया लेकिन उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद दोनों ने समिति को लिखित बयान प्रस्तुत किया।

▶▶ आठ महीने तक खिंची जांच, प्रबंध समिति के सचिव बोले कि नियुक्त सही, कोर्ट में करेंगे अपील

पांच बिंदुओं पर समिति ने की जांच

समिति ने 25 नवंबर को रिपोर्ट सौंपी, जिसमें निदेशक की नियुक्ति को पूर्णतया अवैधानिक एवं नियम विरुद्ध पाया। जांच ने पांच बिंदुओं पर जांच की, जिसमें प्राचार्य ने दावा किया गया कि विश्वविद्यालय के अधिनियम या परिनियमावली या शासनादेशों में निदेशक पद का कोई प्राविधान नहीं है। जांच में प्रबंध समिति ने पूर्व में तीन समन्वयकों और इंचार्ज को नामित किये जाने की परंपरा का उल्लेख किया है और बताया कि निदेशक को वित्त पोषित या स्ववित्तपोषित आय से किसी भी प्रकार का वेतन, भत्ता और पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्राचार्य को प्रबंधन के निर्णयों पर आपत्ति करने का अधिकार नहीं है। बैठक में प्राचार्य थे लेकिन आपत्ति नहीं की। प्राचार्य का कहना है कि उन्होंने बैठक में आपत्ति की लेकिन उसे दर्ज नहीं किया गया।

प्राचार्य के अलावा निदेशक पद का नहीं कोई उल्लेख

प्राचार्य के अलावा निदेशक का पद उच्च शिक्षा अधिनियम 1980 में कोई उल्लेख नहीं है। अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में प्राचार्य का एकल पद होता है। प्राचार्य के अधिकारों और दायित्यों का बंटबारा किसी अन्य के साथ नहीं किया जा सकता है। प्राचार्य के हस्ताक्षर के बिना वेतन भत्तों का भुगतान विधि सम्मत नहीं है और शासनादेशों के अंतर्गत यह अधिकार निदेशक को नहीं दिया जा सकता है। प्रबंध समिति ने बताया कि पहले डॉ. शिशिर कुमार शर्मा, डॉ. एके सिन्हा और डॉ. डीके गुप्ता को समन्वयक और इंचार्ज नामित किया गया। इस पर प्राचार्य ने कहा कि पूर्व में की गई अनियमितताओं को दृष्टांत नहीं बना सकते। जांच समिति की रिपोर्ट, पक्षों के बयान, शासनादेशों, उच्च शिक्षा निदेशक के आदेशों और विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम के आधार पर कुलपति ने प्रबंध समिति के आदेश को विधिसम्मत नहीं माना और इसे निरस्त किया।

"शैक्षणिक संस्था को बचाने के लिए शिकायत की थी। बरेली कॉलेज को कुछ लोग बर्बाद करना चाहते हैं। विधि के अनुसार कुलपति ने निर्णय लिया है।- **प्रो. ओपी राय,** प्राचार्य

"कॉलेज में पहले भी तीन बार समन्वयक और प्रभारी नियुक्त किए गए। प्रो. अनुराग मोहन की भी नियुक्ति सही की गई। कुलपति के आदेश के विरुद्ध कोर्ट का रुख करेंगे।- **देवमूर्ति,** सचिव प्रबंध समिति

"प्रबंध समिति ने नियुक्ति की है। आदेश को देखा जाएगा। प्रबंध समिति के आदेश के बाद ही पद से हटेंगे।- **प्रो. अनुराग मोहन,** निदेशक स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम

वेतन बिल पर हस्ताक्षर करने का भी लगा आरोप

आरोप लगा कि कि अप्रैल और मई 2023 के स्ववित्तपोषित शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारी के वेतन आहरण बिल पर प्राचार्य के हस्ताक्षर नहीं थे, बल्कि निदेशक डॉ. अनुराग मोहन के हस्ताक्षर करवायें गए। इसके अलावा छात्र निधियों के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक बरेली कालेज शाखा के खाता से धनराशि को गलत तरीके से निकाला गया। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 2022-23 के वेतन आहरण बिल पर भी निदेशक के हस्ताक्षर हैं, प्राचार्य के नहीं। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को जारी वेतन निर्धारण पत्र भी निदेशक के हस्ताक्षर से प्रेषित किया गया है।

नार्थ ईस्ट जोन वेट लिफ्टिंग में मानसी को मिला रजत

बरेली, अमृत विचार : नार्थ ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालयी वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के महिला वर्ग में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की छात्रा मानसी चामुंडा ने 49 किलोभार वर्ग में रजत पदक जीता। चंडीगढ़ में 26 जनवरी से प्रतियोगिता चल रही है। मानसी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध आसिम सिद्दीकी मेमोरियल डिग्री कालेज बदायूं की छात्रा हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, क्रीड़ा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव, सचिव, क्रीड़ा परिसर डॉ. नीरज कुमार ने मानसी को बधाई दी।

12 से 18 वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए साई ने घोषित की ट्रायल की तिथि

बरेली। भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्र में 12 से 18 वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए पांच और छह फरवरी को ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि यह ट्रायल एथलेक्टिस आवासीय स्कीम बालक के लिए छह, डीबीएस स्कीम में बालिकाओं के लिए तीन, हॉकी आवासीय स्कीम बालक के लिए चार, डीबीएस में बालक के लिए पांच, सेपकटाकरा में बालक के लिए तीन रिक्त स्थानों के लिए होंगे।

दो बार मिड टर्म में उपस्थित न होने पर तीसरा मौका नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ प्राचार्य ने बैठक के बाद लिया निर्णय, पड़ सकता है जुर्माना

▶▶ अगले सत्र से प्रॉस्पेक्ट्स में भी छापी जाएंगी मिड टर्म की शर्तें

अमृत विचार: बरेली कॉलेज में मिड टर्म में दो बार उपस्थित न होने पर छात्र को परीक्षा का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके लिए छात्र जिम्मेदार होगा। यदि छात्र को मौका भी दिया गया तो उससे जुर्माना लिया जाएगा। यह निर्णय प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने मंगलवार को बैठक में लिया। अगली प्रवेश प्रक्रिया से पहले कॉलेज प्रॉस्पेक्ट्स में मिड टर्म, वोकेशनल परीक्षा की सभी शर्तें और नियमावली छापी जाएंगी।

प्राचार्य ने सभी विभाग प्रभारियों, चीफ प्राक्टर, डीएसडब्ल्यू, स्थापना प्रभारी, मीडिया प्रभारी, प्रवेश नियंत्रक और मिड टर्म प्रभारी के साथ बैठक की। बैठक में स्नातक पंचम सेमेस्टर में अनिवार्य पेपर इंडस्ट्री प्रशिक्षण, सर्वे और प्रोजेक्ट की परीक्षा का डीएसडब्ल्यू और परीक्षा नियंत्रक बीनम सक्सेना ने खाका पेश किया। जिसमें बताया गया कि सभी विभाग प्रभारियों और शिक्षकों का परीक्षा में रहना और समय पर मूल्यांकन अनिवार्य होगा। अतिरिक्त शिक्षक भी लगाए जा सकते हैं। मिड टर्म परीक्षा में सिर्फ दो बार छात्रों को मौका दिया जाएगा।

इसके बाद भी गैरहाजिर रहने वाले विद्यार्थियों की जिम्मेदारी खुद होगी। जरूरत पड़ने पर जुर्माना लगाकर मौका दिया जाएगा। मिड टर्म परीक्षा की

व्यवस्था के लिए धनराशि के लिए सचिव प्रबंध समिति से निवेदन किया जाएगा। परीक्षा की सूचना 10 दिन पहले सभी माध्यमों से दी जाएगी। बैठक में प्राचार्य ने स्नातक सम सेमेस्टर और विषम सेमेस्टर की कक्षाएं भी संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा बोर्ड ऑफ स्टडीज के संज्ञान के बगैर नए-नए प्रश्नपत्र को सीधे परीक्षा में शामिल करने पर कई शिक्षकों ने नाराजगी जताई। कॉलेज के करीब तेरह सौ कला स्नातक और एक हजार विज्ञान स्नातकों की इस कंपल्सरी परीक्षा के लिए विषय चयन के बारे में सभी विभागों को जानकारी दे दी गई है। बैठक में प्रो. एनबी सिंह, प्रो. पंपा गौतम, प्रो. सदरे आलम, प्रो. नूरुल हक, प्रो. वीपी सिंह, प्रो. स्वदेश सिंह मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

अर्बन हेल्थ सेंटर में कुष्ठ जागरूकता गोष्ठी

बरेली, अमृत विचार : रोहिलखंड मेडिकल कालेज के अर्बन हेल्थ सेंटर रामपुर गार्डन में मंगलवार को कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी हुई। इस मौके पर कम्युनिटी मेडिसन के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह ने कुष्ठ रोग के लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी। डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. हसन जैदी, डॉ. सलोनी, डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. अनिकेत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

कुष्ठ रोग से संबंधित भ्रांतियों की दी जानकारी

बरेली, अमृत विचार : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में मंगलवार को स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। इस मौके पर चिकित्सकों ने समाज में कुष्ठ रोग को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. दिग्विजय सिंह ने विभिन्न जानकारी साझा की। चिकित्सा अधीक्षक डा. लेखराज वर्मा ने अस्पताल में उपलब्ध उपचारों के बारे में जानकारी दी। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह ने रोग की रोकथाम के उपाय बताए। चर्म रोग विभाग के डॉ. अश्विन चारनिया और डॉ. आकांक्षा सिंह ने कुष्ठ रोग संबंधी जानकारी एमबीबीएस व अन्य विद्यार्थियों को दी। संचालन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान ने किया।

स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

बरेली। कुष्ठ दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने एसबी इंटर कॉलेज से की। सीएमओ ने कुष्ठ रोगियों के प्रति भेदभाव न करने की शपथ दिलाई। सहायक अध्यापक मनोज सक्सेना समेत सीएचसी-पीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

हरिनाम संकीर्तन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर

बरेली, अमृत विचार : जनकपुरी स्थित श्री हरमिलाप शिव शक्ति मंदिर में मंगलवार को हरिनाम संकीर्तन का आयोजन हुआ। श्री हरिनाम महामंत्र, हनुमान चालीस कर भक्तों ने प्रभु का गुणगान किया। भजन गायक जगदीश भाटिया की भावपूर्ण प्रस्तुति राम नाम जाप से वातावरण राममय हो गया। कई अन्य भक्तों ने भी भजन प्रस्तुत किए। राम सेठी, परमजीत जग्गी, हरीश सूरी, सुरेंद्र गंभीर, मुकेश आदि मौजूद रहे।

कथा में कृष्ण- रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया

बरेली, अमृत विचार : नवादा शेखान में श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग का श्रवण किया। विभिन्न झांकियों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। कथाव्यास पं. प्रेम शंकर शर्मा ने बताया कि रुक्मणी ने देवर्षि नारद से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय कर लिया। रुक्मणी ने श्रीकृष्ण के पास परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे। यहां शिशुपाल, जरासंध, दंतवक्त्र, विदुरथ आदि राजाओं को युद्ध में परास्त कर रुक्मणी का हरण कर लाए। द्वारिकापुरी पहुंच कर श्रीकृष्ण ने विधिविधान के साथ रुक्मणी से विवाह किया। कथा में पार्षद पूनम राठौर, चंद्रपाल राठौर, राजेश पटेल, छंगामल मौर्य, अजय रत्नाकर, हरिओम कश्यप, राम बहादुर मौर्या, मनीष गुप्ता, कुंवर सेन राठौर, बबलू राठौर व अन्य उपस्थित रहे।

अंशकालिक अनुदेशकों के अनुबंध का नवीनीकरण ऑनलाइन होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ एक जून को अनुदेशकों की जारी होगी सूची

▶▶ अधिकतम पांच स्कूलों का भर सकते हैं विकल्प

अमृत विचार : उच्च प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों के अनुबंध का नवीनीकरण ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होगा। जिले में कुल 487 अनुदेशक हैं। तीन चरणों में यह प्रक्रिया संपन्न होनी है। पहले चरण की औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार को बीएसए कार्यालय की ओर से दूसरे चरण की समय सारणी जारी कर दी गई।

जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेश गंगवार ने बताया कि ऑनलाइन अनुबंध नवीनीकरण के लिए तैयार रूपरेखा के अनुसार छह फरवरी तक 100 से अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में ब्लॉक, विषय और विद्यालयवार अंशकालिक अनुदेशकों की रिक्तियों का ऑनलाइन प्रदर्शन होगा। शाम छह बजे तक अनुदेशकों को अधिकतम पांच विद्यालयों का विकल्प भरना होगा। सात से नौ फरवरी के बीच खंड शिक्षा अधिकारी ऑनलाइन आवेदन का सत्यापित कर अग्रसारित करेंगे। आठ से 12 फरवरी को शाम 6 बजे तक बीएसए अग्रसारित आवेदनों का सत्यापन करेंगे।

एक जून को अंशकालिक अनुदेशकों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बताया कि एनआईसी की ओर से विकसित आधिकारिक पोर्टल पर अनुदेशकों को आवेदन करना जरूरी है।

सीबीएसईः 14 फरवरी से पहले पूरी हो जाएंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

बरेली, अमृत विचार : सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 13 मार्च तक होंगी। इससे पहले 10 और 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षा चल रही हैं। बोर्ड ने 14 फरवरी तक परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय से पहले ही परीक्षाएं हो जाएंगी। जिले में 10 वीं के 84 सौ और 12वीं के 68 सौ छात्र परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। 22 केंद्रों पर परीक्षा होगी। सीबीएसई के बोर्ड परीक्षार्थी प्रवेश पत्र संबंधित नोटिफिकेशन का इंतजार कर रहे हैं। सीबीएसई के समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह तक बोर्ड परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र जारी हो जाएगा। बताया कि जिले के कई स्कूलों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं अब अंतिम चरण में चल रहीं हैं।

प्राइजमनी टूर्नामेंट का विजेता बना न्यूट्रीवर्ल्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब की ओर से आयोजित शकुंतला देवी मेमोरियल प्राइजमनी टी-20 क्रिकेट लीग के फाइनल में न्यूट्रीवर्ल्ड चैंपियन ने पूर्व विजेता आईके कलेक्शन को आठ विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

टॉस जीतकर न्यूट्रीवर्ल्ड ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईके कलेक्शन ने कप्तान आकाश के 40 रनों की बदौलत 139 रन बनाए। जबकि न्यूट्रीवर्ल्ड की ओर से कप्तान प्रशांत गंगवार ने तीन, निशु पटेल और हर्ष ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूट्रीवर्ल्ड के दिलप्रीत सिंह और निशु पटेल ने 58 व 49 रन की पारी खेलते हुए 19 ओवर में टीम को जीत दिला दी। ब्रोसिड अकादमी के कप्तान चेतन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा नेता अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट और डॉ. सौरभ अग्रवाल ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी दी। इस मौके पर पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, डॉ. मनोज कांडपाल, प्रिंसिपल आरएस रावत, अजय शुक्ला, जेएस पाटनी, अतुल कपूर, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. विमल भारद्वाज, धर्मेंद्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, महेश पंडित, पार्षद संजय राय, कपिल कांत, डॉ. एमएल मौर्य, अजीत सक्सेना, संजय सक्सेना, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी जितेंद्र यादव, क्लब अध्यक्ष सुनील सक्सेना, सचिव प्रशांत रायजादा, पंकज सिन्हा, पवन सक्सेना, राखी गंगवार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

ट्रॉफी जीतने के बाद जश्न मनाती न्यूट्रीवर्ल्ड की टीम। ● अमृत विचार

▶▶ आईके कलेक्शन को आठ विकेट से हराया

बरेली कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाने का मांगपत्र भेजा

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग एक बार फिर से उठने लगी है। केंद्रीय कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार को पत्र भेजा।

पत्र में जितेंद्र मिश्रा ने लिखा कि ऐतिहासिक कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाएं। उनका संगठन लंबे समय से धरने प्रदर्शन भी कर चुका है। अब दोबारा 5 फरवरी से प्राचार्य कार्यालय पर सांकेतिक अनशन किया जाएगा। 15 फरवरी से जन संपर्क करेंगे। कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाने की मांग कर्मचारी लंबे समय से कर रहे हैं। अब मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालय बनने की वजह से फिर से मांग शुरू हो गई है।

कलयुग में प्रभु का नाम जपने से प्राप्त होती है मन की शुद्धता

आनंद आश्रम में कथा सुनते भक्त। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: आनंद आश्रम में आयोजित भक्त माल कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथाव्यास गौरदास महाराज ने कहा कि कलयुग में प्रभु का नाम जप और कीर्तन बेहद सरल है, केवल भक्त को भगवान में ध्यान लगाने की आवश्यकता है। कलयुग में शस्त्रों में भगवान ने नाम आश्रय में दो बड़ी छूट दी हैं, पहली किसी भी विधि से नाम जप और कीर्तन किया जाए तो मन में शुद्धता बनी रहती है। वहीं दूसरा जप करने से सत्कर्म का फल मिलता है। इस दौरान संगीतमय भजनों की धुन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते रहे। अंकित अग्रवाल, नरसिंह मोदी, अनिल गुप्ता, पंकज मौजूद रहे।

कथा सुनाते गौरदाज महाराज।

पढ़ाई पूरी होने से पहले परास्नातक परीक्षा का विरोध

बरेली, अमृत विचारः रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होगी। छात्र नेताओं ने पढ़ाई पूरी होने से पहले परीक्षा कराने का विरोध जताया है।

छात्रों का कहना है कि अभी बरेली कॉलेज में तृतीय सेमेस्टर के प्रवेश ही हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति के तहत सेमेस्टर की पढ़ाई 90 दिन की कक्षाएं पूरी होने के बाद परीक्षा कराई जाए। जबकि चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे का कहना है कि एक सेमेस्टर की परीक्षा खत्म होने के बाद आगे की कक्षाएं शुरू हो जाती हैं। जो छात्र प्रवेश से रह जाते हैं, उन्हें प्रवेश दिया जाता है। विरोध करने वालों में छात्रनेता रवि पंडित, सर्वराज सिंह और अन्य शामिल हैं। इससे पहले स्नातक परीक्षा का भी जमकर विरोध हुआ था, हालांकि परीक्षा टली नहीं थीं।

कॉस्मेटिक और ब्यूटी इंडस्ट्री पर तीखा कटाक्ष है मांस

▶▶ विंडरमेयर थिएटर एंड लिट्रेचर फेस्टिवल में ज्योति डोगरा के एकल नाटक का मंचन

बरेली, अमृत विचार : विंडरमेयर थिएटर एंड लिट्रेचर फेस्टिवल में मंगलवार को ज्योति डोगरा के एकल नाटक मांस ने कॉस्मेटिक और ब्यूटी इंडस्ट्री पर तीखा कटाक्ष किया। ज्योति ने नाटक के माध्यम से दिखाया कि किस तरह हम अपने शरीर को लेकर असहज हो गए हैं। बाजार ने सुंदरता और फिटनेस के जो अव्यावहारिक मानक तय किए हैं, उनको हासिल करने में हम खुद को, अपने शरीर को और अपने व्यक्तित्व को ही बदलते जा रहे हैं। यह बदलाव इस हद तक हो रहा है कि हम खुद को, अपने शरीर को और अपने व्यक्तित्व को खो देते हैं।

इससे पहले आवास विकास स्थित विंडरमेयर रेसीडेंसी में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से आए डॉ. अमितेश कुमार ने नाटक कैसे देखें विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने देखने से पहले पढ़ने पर जोर दिया। उन्होंने कलाकारों और थिएटर प्रशंसकों के सवालों के जवाब भी दिए। शो के बाद दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बृजेश्वर सिंह ने ज्योति डोगरा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

बुधवार को फेस्टिवल में शायर आशु मिश्रा अपनी गजलें पढ़ेंगे। गायिका युसरा नकवी भी कुछ गजलें सुनाएंगी। डी फॉर ड्रामा के नाटक पुराने चावल का मंचन होगा, जिसमें अभिनेता कुमुद मिश्रा और शुभ्रज्योति बराट की जोड़ी नजर आएगी।

नाटक का मंचन करतीं ज्योति।

परीक्षित संवाद और भक्त ध्रुव की कथा सुनाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सिंधु नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में संगीतयम श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथाव्यास व्योम त्रिपाठी ने शुकदेव और परीक्षित संवाद के साथ भक्त ध्रुव का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि विष्णु पुराण के अनुसार चिरकाल में बालक ध्रुव ब्रह्माजी के पुत्र मनु के पोते थे। ध्रुव ने छह महीने तक कठिन तपस्या की, तब श्रीहरि विष्णु ने प्रकट होकर उनकी इच्छा पर उन्हें अपने गोद में बिठाया था। श्रीहरि ने उन्हें मरणोपरांत ध्रुव तारा बनने का वरदान भी दिया था। प्रकाश एलानी, घनश्याम गुरुनानी, धर्मेश मूरजानी, राजा मूरजानी, लेखराज मोटवानी, दीप परवानी, सौरभ मोटवानी, हेमंत दास, केवल राम, हरीश परिचानी, हरीश खान चंदानी आदि उपस्थित रहे।

कथा सुनाते व्योम त्रिपाठी।

झूलेलाल मंदिर में कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना हाजा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 69/23 धारा 363/ 366 / 368 आई.पी.सी. से सम्बन्धित अपरहित नाजरीन पुत्री श्री शहादत अली उमग्र 27 निवासी वार्ड नं. 1 मोहनपुर कैंट बरेली उत्तर प्रदेश दिनांक 22.02.2023 दोपहर 12 बजे अपने घर से लापता है। अभी तक वापस नहीं लौटी है। जिसके परिजनों द्वारा सम्भावित स्थानों पर काफी तलाश की गयी है परन्तु कुछ पता न चलने के कारण दिनांक 05.03.2023 को थाना कैन्ट में सूचना दी गयी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारम्भ की गयी है। हुलिया:- रंग- गोरा लम्बाई- 5 फिट 3 इंच कपड़े- सूट सलवार पहनी है।

उपरोक्त गुमशुदा महिला के सम्बन्ध में किसी सज्जन को सूचना मिले तो निम्नलिखित मो. नं. पर सूचित करने का कष्ट करें।

जांच अधिकारी थाना- कैंट जनपद बरेली मो. 8791403962

प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट जनपद बरेली मो. 9454403085

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बै-औलाद
शुक्राणुओ की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोड़ों का दर्द

GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

रिश्तेदार ने दोस्त के साथ की थी रामबाबू की हत्या

शराब पिलाने के बाद मफलर से कस दिया था गला, रामबाबू के छोटे भाई से रिश्ता टूटने से था नाराज

संवाददाता, बरेली/फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी में चिटौली गांव के रामबाबू की हत्या उसी के रिश्तेदार महेन्द्रपाल ने अपने दोस्त सत्यपाल के साथ मिलकर की थी। उसने रामबाबू को पहले शराब पिलाई और फिर झगड़े के बाद उसकी मफलर से गला कसकर हत्या कर दी थी।

महेंद्र के रिश्तेदार हेतराम की बेटी सुमन की शादी रामबाबू के छोटे भाई से हुई थी लेकिन रिश्ता टूट गया था। उसके बाद 150 गज जमीन नाम करने का विवाद चल रहा था। पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 26 जनवरी की सुबह चिटौली-फतेहगंज पश्चिमी रोड किनारे रामबाबू की लाश मिली थी। परिजनों ने मनकरी गांव के महेंद्रपाल और सत्यपाल के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि महेंद्र पाल ने रामबाबू के छोटे भाई हरिशंकर की शादी आठ साल पहले थाना शाही के बगरऊ निवासी अपने रिश्तेदार हेतराम मौर्य की बेटी सुमन से करवाई थी। हरिशंकर शराब

▸▸ पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

> दे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया गया है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।
> –मुकेश चन्द मिश्रा, एसपी देहात

पीता था, जिस कारण सुमन अपने मायके में रहती थी। इसके बाद पंचायत हुई तो तय हुआ कि लड़का पक्ष लड़की पक्ष को दो लाख 30 हजार रुपये देगा लेकिन रामबाबू रिश्ता टूटने पर ससुरालियों से सुमन के नाम कराए गए 150 गज के प्लॉट की वापसी का दबाव बना रहा था, जबकि लड़की के मायके वाले प्लॉट की कीमत मांग रहे थे।

इसी की वजह से दोनों पक्षों में फोन पर कई बार विवाद हुआ। पुलिस ने बताया कि 25 जनवरी की रात महेंद्रपाल ने अपने दोस्त सत्यपाल और रामबाबू के साथ रहपुरा अंडरपास से आगे एक साथ शराब पी। इसके बाद रामबाबू शराब के नशे में गाली-गलौज कर मारपीट करने पर उतारू हो गया। गुस्से में दोनों ने रामबाबू को उसी के मफलर से गला घोंटकर मार डाला।

ताबड़तोड़ हत्याओं से दहला बरेली, छह दिन में 10 हत्याएं

बरेली, अमृत विचार : जिले में छह दिन में 10 लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने चार हत्याओं का खुलासा भी कर दिया है लेकिन एक हत्या में युवती की पहचान ही नहीं हो सकी है। वहीं फरीदपुर में जलकर हुई पांच मौतों को पुलिस हादसा बता रही है, हालांकि हत्या की एफआईआर दर्ज हुई है। जिले में फतेहगंज पश्चिमी के चिटौली निवासी रामबाबू की हत्या 25 जनवरी को गला घोटकर कर दी गई थी। दूसरे दिन 26 जनवरी की रात को डोहरा गौटिया में रहने वाले नेत्रपाल और उसकी मां की लालपुर के पास स्थित त्रिदेव नर्सरी पर राशिद ने हथौड़े से प्रहार करके हत्या कर दी थी। इज्जतनगर पुलिस ने राशिद को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मीना और उनके बेटे नेत्रपाल की हत्या बेटी के प्रेमी राशिद ने शादी से इन्कार करने पर की थी।

28 जनवरी की रात को बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव नवदिया जफ्ती में स्कूल के रसोइया महिपाल यादव की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। महिपाल यादव की हत्या आरोपी ने अपनी मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद की थी। 30 जनवरी को सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधौली चौराहा पर एक युवती के हाथ पैर बंधा शव मिला।

नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से डेढ़ लाख रुपये ठगे

बरेली, अमृत विचार : नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से डेढ़ लाख रुपए ठग लिए। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कार्रवाई को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है।

भुता के गांव लहिया निवासी देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सेटेलाइट बस स्टैंड पर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने रोडवेज में संविदा पर कंडक्टर की नौकरी लगवाने का झांसा दिया। उसके झांसे में आकर 26 दिसंबर 2020 को पिता की जमीन बेचकर डेढ़ लाख रुपये दिए। आरोपी ने नौकरी लगवाई, न रुपये वापस किए। थाने में समझौता हुआ था कि 25 जनवरी को आरोपी रुपये वापस कर देगा। 25 जनवरी निकल गई। रुपये वापस मांगने पर आरोपी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इससे उसे जान को खतरा है।

साली के फोटो एडिट करके किए वायरल, टूटा रिश्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ विरोध करने पर तेजाब लेकर घर में घुस आया, धमकाया

▸▸ घर से सामान भी चुराने का आरोप, तीन पर रिपोर्ट

अमृत विचार : एक व्यक्ति ने साली के फोटो एडिट कर अश्लील बना वायरल करने के साथ लड़के वालों के यहां भेज दिए। इससे साली का रिश्ता टूट गया। विरोध करने पर आरोपी दो साथियों के साथ तेजाब लेकर घर में घुस आया और मां-बेटी को जलाकर मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसने बड़ी बेटी का विवाह हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक के साथ किया था। दामाद की नजर शुरू से ही छोटी बेटी के प्रति खराब थी। वह आए दिन छेड़खानी करता था। 2022 में कासगंज में छोटी बेटी का रिश्ता तय किया था। आरोप है कि दामाद ने छोटी बेटी के फोटो एडिट कर अश्लील बना दिए और लड़के वालों के यहां भेज दिए। जिससे रिश्ता टूट गया। तब पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। उस वक्त आरोपी ने माफी मांग ली, तब यह सोचकर छोड़ दिया कि बड़ी बेटी का घर न टूटे।

अब दोबारा आरोपी ने फेसबुक पर दो फर्जी आईडी बना ली हैं और छोटी बेटी के फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर पोस्ट कर रहा है। विरोध करने पर दामाद ने जान से मारने की धमकी दी है। कुछ दिन पहले दामाद घर का ताला तोड़कर कीमती सामान चुरा लिया। 28 जनवरी को शाम छह बजे दामाद दो साथियों के साथ घर में घुस आया। उसके हाथ में तेजाब भरी बोतल थी। इस दौरान उसने तेजाब से जलाकर मारने की धमकी दी। किसी तरह पीड़िता और उसकी बेटी ने जान बचाई। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने आरोपी दामाद और उसके दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चेयरमैन ने गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति के दिए निर्देश

बरेली, अमृत विचार : पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बकाया वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली चोरी रोकने और फरवरी में अनुरक्षण माह मनाने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में लोगों को बिजली की समस्या न हो।

▸▸ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन ने अफसरों से बिजली चोरी रोकने को कहा

चेयरमैन ने कहा कि अभियान में मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियंता 10 उपकेंद्रों का निरीक्षण करेंगे, जहां अधिक ब्रेकडाउन होते हैं। उपभोक्ताओं को सही बिल दिए जाएं। इसमें किसी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में मुख्य अभियंता रणविजय सिंह, अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया, अंबा प्रसाद, अधिशासी अभियंता अमित आनंद, सत्येन्द्र चौहान, अनुज गुप्ता, गौरव शुक्ला शामिल हुए।

पांच वर्ष में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर रियल एस्टेट कंपनी ने 12 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ दर्जनों निवेशकों की रकम लेकर कंपनी के अफसर फरार

▸▸ कार्यालयों में पड़े ताले, कोर्ट के आदेश नौ पर रिपोर्ट

अमृत विचार : पांच वर्ष में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर एक कंपनी ने एजेंट के माध्यम से लोगों के पैसे जमा कराए। एजेंट ने परिवार, रिश्तेदार और गांव के गांव के कई लोगों के करीब 12 लाख रुपये कंपनी में जमा करा दिए। जब रुपये की वापसी का समय आया तो अफसर कंपनी के कार्यालयों में ताले डालकर फरार हो गए। एजेंट ने कोर्ट के आदेश पर कंपनी के अध्यक्ष, दो बोर्ड डायरेक्टर समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मीरगंज के गांव मनकरा निवासी ब्रजेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2013 में जिला रामपुर निवासी उसके मौसा भूपराम और मौसेरे भाई वीरपाल भूमि श्रृंगार रियल एस्टेट ग्रामीण विकास निधि लिमिटेड के हेड ऑफिस सुरेश शर्मा नगर और भूमि श्रृंगार रियल एस्टेट इंडिया लिमिटेड के अमरनाथ धाम कॉलोनी स्थित कार्यालय पर ले गए। वहां भूपराम, वीरपाल, कंपनी के डायरेक्टर संतकुमार, संतोष कुमार मौर्या, दयाशंकर मौर्या, मनोज मौर्या, शिवचरन मौर्या ने बताया कि उनकी कंपनी धन जमा कराकर पांच वर्ष में दोगुनी रकम देती है। उन्हें बताया कि कंपनी के नाम से जमीन खरीदने और बेचने का भी काम होता है। उन्हें अच्छी कमीशन और एजेंट बनने का ऑफर दिया।

ब्रजेश के मुताबिक कंपनी के लोगों पर भरोसा कर उन्होंने काम शुरू कर दिया। परिवार, रिश्तेदारों और गांवों के करीब 30 लोगों के 12 लाख से अधिक रुपये कंपनी में निवेश करा दिए। समय पूरा होने पर जब उन्होंने रुपये मांगे तो आरोपी कंपनी बंद कर फरार हो गए। घर जाने पर जब रुपये मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। मामले में कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कंपनी के दो बोर्ड डायरेक्टर, अध्यक्ष संतराम, प्रबंध निदेशक संतोष कुमार निवासी सनेकपुर थाना हाफिजगंज, प्रबंधक दयाशंकर, मनोज मौर्या निवासी चकमहमूद थाना बारादरी, शिव चरन मौर्या, भूपराम, वीरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कंपनी के नाम से खोला था फर्जी बैंक

ब्रजेश कुमार के अनुसार आरोपियों ने भूमि श्रृंगार ग्रामीण विकास निधि के नाम से फर्जी बैंक भी खोला। इसमें सैकड़ों लोगों का रुपया जमा कराया। जब करोड़ों रुपये जमा हो गए तो आरोपी बैंक बंद कर चंपत हो गए। जब वह कंपनी के कार्यालयों पर गए तो वहां ताले लटके मिले। आरोप है कि कंपनी का पंजीकरण भी नहीं है। फिलहाल, दर्जनों लोगों की मेहनत की कमाई लेकर आरोपी फरार हैं।

इन लोगों ने जमा की थी रकम

ब्रजेश कुमार ने बताया कि उनकी बेटी पूनम, भाई पप्पू, बहनोई भगवान दास, पिता चेतराम, तहेरे भाई सुनील, बहनोई महेन्द्र, नौबतराम, हरप्रसाद, ठाकुरदास, गांव के चन्द्रपाल, प्रेमपाल, वीरेंद्र, मंगलसेन, शांति प्रसाद, लता, मुकेश, रामलली, नेहा, सकटू, महारानी, तेजपाल, पोशीराम, शिशुपाल, होरीलाल, नन्हीं, आदेश मौर्या, विमला देवी, गंगादेवी, प्रभा देवी, नंदकिशोर से कंपनी में रुपये जमा कराए थे।

ई-लॉटरी से शराब की 23 दुकानों का किया आवंटन

बरेली, अमृत विचार : जिले में मंगलवार को ई-लॉटरी से शराब की 23 दुकानों का आवंटन कर दिया गया। 15 दुकानों के लिए आवेदन नहीं आने की वजह से इंतजार करने के बाद दोबारा ई-लॉटरी निकाली जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 38 दुकानों का नवीनीकरण नहीं कराया गया था। इन दुकानों के व्यवस्थापन के लिए ई-लॉटरी के पोर्टल पर आवेदन मांगे थे। देशी शराब की 19 में 12, अंग्रेजी शराब की 10 में 4, बियर की 5 में 5, मॉडल शॉप की 3 में 1, भांग की एक दुकान के लिए आवेदन आया।

▸▸ 38 में से 15 दुकानों के लिए नहीं आया एक भी आवेदन दोबारा निकलेगी लॉटरी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उप आबकारी आयुक्त एसके सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, जिला आबकारी अधिकारी विजय प्रताप सिंह समेत पुलिस और आबकारी के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में ई-लॉटरी से 23 दुकानों का आवंटन कर दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि शेष 15 दुकानों के लिए आवेदन आने के बाद तारीख निर्धारित कर दुकानें आवंटित कर दी जाएंगी।

उर्स : तहसीन मियां के कुल में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: उर्स-ए-तहसीनी के आखिरी दिन मंगलवार को कुल के दौरान खानकाह पर अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह कुरानख्वानी के बाद जलसा शुरू हुआ जिसमें खटीमा से आए मौलाना इरफानुल हक कादरी और कारी अब्दुर्रहमान ने तकरीर की। अमान रजा खां, नईम रजा तहसीनी, इश्तियाक तहसीनी, महताब सिब्तैनी, महशर बरेलवी आदि ने नात व मनकबत का नजराना पेश किया।

आखिर में सज्जादानशीन मौलाना हस्सान रजा खां ने दुआ की। उन्होंने कहा कि जो लोग बच्चों और औरतों के हक की बात करते हैं उन्हें फिलिस्तीन में 10 हजार से ज्यादा बच्चों की शहादत, औरतों पर जुल्म नजर नहीं आ रहा। सूफी रिजवान रजा खां ने भी तकरीर की। दरगाह तहसीनी के प्रबंधक इंजीनियर सुहैब रजा खां, कारी तस्लीम रजा, मौलाना उमर रजा, मौलाना हसीब रजा, मौलाना नजीब, हसन रजा, तनईम रजा, सुफियान रजा, अब्दुल्लाह रजा, मुअज्जम रजा, सैयद नूरी मियां मौजूद रहे। इस दौरान सज्जादानशीन हस्सान रजा ने बड़े बेटे सफवान रजा खां को अपना नायब घोषित किया। दरगाह के प्रवक्ता सगीर उद्दीन नूरी ने बताया कि इस मौके पर नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आफताब अहमद ने पांच गरीबों की आंखों का ऑपरेशन मुफ्त कराने का ऐलान किया है।

▸▸ सज्जादानशीन हस्सान रजा ने बड़े बेटे सफवान रजा खां को नायब घोषित किया

कुल की रस्म के दौरान मौजूद अकीदतमंद।

सार-संक्षेप

इमाम अली की विलादत पर सजी महफिल

बरेली, अमृत विचार : इमाम अली की विलादत के मौके पर अली कॉलोनी लीची बाग में इमामबाड़ा इमाम–ए–असर में फैजान साबरी की और से महफिल–ए–अजा आयोजित की गई। सरपरस्ती हाजी इबादत हुसैन नकवी व निजामत मौलाना अहमद अब्बास ने की। अंजुमन परचम ए हुसैन के मीडिया प्रभारी सैयद शुजा नकवी ने बताया कि इब्ने सेंथली, नासिर बदायूंनी, बाकर बरेलवी, रिफत बिजनौरी, सज्जाद अमरोही, आगाज अली, गुलाम रसूल दरोगी, नईम हैदर सिरसीवी, इकतेदार सिरसीवी, जैद सिरसीवी, जरगाम हैदर, तौसीफ हैदर ने कलाम पेश किये।

सात ओवरलोड ट्रक सीज, 13 के काटे चालान

बरेली, अमृत विचार : सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ ने मंगलवार को सीबीगंज और इज्जतनगर क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोड सात ट्रक सीज किए। 13 ट्रक के चालान काटे। बिना हेलमेट, गलत दिशा में वाहन चलाने और और बाइक पर तीन लोगों को बैठाने वालों पर भी कार्रवाई की। एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कर्दम ने सीबीगंज, इज्जतनगर और बड़ा बाईपास पर चेकिंग की। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

संभावित रेल हादसा टालने वाले ट्रैक मेंटेनर सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने संभावित रेल हादसा टालने वाले ट्रैक मेंटेनर विपिन कुमार को मंगलवार को दो हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इज्जतनगर मंडल के कासगंज–मथुरा छावनी रेलखंड स्थित सिकन्द्रराव–रति का नगला रेलवे स्टेशनों के बीच 26 दिसम्बर को विपिन बीट पर कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक रेल वेल्ड क्रैक हो गया है। लिहाजा, उन्होंने रेलपथ पर पटाखे लगाकर संरक्षा सुनिश्चित की और तत्काल सीनियर सेक्शन इंजीनियर/रेलपथ/हाथरस सिटी एवं स्टेशन मास्टर को सूचित किया। इसके बाद सुचारू रूप से रेल यातायात कराया जा सका। इससे संभावित हादसा टल गया।

पशुओं में बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण शुरू

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के जैविक उत्पाद विभाग में पशु चिकित्सा जैविकों का उत्पादन व मानकीकरण विषय पर मंगलवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक, कैडराड डा. केपी सिंह ने कहा कि पशुओं में बीमारियों की रोकथाम व बचाव के लिए यह प्रशिक्षण उपयोगी साबित होगा। संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डा. रूपसी तिवारी, संयुक्त निदेशक शोध डा. एसके सिंह, डा. रविकान्त अग्रवाल, डा. बबलू कुमार, डा.केके रजक, डा. वी. उपमन्यु, डा. अजय कुमार यादव, डा. सी जाना, डा. प्रणव धर मौजूद रहे। प्रशिक्षण में छह उत्तर पूर्वी राज्यों के 15 प्रशिक्षार्थी भाग ले रहे हैं।

कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी की हार्ट अटैक से मौत

बरेली, अमृत विचार : थाना कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी हरीश कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। ग्राम गाजीपुर थाना इंचौली मेरठ निवासी हरीश कुमार की नौ माह पहले कोतवाली में पोस्टिंग हुई थी। 28 जनवरी को अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। परिजनों ने उन्हें शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। 29 जनवरी की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

जर्जर पुलों से सता रहा हादसे का डर पूरे प्रदेश में सेफ्टी ऑडिट की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दशकों पुराने पुल की हालत क्या है, क्या वहां से सुरक्षित सफर हो रहा है या हादसे का डर है, इसके लिए बरेली समेत पूरे प्रदेश में पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट होगा। इस संबंध में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने सभी जिलों के अभियंताओं को पुराने पुलों का ऑडिट कराने के साथ जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, पुराने पुलों की देखभाल न होने, भार क्षमता से अधिक यातायात और अत्यधिक समयावधि के कारण हादसे हो रहे हैं। जिसमें जान माल के नुकसान के साथ आवागमन बाधित होता है।

▸▸ पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने विभाग को दिए निर्देश

▸▸ अगर हादसा हुआ तो सीधे तौर पर अफसर होंगे जिम्मेदार

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने विभाग को प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जो पुल दशकों पहले बनाए गए हैं, उनमें भार क्षमता के आधार पर आवागमन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी कि जर्जर पुलों की वजह से किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर सीधे तौर पर अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसई अभिनेश कुमार ने बताया कि पुलों का सेफ्टी ऑडिट कराने के लिए अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया गया है। बताते हैं कि जिले में छोटे-बड़े करीब 220 पुल हैं। इनमें करीब 50 फीसदी ऐसे होंगे, जो कई दशक पुराने हैं।

गांव चलो अभियान की गतिविधियां तेज

भाजपा के गांव चलो अभियान की कार्यशाला में बोलते जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह।

बरेली,अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में स्थिति मजबूत करने के लिए चार फरवरी से शुरू होने वाले भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं।

▸▸ जिला प्रभारी देवेंद्र बोले, एक हजार से अधिक कार्यकर्ता घर-घर करेंगे संपर्क

मंगलवार को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सभागार में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि संगठनात्मक जिला बरेली में एक हजार से अधिक ग्राम संयोजक और ग्राम प्रवासी कार्यकर्ता बनाए जाएंगे। प्रवासी कार्यकर्ताओं को 24 घंटा गांव में रह कर घर-घर संपर्क कर सरकार की योजनाएं बतानी होंगी। एक हजार से अधिक आबादी वाले गांव में दो कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में बुनियादी बदलाव से आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला बनकर भारत उभरा है। विकास के मॉडल को जन-जन तक ले जाकर 2024 में पुन: जन समर्थन जुटाना है। जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि अभियान के लिए एक संयोजक, दो सह संयोजक बनाए गए हैं। इसके लिए मंडल स्तर पर कार्यशाला 1 व 2 फरवरी को होगी। संचालन अभियान के जिला संयोजक डॉ. निर्भय गुर्जर ने किया। विधायक डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत पटेल, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर, पूरन लाल लोधी, दीपक सोनकर, सोमपाल शर्मा, मेघनाथ सिंह कठेरिया व अन्य मौजूद रहे।

नॉथ कॉरिडोर: डेलापीर तिराहे से हटेगा तारों का जाल, अंडरग्राउंड केबल डालने का निर्देश

कमिश्नर ने किया सड़कों का निरीक्षण, त्रिवटीनाथ मंदिर पर भी हटाए जाएंगे तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक में नॉथ कॉरीडोर प्रोजेक्ट पर चर्चा की गई। इसके बाद कमिश्नर ने अफसरों के साथ नाथ कॉरिडोर के तहत आने वाले मार्गों का निरीक्षण किया। डेलापीर तिराहे पर तारों का मकड़जाल देखकर उन्होंने अंडरग्राउंड केबल डालने के आदेश मुख्य अभियंता को दिए। यही स्थिति उन्हें त्रिवटीनाथ मंदिर के मुख्य द्वार पर मिली। लटकते तार देखकर जल्द ठीक करने को कहा।

मार्गों के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीएम रविंद्र कुमार व अन्य।

कार्ययोजना के अनुसार त्रिवटीनाथ मंदिर से आईवीआरआई जाने वाले मार्ग के दोनों ओर चौड़ीकरण किया जाएगा। कमिश्नर ने इस मार्ग को गड्ढामुक्त करने के आदेश लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को दिए। त्रिवटीनाथ से एयरफोर्स स्टेशन गेट नंबर दो और नैनीताल मार्ग की सफाई पर भी जोर दिया। डेलापीर तिराहे से एयरपोर्ट को जाने वाले मार्ग के सौन्दर्यीकरण ,साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के आदेश अपर नगर आयुक्त को दिए। कमिश्नर ने कहा कि डेलापीर तिराहे से मंडी गेट के आस-पास

▸▸ सड़कों को गड्ढा मुक्त करने, सौंदर्यीकरण और बेहतर साफ-सफाई के दिए आदेश

के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने व सौन्दर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण के लिए 5 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने 10 फरवरी तक निर्माण कार्य पूरा करने को कहा। डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, उपाध्यक्ष बीडीए जोगिन्दर सिंह, एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट रेनू सिंह, सचिव विकास प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता संजय कुमार तिवारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतिभा अलंकरण समारोह में पुरस्कृत छात्र व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सीए आशीष विद्यार्थी ने वैदिक गणित की अखिल भारतीय प्रतियोगता, राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम गौरवान्वित करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में दिव्यांश पटेल, ज्ञान श्रीवास्तव, दक्ष गंगवार, नितेश नेगी, शिवांश सोलंकी, क्षितिज सक्सेना, चंद्रशेखर मिश्रा, अमित शर्मा, वीरेंद्र मिश्र, बालेंदु शर्मा आदि शामिल हैं। प्रधानाचार्य डा. रविशरण सिंह चौहान, सुभाष चंद्र, अजय कुमार दीक्षित व अन्य उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

बरेली, अमृत विचार : सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी ने राम धुन बजाकर ब्लॉक स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा तक निकाली। यहां पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीदी दिवस के रूप में मनाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा देश की दिशा और दशा भाजपा सरकार ने बिगाड़ दी है। उपाध्यक्ष जुनैद हसन, मास्टर छोटे लाल गंगवार, उपाध्यक्ष जुनैद हसन, दिनेश दद्दा, सुरेश वाल्मीकि, उल्फत कठेरिया, कोषाध्यक्ष कमरुदीन सैफी, पाकीजा खान, अनुज राठौड़, नवाबगंज नगर अध्यक्ष अरशद अली, ब्लाक अध्यक्ष रऊफ खान आदि मौजूद रहे।

महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर किया नमन

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा स्थल परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इसमें महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में महात्मा गांधी का अहम योगदान रहा है। पूर्व पार्षद महेश पंडित, महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी, महासचिव सुरेंद्र सोनकर, पार्षद महशर खान, अनिल देव शर्मा, डॉ सरवत हुसैन हाशमी, महासचिव फिरोज खान, महासचिव हाजी सुलतान, बब्बू भाई, पप्पू सागर, अफसार खान, मुजम्मिल हुसैन, मोनू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

एचआईवी रोगियों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में मंगलवार को एआरटी केंद्र में एचआईवी रोगियों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, मंडलीय अपर निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डा. अलका शर्मा, जिला महिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. त्रिभुवन सिंह ने की। इस दौरान विकलांग पेंशन, बीपीएल कार्ड, पीएम आवास, आयुष्मान समेत कई योजनाओं के तहत पात्रों से आवेदन लिए गए। अफसरों के अनुसार पात्रों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया था।

रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ- 226008 (उ.प्र.) से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

निविदा की शर्ते निम्न हैं

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रु. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

इस बार पिछले चुनाव से अधिक वोटिंग कराना लक्ष्य : सुरेश राणा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भाजपा के बरेली मंडल के क्लस्टर प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने मंगलवार को लालफाटक के समीप आंवला लोकसभा क्षेत्र के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचकर केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताईं। इस बार हमारा लक्ष्य पिछले चुनाव में मिले वोटों से अधिक मत दिलवाना है।

सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि पहले विपक्ष कहता था कि भाजपा वाले झूठ बोलते हैं। राम मंदिर बनवाएंगे, लेकिन लेकिन तारीख नहीं बताएंगे पर आज लोग रामलला के दर्शन कर रहे हैं। कहा कि लालफाटक और आंवला के शिवपुरी में ओवरब्रिज बनाकर आंवला व मीरगंज के लोगों के लिए दिल्ली आने-जाने का सफर आसान किया गया है।

सांसद के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप, लोकसभा संयोजक राणा प्रताप सिंह, आंवला जिला प्रभारी दोदराम

आंवला और बरेली लोकसभा क्षेत्र कार्यालयों का सुरेश राणा ने किया उद्घाटन।

▸▸ क्लस्टर प्रभारी ने बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

कुशवाहा, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

वहीं, मंडल के क्लस्टर प्रभारी सुरेश राणा ने बरेली लोकसभा क्षेत्र के कार्यालय का उद्घाटन नेहरू पार्क कॉलोनी प्रेम नगर में किया। यहां उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं। सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी को निभाएं।

मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. डीसी वर्मा, पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, राकेश गुप्ता, गुलशन आनंद, प्रशांत पटेल,पूरन लाल लोधी, बंटी ठाकुर, अंकित महेश्वरी, विष्णु शर्मा, सोमपाल शर्मा, चंचल गंगवार, रेखा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

जंक्शन पर 1450 राम भक्तों को उपलब्ध कराया नाश्ता

बरेली, अमृत विचार : जंक्शन पर आस्था स्पेशल ट्रेनों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। इन ट्रेनों के माध्यम से श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे हैं। मंगलवार को 04815 आस्था स्पेशल ट्रेन सुबह 5:28 बजे जंक्शन पहुंची। आईआरसीटीसी ने ट्रेन में सवार 1450 यात्रियों को नाश्ते में सब्जी पूड़ी दी। पांच मिनट ठहराव के बाद ट्रेन रवाना हो गई। जंक्शन से ट्रेन में कोई बोर्डिंग नहीं थी। इन ट्रेनों में अयोध्या के लिए कोच की बुकिंग आईआरसीटीसी से की जा रही है। सोमवार को जंक्शन से 457 यात्री स्पेशल ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुए थे। अब तक तीन आस्था स्पेशल ट्रेनें जंक्शन से गुजारी जा चुकी हैं।

कारसेवकों का किया सम्मान, जन्मभूमि आंदोलन के समय की साझा कीं स्मृतियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्री विवेकानन्द शिक्षा सेवा प्रसार समिति ने मंगलवार को डीडीपुरम स्थित अर्बन कोआपरेटिव बैंक के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर कारसेवकों को सम्मानित किया। इस दौरान कारसेवकों ने अयोध्या में आंदोलन के समय की स्मृतियों को साझा किया। बताया कि उन्हें किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

मुख्य अतिथि भाजपा के बरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि कार सेवकों के योगदान से ही अयोध्या में श्री रामलला की भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। यह कारसेवकों के संघर्ष का ही प्रतिफल है। विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र कुमार अटल रहे।

विवेकानंद शिक्षा सेवा प्रसार समिति के कार्यक्रम में सम्मानित कार सेवक।

अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजक शिव मंगल सिंह राठौर ने की। विहिप नेता एड. पूरनलाल प्रजापति समेत 100 कार सेवकों को भगवा रंग के अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न, रामनामी पटका और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में नंद किशोर गुप्ता, डॉ. रामबाबू प्रजापति, सतीश चंद्र शर्मा, आदित्य कुमार, कालीचरन प्रजापति, शिव कुमार, नवीन कक्कड़, जीत यादव, प्रदीप,आशीष विद्यार्थी, दिनेश चंद्र आदि कारसेवक शामिल हैं।

पूरन लाल प्रजापति और दिनेश चंद्र अवस्थी ने सन 1984 से शुरू हुए श्रीराम जन्म भूमि मुक्ति यज्ञ समिति के तत्वाधान में श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन की पूरी रूप रेखा, कारसेवकों के योगदान, विभिन्न कठिनाइयों आदि के बारे में बताया। विधायक डॉ. एमपी आर्या, एड. अनिल कुमार सक्सेना, अजय सक्सेना, उमेश चन्द्र, डॉ. रामबाबू प्रजापति, पूरनलाल आदि मौजूद रहे।

जानकारी के अभाव में कन्या सुमंगला योजना का नहीं मिल पा रहा लाभ

बरेली, अमृत विचार : जानकारी के अभाव में कई छात्राओं को पात्र होने के बावजूद भी कन्या सुमंगला योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा कई के अभिभावकों के दस्तावेज नहीं बन पा रहे हैं। साहू गोपीनाथ गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य गुड्डी पाल ने बताया अब तक कक्षा नौ में 20 में से छह और कक्षा छह में 25 में से तीन छात्राओं के अभिभावक जरूरी कागजात जैसे आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाए, जिसकी वजह से उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। वहीं इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में भी सिर्फ 15 छात्राओं ने ही इस वर्ष इस योजना के लिए आवेदन किया है। बिहारीपुर ढाल स्थित कस्तूरबा गांधी स्कूल की प्रधानाचार्या मीना त्यागी ने बताया कई छात्राएं एक से अधिक भाई होने की वजह से अपात्र रह गईं। इस योजना का लाभ बेटी जन्म होने पर,एक वर्ष पूरा होने पर, कक्षा एक, छह और नौ में प्रवेश पर और 10 और 12 वीं उत्तीर्ण करने पर मिलता है। इस योजना में लगने वाला शपथ पत्र अब फार्म के साथ ही लगाया जाएगा ,नोटरी वाला शपथ पत्र नहीं लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिए में इस वर्ष लगभग 28 हजार आवेदनों में से 23 हजार आवेदकों को लाभ मिला है। योजना के लिए माता-पिता दोनों का आधार और बैंक खाता जिसमें प्राथमिकता मां को दी जाती है ,सलाना आय तीन लाख से कम, माता-पिता की अधिकतम संतानें दो होनी चाहिए जिसमें से एक या दोनों बेटियां हो सकती हैं।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल

पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली। मो. 8077808309

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर बाल रोग विभाग

दिनांक : 29, 30 व 31 जनवरी 2024 | समय प्रातः 09 बजे से सांय 04 बजे तक

यदि आपका बच्चा निम्न बीमारियों/लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 9 में सम्पर्क करें।

(C.P.) CEREBRAL PALSY (मानसिक पक्षाघात)

- बच्चे को दौरे या (मिर्गी) आना
- सुनने में कठिनाई
- दृष्टि और असमान्य नेत्र गति
- चलने में असमर्थता
- बौद्धिक विकलांगता

(DMD) (वंशानुगत मांसपेशी विकार)

- पैरों और कूल्हों की मांसपेशियाँ कमजोर होना
- पंजों पर चलना या ठीक से नहीं चल पाना
- चलते हुए बार-बार गिर जाना
- सीढ़ी न चढ़ पाना
- बैठकर उठने में परेशानी होना।

AUTISM (ऑटिज़्म)

- बच्चे को अपनी बात कहने या बताने में परेशानी होना।
- बच्चे का अन्य बच्चों से मित्रता नहीं करना या अकेले रहना।
- किसी भी व्यवहार या काम को नियमित रूप से करना या बार-बार करना।
- आंखों के संपर्क से बचना या आंख ना मिलाना।
- चेहरे पर किसी हाव-भाव का ना होना

ADHD (ध्यानाभाव या अतिसक्रियता विकार)

- ध्यान लगाने में दिक्कत होना
- किसी भी कार्य को पूरा करने में कठिनाई होना
- बच्चे का अत्यधिक सक्रिय होना
- बच्चे में अधिक उतावलापन रहना

Dr. Priyanka Tripathi
M.D. (Ayu. Paediatric), NIA, Jaipur

नोट : निम्न बीमारियों की चिकित्सा पंचकर्म/आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा की जाती है।



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण **स्मृतियाँ शेष**

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मकान की रजिस्ट्री का पूर्व बैनामा जो दिनांक 30.05.92 को बुक नं. 1 खंड नं. 285 पृष्ठ नं. 144-148 क्रमांक 3536 कार्यालय सदर, बरेली पर रजिस्ट्रीकृत है जो कि वास्तव मे कहीं खो गया है। **वीरेन्द्र शर्मा पुत्र बनबारी लाल, नि. साहूकारा, इस्लामनगर, बदायूं। मो. 9457424346**

CHANGE OF NAME

Be informed that before my marriage my name was Dilshad Siddiqui. Now after marriage is Dilshad Mekrani. Both the above names belong to the same person. In future, I should be known and recognized Dilshad Mekrani. **Dilshad Mekrani D/o Wasim Ahmed Siddiqui, W/o Shri Asif Mekrani, Resident- Plot No. 287, Samrat Nagar, Shikargarh, Jodhpur, Rajasthan**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1998 अनुक्रमांक 0542344 तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2000 अनुक्रमांक 0265231 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **रमनप्रीत सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह मोहल्ला लकड़ी मण्डी चमकनी तह. सदर थाना सदर, शाहजहांपुर मो. 9838502910, 9628774400**

सूचना

मेरा नाम पासपोर्ट में JULFKAR ALI व माता का नाम ABTAHI BEGAM गलत दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में JULFEKAR ALI व माता का नाम APTAHI दर्ज है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **JULFEKAR ALI पुत्र HAFIJ ALI निवासी शेखनपुरवा, कुम्हेना जिला खीरी।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

पंचायत घर में आते हैं सिर्फ फोटो खींचने

ब्लॉक मुख्यालय में बैठकर काम निपटा रहे पंचायत सचिव, ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाददाता, बिशारतगंज

अमृत विचार : ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ देने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत घर बनाए गए, लेकिन ब्लॉक मझगवां की ग्राम पंचायत शाहबाजपुर और उसके अंतर्गत आने वाले मजरा हरे की गोटिया निवासी लोग काफी परेशान है क्योंकि पंचायत सचिव पंचायत घर में नहीं बैठते, यहां तक कि पंचायत सहायक भी नहीं बैठते इस वजह से अधिकांश समय ताला लटका रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत घर केवल कर्मचारियों के लिए एक सेल्फी प्वाइंट के तौर पर ही इस्तेमाल किया जाता है।

सफाई कर्मी भी कभी-कभार झाड़ू हाथ में लेकर फोटो खींचने को ही यहां आते हैं, यहां लगी हैंडपंप भी खराब पड़ा है। ग्रामीण गोकुल राम, नेत्रपाल, लालता प्रसाद, महेंद्र पाल, अशर्फी लाल, केपी सिंह, अनवर, रिंकल, कमरुद्दीन, नेमपाल, सुंदरलाल, हेमराज, मुकेश कुमार आदि ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन लोगों ने कई बार प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी से शिकायत की है, किंतु अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। इस विषय में पूछे जाने पर डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सभी पंचायत घर नियमानुसार खुल रहे हैं।

पंचायत सचिवालय के दरवाजे पर लटक रहा ताला। ● अमृत विचार

ग्रामीण बोले-नहीं मिल रही कोई सुविधा

पंचायत घर में सभी सुविधाएं हैं पंचायत सहायक को बार-बार कहने के बाद भी वह पंचायत घर में नहीं बैठते हैं बहाने बाजी कर देते हैं। इस वजह से ग्रामीणों को समस्या हो रही है। -शंकर लाल, प्रधान शाहबाजपुर

गांव में सड़के टूटी हैं, हैंडपंप खराब पड़े हैं, गंदगी के अंबार लगे हैं नाली कीचड़ से बजबजा रही है कई बार सचिव से शिकायत की तो वह सिर्फ आश्वासन ही देते हैं। - सुरेश कुमार, निवासी हरे की गौटिया

अपनी और गांव की समस्या किससे बयां करें कुछ दिन पूर्व कृषि विभाग के अधिकारी आए थे तब पंचायत घर खुला था उसके बाद नहीं खुला है। -नाथू सिंह, ग्रामीण शाहबाजपुर

गांव में गंदगी ज्यादा है जिससे संक्रामक रोग पनपते हैं, पेयजल की सुविधा नहीं है। समस्याओं के बारे में जब प्रधान से कहते हैं तो वह कहते हमको वोट नहीं दिया। - कोमिल राम, निवासी हरे की गोटिया

पंचायत घर में फर्नीचर नहीं था लाइट भी नहीं थी एवं उनको कुछ विभागीय कार्य दिए जाते हैं जिस कारण वह पंचायत घर में बैठने में असमर्थ है। - राजकुमार सिंह, पंचायत सहायक

ग्राम पंचायत शाहबाजपुर में बने पंचायत घर में शनिवार को बैठने का दिन है मीटिंग के दिन ब्लॉक मुख्यालय पर बाकी समय फील्ड में रहते हैं पंचायत सहायक को विभागीय कार्यों के अलावा सुबह 10 से शाम 5:00 तक पंचायत घर में बैठने का नियम है।

अजय कुमार, ग्राम विकास अधिकारी शाहबाजपुर ब्लॉक मझगवां

क्षेत्र के सभी पंचायत घर नियमानुसार खुल रहे हैं, हमें कोई शिकायत नहीं मिली। - डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार

नाली जाम होने से सड़क पर भर रहा पानी।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग में जली वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

भमोरा, अमृत विचार : शॉर्ट सर्किट से लगी आग से रविवार शाम को रजाई ओढ़कर लेटी वृद्धा गंभीर रूप से झुलस गई। जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

ग्राम देवचरा निवासी किशन गुप्ता ने बताया मेरी पत्नी मंजू गुप्ता के भाई राकेश गुप्ता निवासी ग्राम मुरैने जिला शाहजहांपुर की 20 वर्ष पूर्व गांव में ही लड़ाई हो गई थी तब से वह अपनी मां ओमवती (80) और दो बेटों के साथ किराए के मकान में देवचरा रहते थे। कुछ वर्ष पूर्व राकेश पत्नी के साथ कासगंज जाकर कपड़े का काम करने लगे। देवचरा में दोनों बेटे दुकान पर नौकरी करते हैं और अपनी दादी ओमवती के साथ रहते थे। रविवार शाम को वह रजाई ओढ़कर लेटी हुई थी अचानक हुए शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से रजाई में आग लग गई, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता/ नवाबगंज

अमृत विचार : नवाबगंज क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस को लिखित में अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

हरदुआ के शिव कुमार होमगार्ड जवान हैं। जो डायल 112 पर चालक हैं। उन्होंने बेटी शीतल उर्फ सोनी (23) का विवाह सात माह पूर्व हाफिजगंज के गांव बढ़ेपुरा के पवन से की था। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी शुक्रवार को बेटे के साथ मायके आई थी। इस दौरान ससुराल वालों ने यह कहकर भेजा था कि इसे जल्द वापस भेज देना। रविवार को ससुराल से फोन आने के बाद वह स्वयं ससुराल चली

एक दिन पूर्व मायके से ससुराल गई थी विवाहिता

गई। ससुराल में रविवार दोपहर में कुछ बात हुई पर उसकी जानकारी उसने उसे नहीं दी। सोमवार को सुबह उसके परिवार को जानकारी मिली कि उनकी बेटी की हालत खराब है। जब वे लोग पहुंचे तो ससुराल वाले उसकी बेटी को लेकर घर पर ही बैठे थे। उनके पहुंचने के बाद उसे नवाबगंज के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार को देर शाम पुलिस की मौजूदगी में अन्तिम संस्कार कर दिया गया। एसएचओ श्रवण कुमार ने बताया कि अभी मृतका के मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

विधायक ने अंत्येष्टि स्थल का किया भूमिपूजन

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : मीरगंज के ग्राम पंचायत कपूरपुर में करीब 25 लाख की लागत से अंत्येष्टि स्थल का भूमि पूजन मंगलवार को विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार ने किया।

विधायक ने कहा कि मोदी और योगी की सरकार जनता को समर्पित है। हर व्यक्ति को पक्का मकान, हर घर को शौचालय, हर किसान के खेत को पानी देने की व्यवस्था सरकार कर रही है। क्षेत्र के लोगों के अंतिम संस्कार के लिए अंत्येष्टि स्थल का भूमि पूजन हुआ है। ग्राम पंचायत कपूरपुर में शवों के दाह संस्कार के लिए करीब 25 लाख से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाएगा। विधायक ने बताया अंत्येष्टि स्थल के

अंत्येष्टि स्थल के निर्माण के लिए भूमिपूजन करते विधायक डॉ. डीसी वर्मा।

25 लाख रुपये खर्च करके बनवाया जाएगा अंत्येष्टि स्थल

निर्माण से लोगों को बारिश और तेज धूप आदि के चलते अंतिम संस्कार में आने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा। इसमें शवों के दाह संस्कार के लिए टीन शेड, चबूतरा, शांति स्थल, शव स्नान ग्रह, स्टोर रूम के अलावा बाथरूम व शौचालय का निर्माण किया जाएगा। पानी की व्यवस्था के लिए पानी की टंकी भी लगेगी। लोगों को बैठने के लिए बेंच भी बनाई जाएगी। इस दौरान गुड्डू वर्मा प्रधान समसपुर, रामशरण वर्मा, ज्ञान सिंह वर्मा प्रधान, कृपाल सिंह लोधी प्रधान, जितेंद्र गंगवार प्रधान, संजू वाल्मीकि, संजीव सिंह, निर्भन सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रभु दयाल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

बाइक में टक्कर के बाद दबंगों ने दंपती को सड़क पर दौड़ा कर पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली थाना क्षेत्र में चौकी के सामने दबंगों ने बाइक सवार दंपती से मारपीट की। किशोर की बाइक उनकी बाइक से टकराने के बाद विवाद हुआ था। इसके बाद किशोर की तरफ से आए दबंगों ने दोनों की पिटाई कर दी।

बीच सड़क पर वे दंपती की पिटाई करते रहे, लेकिन लोग तमाशबीन बने रहे। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बरेली के सबसे भीड़भाड़ वाले इलाके में कोतवाली की सिविल लाइन चौकी के सामने एक बाइक पर पति-पत्नी जा रहे थे। इस दौरान एक किशोर की बाइक उनकी बाइक से टकरा

बीच सड़क पर दंपती से मारपीट करते दबंग। ● अमृत विचार

दंपती से मारपीट का वीडियो वायरल, कोतवाली प्रभारी बोले करेंगे आरोपियों पर कार्रवाई

गई। इसे लेकर विवाद हो गया। कुछ देर में किशोर की तरफ से दो दबंग आ पहुंचे। उसमें से एक दबंग ने देखते ही देखते दंपती के साथ मारपीट शुरू कर दी। दबंग ने चौकी के सामने ही बीच सड़क पर बाइक सवार पति-पत्नी को बुरी तरह से पिटाई की। कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है।

ईवीएम और वीवीपैट मशीन पर डेमो देकर किया जागरूक

भोजीपुरा, अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जनहित में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की जागरूकता के लिए एलईडी मोबाइल वैन का संचालन जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर किया जा रहा है।

इसके तहत मतदाताओं को मशीन का बटन दबाकर उसकी निष्पक्षता दिखाते हुए क्या आपने जिस निशान पर बटन दबाया वह वहां पहुंचा या नहीं उसका डेमो कराया जा रहा है ताकि कोई मतदाता कोई त्रुटि न कर सके। मंगलवार को वैन भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के कस्बा धौराटांडा पहुंची जहां मतदाताओं को डेमो कराया गया इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम कमुआ मकरूका, आटामांडा इंटर कॉलेज चौराहे पर, मिलक इमामनगर, जटुआ, मियांपुर, जनक जागीर आदि गांव में 106 लोगों को

मतदान का डेमो करते लोग।

डेमो करा जागरूक किया गया डेमो कराने वाली टीम में मास्टर ट्रेनर भारत सिंह, हल्का लेखपालमहेंद्र सिंह गंगवार, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार बबरस, गुरबीर सिंह मौजूद रहे डेमो करने वालों में प्रमुख रूप से पत्रकार मोहम्मद इरशाद रजवी, अरविंद कुमार दिवाकर, पूरनलाल राठौर, इफ्तिखार अहमद आदि उपस्थित रहे।

घर से लापता किशोरी को 29 दिन बाद पुलिस ने किया बरामद

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : घर से गायब किशोरी को पुलिस ने 29 दिन बाद बरामद कर लिया, इसके साथ ही उसके अपहरण के चार आरोपियों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। 31 दिसंबर को क्षेत्र के गांव की किशोरी घर से गायब हो गई थी। परिवारजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

परिजनों को पता चला कि उनकी बेटी को एक समुदाय का युवक भगाकर ले गया है। पुलिस ने 29वें दिन किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक जयप्रकाश इस प्रकरण

अपहरण के आरोपियों को पुलिस ने दिल्ली से पकड़ा, भेजा जेल

की विवेचना कर रहे थे उन्होंने न्यू उस्मानपुर नॉर्थ ईस्ट दिल्ली पहुंचकर स्थानीय पुलिस की सहायता से मोहल्ला ब्रम्हपुरी उस्मानपुर में आरोपी के अस्थाई ठिकानों पर दबिश दी गई तो किशोरी मिली। साथ ही अपहरण के आरोपी नाजिम, जाहुल, सोनी और मेहताब दिल्ली में नाजिम के ससुर यामीन के किराए के फ्लैट में मिले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कुंवर बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक जयप्रकाश, नितिन शर्मा, विवेक शर्मा महिला कांस्टेबल सलोनी रहीं।

सीएचसी के निकट मिला नवजात का शव

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार: नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे नवजात शिशु (कन्या) का शव मिलने से सनसनी फैला गई। सूचना पर घटना स्थल पर भीड़ जमा होने लगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने नवजात शिशु का पास के ही श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार करा दिया। हालांकि शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया।

पशु चिकित्सालय को जाने वाले रास्ते पर कूड़े के ढेर में एक नवजात का शव पड़ा था जिसे कौआ नोच रहे थे। इसकी जानकारी लगते ही उस स्थान पर लोगों की भीड़ लग गई। अस्पताल के निकट नवजात का शव मिलने

नवजात के शव का अंतिम संस्कार कराते सीएचसी अधीक्षक। ● अमृत विचार

से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम भी मौके पर पहुंचे और समाज सेवियों के साथ शव को श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया। आशंका है कि यह किसी अनचाही संतान थी, जिसे पैदा होने के बाद कूड़े के ढेर में फेंक दिया होगा।

पुलिया के नीचे मिला भ्रूण, पोस्टमार्टम को भेजा

भमोरा, अमृत विचार : भमोरा थाना क्षेत्र में नहर की पुलिया के नीचे एक भ्रूण मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव कोहनी प्रतापपुर के पास नहर की पुलिया के नीचे एक भ्रूण का शव होने की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कयास लगाया जा रहा है किसी अविवाहित मां ने गर्भपात के बाद उसे यहां फेंक दिया होगा।

एक नजर

पशुशाला की दीवार तोड़कर दो भैंस चोरी

आंवला, अमृत विचार : चोरों ने एक घर की दीवार तोड़कर दो भैंस चोरी करके ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया। रामगंगा गांव निवासी कुंज बिहारी लाल ने बताया कि उसके घर में ही एक साइड में पशुशाला है। सोमवार रात वह बच्चों के साथ घर में सो रहा था। रात में किसी समय चोरों ने पशुशाला की दीवार में नकब लगाकर दो भैंस चोरी कर ले गए जबकि भैंस के पास में ही गाय बंधी थी उन्हें छोड़ गए। सुबह जागने पर पशुशाला में रोशनी देख उसे घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ित ने दोनों भैंस की कीमत करीब 80 हजार बताई है।

स्कूल का ताला तोड़कर सामान ले गए चोर

भोजीपुरा, अमृत विचार : विद्यालयों में हो रही चोरी का पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही है, इसलिए चोर कहीं न कहीं स्कूल को निशाना बना रहे हैं। रविवार रात चोरों ने कंपोजिट विद्यालय विलवा का ताला तोड़कर तैंतीस हजार रुपये का सामान चोरी लिए। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर एलसीडी, दो गैस से भरे बड़े सिलिंडर दो बड़े भगोना चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापक जेएल भारती को प्रातः शिक्षामित्र सूरज पाल यादव ने चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना किया तो स्कूल के कमरे में शराब के खाली पौवा और बीड़ी पड़ी मिली। प्रधानाध्यापक ने बताया कि चोरों ने चोरी करते समय सीसीटीवी कैमरे का मुंह ऊपर की ओर कर दिया था। स्कूल के कमरों में अलमारी समेत ग्यारह तालों को तोड़ा गया है। पुलिस ने प्रधानाध्यापक जेएल भारती की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चोरी की बकरी समेत तीन चोर पकड़े

रिठौरा, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर के भिठौलिया से सोमवार रात अलाउद्दीन के घर से दो बकरे और एक बकरी चोरों ने चुरा लिए। सुबह होने पर परिजनों को पता चला तो उनकी खोज-बीन शुरू हुई। पीड़ित बकरियों को खोजते हुए रिठौरा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में पहुंचा, वहां व्यापारी कल्लू, अब्दुल रज्जाक ने उन बकरियों को 10 हजार रुपये में पदारथपुर के शाहिद से खरीदा था। ठेकेदार पप्पू कश्यप ने बताया बाजार में पशुओं के बेचने पर विक्रेता का आधार कार्ड लिया जाता है। उसी की निशानदेही पर शाहिद, फैजान, ताहिर तीन चोरों को पुलिस ने धर-दबोचा और उन्हें बिथरी चैनपुर पुलिस अपने साथ ले गई।

पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज

भमोरा, अमृत विचार : पुलिस महानिरीक्षक से शिकायत के बाद भमोरा पुलिस ने गाड़ी न लौटाने की रिपोर्ट लिखी। अपनी लिखाई रिपोर्ट में ग्राम राजुपुर निवासी अजय चौहान ने बताया की उसके पास एक डीसीएम थी जिसे उसने फाइनेंस कराया था। थाना क्षेत्र के गांव मजनुपुर निवासी अतिफ को बतौर ठेके पर 10 हजार रुपये महीने के साथ गाड़ी की किस्त अदा करने की बात तय हुई थी। 6 माह में उसने मात्र तीन किस्त अदा की। गाड़ी भी देने से मना कर दिया, इसके बाद उसने स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस महानिरीक्षक से शिकायत की, उनके आदेश पर स्थानीय पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी।

बैठक में शेष कार्यों को पूरा करने पर चर्चा

बरेली, अमृत विचार : भुता ब्लाक के न्याय पंचायतों की मासिक संकुल बैठक में शिक्षक अभिभावक बैठक, डीबीटी के शेष कार्य पूरा करने और स्कूलों की मासिक रिपोर्ट तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों द्वारा टीएलएम की सहायता से शिक्षण विधियों का बच्चों के सामने प्रदर्शन और स्कूल में छात्रों की 75 फीसदी से अधिक की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने की बात कही गई। बैठक में बच्चों को गणित विज्ञान किट के उपयोग के माध्यम से शिक्षित करने पर बल दिया गया। बैठक का संचालन संकुल शिक्षक अनिल कुमार गंगवार ने किया। बैठक में तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

नवीन जायसवाल को पीएचडी की उपाधि

फरीदपुर अमृत विचार : नवीन जायसवाल जो की वर्तमान में सतीश चंद्र इंटर कॉलेज पढेरा में कार्यरत है उन्होंने भूगोल विषय में जिसका शीर्षक कृषि तकनीकी का सामाजिक आर्थिक प्रभाव एक भौगोलिक विश्लेषण पर अपना शोध पूरा किया। उन्होंने शोध कार्य प्रोफेसर एनयू खान प्राचार्य जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर के निर्देशन में किया है।

सार-संक्षेप

मंत्री ने दिव्यांगों को दिए उपहार तो खिले चेहरे

आंवला, अमृत विचार : कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने दो जरूरत मंद दिव्यांगों को व्हीलचेयर और मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल भेंट की। जिससे दोनों के खुशी से चेहरे खिल उठे। नगर स्थित कार्यालय पर दोनों को बुलाकर उन्होंने व्हीलचेयर और मोटराइज्ड ट्राई साइकिल भेंट किया। उन्होंने कहा हर जरूरतमंद को सरकार की योजना का लाभ उठाना चाहिए। मोदी और योगी सरकार जनता के हितों के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। समाजसेवी डॉ. संजय सक्सेना ने बताया कि वीरपुरा गौटिया गांव की कलावती का 4 वर्ष पूर्व कूल्हा टूट गया था। इस कारण वह चलने में असमर्थ थी। उसे व्हीलचेयर भेंट की गई है। वहीं मुतलकपुर गांव की विनीता 85 प्रतिशत शारीरिक दिव्यांग होने के बावजूद भी एमएससी बीएड की शिक्षा ग्रहण की है और वह प्रतियोगिता की तैयारी कर रही है। उसके इस जुनून को देखकर मोटराइज्ड ट्राई साइकिल भेंट की गई है। इस अवसर पर प्रभाकर शर्मा, अमित सिंह, सुदेश सिंह, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे।

पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया याद

रिठौरा, अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वें पुण्य दिवस पर नगर के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय, जीएलबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, पीपन दीवान पब्लिक स्कूल, प्रभात पब्लिक स्कूल, श्रीकृष्ण चन्द्रवती हायर सेकेंडरी स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, राजेंद्र सक्सेना, दीपिका बनर्जी, सुलभ अग्रवाल, तरन्नुम, नैना अग्रवाल, कौशलेंद्र गुप्ता, एकता सक्सेना, प्रेम पाल सिंह यादव, मयंक मल्होत्रा कमलेश गंगवार सहित तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

रास्ते में जुआ खेलने से मना करने पर की मारपीट

मीरगंज, अमृत विचार : गांव में रास्ते के किनारे बैठकर जुआ खेल रहे युवकों को एक युवक ने टोका कि यहां बैठकर जुआ न खेला करो तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह उसकी पत्नी और उसका भाई घायल हो गए। गांव चुरई दलपतपुर निवासी देवेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार दोपहर 2.00 बजे उसने गांव के सलमान से कहा कि आप लोग रास्ते में जुआ खेलते हो, हमारे यहां की महिलाएं इधर से गुजरती हैं। इससे वह आक्रोशित हो उठा और गालियां देते हुए ईंट-पत्थरों से मारपीट कर दी। बचाने आई उसकी पत्नी सरस्वती और भाई बृजेश से भी मारपीट की। लोगों के जुटने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने आकर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी सलमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

फतेहगंज पश्चिमी में निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : कांग्रेस जिला सचिव डॉ. मुदित प्रताप सिंह के नेतृत्व में फतेहगंज पश्चिमी कस्बे एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई। इससे पहले विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी ब्लाक परिसर में एक सभा की गई। सभा में जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य अन्याय के खिलाफ न्याय दिलाना है। इस मौके पर पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार, जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह गंगवार, दिनेश दादा एडवोकेट, मीरगंज पूर्व चेयरमैन मोहम्मद इलियास अंसारी, आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

बच्चों के शैक्षिक विकास में योगदान दें शिक्षक

शेरगढ़, अमृत विचार : ब्लॉक के संकुल शिक्षकों की अलग-अलग स्थानों पर हुई बैठकों में निपुण लक्ष्य पर चर्चा की गई। बच्चों की बुनियादी शिक्षा की मजबूती के साथ ही विद्यालयों को निपुण बनाने पर जोर दिया गया। मंगलवार को बीआरसी केंद्र देवरनियां में आयोजित संकुल शिक्षकों की बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह ने भाषा एवं गणित की शिक्षण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों के शैक्षिक विकास में निष्ठा लग्न एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों का सतत मूल्यांकन निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में चारु सोना, धीरेंद्र सेंगर, एकता सागर, लक्ष्मी महेश्वरी आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शिक्षण योजनाओं का प्रस्तुतिकरण कर अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर एआरपी ओम सक्सेना, नीरज कुमार, योगेंद्र यादव, येजेंद्र पाल सिंह, शिव स्वरूप शर्मा, सरल कुमार त्रिवेदी, कांता प्रसाद गंगवार, संकुल शिक्षक मोहम्मद एजाज रिजवी, राजीव शर्मा, रविंद्र सिंह, उमेश कुमार, नीरू वाष्णेय, संजुल गंगवार, ममता रावत समेत अन्य मौजूद रहे।

विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर किया गया जागरूक

रिठौरा, अमृत विचार : विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर मंगलवार को रहेलखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अरुण कुमार, डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, डॉ. निकहत नाज ने मरीजों को कुष्ठ रोग के संदर्भ में विस्तार से बताया। उन्होंने आम जनमानस से आह्वान किया कुष्ठ को छिपाएं नहीं उसका इलाज सम्भव है। पूरे विश्व में 130 देशों में कुष्ठ रोगी थे। लेकिन आज मात्र 6 देशों में ही कुष्ठ रोगी बचे हैं। हम सबको जन कल्याण की भावना रखते हुए ऐसे लोगों से बचना नहीं बल्कि समय पर उपचार दिलवाना है। इस मौके पर डाक्टर आदर्श, डॉक्टर अर्जुन, डॉक्टर अतुल कुमार सिंघल, अरमान अली, अनुराधा, कासिम हुसैन, राम बहादुर, अनिल, राजीव, वेदपाल, पूजा शर्मा, दीपमाला, सीता, अनीता, नेहा, बबीता आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस नेता मुकर्रम अली खां का निधन

बहेड़ी, अमृत विचार : पूर्व पीसीसी सदस्य और गन्ना समिति के निदेशक रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुकर्रम अली खां सोमवार रात निधन हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से उनके जानने वालों का तांता उनके आवास पर लग गया। क्षेत्रीय विधायक अताउर्रहमान, सालार खां, सैय्यद शमशाद अली, विवेक गर्ग, गजेंद्र सिंह, राहुल गुप्ता, नवाब राशिद खां, महेशगर निवासी आदेश गर्ग समेत तमाम अन्य ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपराह्न तीन बजे गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्द खाक किया गया। मुकर्रम अली खां छात्र जीवन से ही कांग्रेस से जुड़ गए थे। पीसीसी सदस्य के अलावा वे गन्ना उत्पादक डिग्री कालेज, एमजीएम इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति से जुड़े रहे।

एक नजर

बाइक की टक्कर से महिला घायल, रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : बाजार से लौट रही एक महिला को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मारी थी, जिससे वह घायल हो गई, परिजन उन्हें इलाज के लिए ले गए। मंगलवार को घायल के बेटे ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कैंट के मानपुर चिकटिया निवासी अवन कुमार ने बताया कि 27 जनवरी को शाम उनकी मां रामादेवी गोपाला सिद्ध बाबा की बाजार से घर लौट रही थीं। मानपुर चिकटिया अड्डे पर वह ऑटो से उतरीं। सड़क किनारे कच्चे में खड़ी थीं। इसी बीच फरीदपुर की तरफ से आए बाइक सवार ने उनकी मां को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गईं। आरोपी बाइक सवार मौके से मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। राहगीरों ने उनकी मां रामादेवी को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

कार्ड धारकों को गेहूं में कटौती कर मिलेगा बाजरा

बदायूं। जिले में राशन कार्ड धारकों के लिए इस माह से गेहूं, चावल के साथ बाजरे का भी वितरण किया जाएगा। खाद्यान्न वितरण पांच से शुरू होगा। अंत्योदय कार्डधारकों को अभी तक 21 किलोग्राम चावल और 14 किलोग्राम गेहूं वितरित किया जाता था। फरवरी माह में 21 किलोग्राम चावल, नौ किलोग्राम गेहूं और पांच किलो बाजरा वितरित किया जाएगा। जिले में पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों की संख्या पांच लाख के आसपास है। वहीं] अंत्योदय कार्ड धारक 45 लाख से अधिक हैं। इन सभी कार्डधारकों को इस माह से गेहूं और चावल के साथ ही बाजरा भी वितरित किया जाएगा। जिसका उठान हो चुका है। लगभग सभी कोटे की दुकानों पर खाद्यान्न उपलब्ध करा दिया गया है। निर्धारित तिथि पांच फरवरी से वितरण शुरू हो सकता है। इसके लिए शासन स्तर से घोषणा होनी शेष है। शासन की ओर से तिथि घोषित होने पर ही वितरण शुरू होता है। इस बार गेहूं में कटौती करते हुए बाजरा का वितरण किया जाएगा। जिसमें अंत्योदय कार्ड धारकों को 21 किलोग्राम चावल, नौ किलोग्राम गेहूं और पांच किलो बाजरा वितरित किया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को एक यूनिट पर दो किलोग्राम गेहूं और तीन किलो चावल वितरित किया जाता था, लेकिन इस बार उन्हें एक यूनिट पर एक किलोग्राम गेहूं, एक किलोग्राम बाजरा और तीन किलोग्राम चावल का वितरण किया जाएगा।

छुट्टा पशुओं को घेरकर किसान दे रहे चारा

फसल बचाने की जद्दोजहद: बीडीओ बोले- जल्द बनवाएंगे अस्थाई गोशाला

संवाददाता, भुता

ग्रामीणों की ओर से बनाई गई निजी गोशाला में चारा खाते गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भुता के गांव सिमरा बहोर नगला में छुट्टा गोवंशीय पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, इससे किसान परेशान है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

मजबूर किसानों ने निजी गोशाला बनाई जिसमें जानवरों एकत्र करके उन्हें चारा- पानी दे रहे है ताकि उनकी फसल बच सकें। जानवर भी चारा पानी मिल जाने की वजह से किसानों की खेतों में नहीं जा रहे हैं। ग्रामीणों ने पंचायत भवन के पास खाली पड़ी जमीन पर पशुओं को चारा पानी आदि की व्यवस्था की, सूचना पर पहुंची भुता पुलिस ने कहा कि आप लोग पशुओं को इकट्ठा नहीं कर सकते, इन पशुओं को छोड़ों नहीं छोड़ने पर पशु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया जाएगा। इसके बाद डरे ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं को चारा-पानी देना छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी विजय शंकर मणि त्रिपाठी से फोन कर सारी समस्याएं बताई तो उन्होंने कहा कि सुबह आप लोग मेरे पास आये और मैं इस समस्या का समाधान करूंगा। सुबह होते ही समस्त किसान खंड विकास अधिकारी के यहां पहुंचे।

खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या सुनते ही तुरंत गांव का निरीक्षण किया पशुओं की स्थिति देखने के बाद कहा कि जल्द ही हम स्थाई गोशाला की व्यवस्था करेंगे तब तक आप लोग चारा- पानी देते रहे।

ग्रामीण हरिनाम ने बताया कि पशुओं को एकत्र करके रखने से काफी राहत मिली हैं। गांव में ही चारा- पानी मिल जाने की वजह से पशु खेतों में नहीं जा रही हैं। सभी ग्रामीण अपने स्तर पर लाकर गोवंशीय पशुओं के लिए चारा डाल जाते हैं।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनते बीडीओ।

रंगदारी के लिए फायर करने का आरोप

आंवला, अमृत विचार : एक ट्रैक्टर एजेंसी मालिक ने गांव के ही युवक पर रंगदारी मांगने और असमर्थता जताने पर उसके ऊपर फायर करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

आसपुर गांव निवासी सुदेशपाल सिंह ने बताया कि उसकी आंवला में ट्रैक्टर की एजेंसी है। दो दिन पूर्व शाम के समय वह एजेंसी से गांव जा रहा था। रास्ते में गांव के तिराहे पर गांव के एक युवक ने उन्हें रोक लिया और बीस हजार रुपये की रंगदारी मांगने लगा। असमर्थता जताने पर उसने जान से मारने की नीयत से तमंचे से उसके ऊपर फायर कर दिया। जो कि उसकी बाईं कनपटी के पास से होकर गुजर गई। शोर मचाने पर गांव के लोग आ गए। जिन्हें देखकर वह धमकी देकर फरार हो गया। एजेंसी मालिक ने बताया कि वह युवक कुछ दिन पूर्व उसके भतीजे अर्पित चौहान को भी जान से मारने की कोशिश कर चुका है। इस मामले में वह जेल जा चुका है। एजेंसी मालिक ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोर्ट ने सुनाया फैसला, 60 हजार डाला जुर्माना
- इसमें से पीड़िता को दी जाएगी आधी धनराशि

अमृत विचार : किशोरी को फुसलाकर भगाने, 17 दिन तक अलग-अलग जगह रखकर दुष्कर्म करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने 20 साल की सजा समेत 60 हजार रुपये जुर्माना डाला है। जुर्माना की धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा की ओर से कोतवाली उझानी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 13 अप्रैल 2022 को सुबह साढ़े 11 बजे सरताज पुत्र नन्हे उनकी 17 साल की बहन को फुसलाकर ले गया था। उन्होंने 19 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी 17 दिनों तक अलग-अलग जगह पर रखकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करता रहा। रुपये खत्म होने पर वह इंतजाम करने के लिए उसके बहन को लेकर सहसवान आया था। तब पुलिस ने उसे पकड़ लिया, जिसमें वह गर्भवती हो गई। कोर्ट में कस्बा उझानी के बहादुरगंज निवासी सरताज पर मुकदमा चलाया गया।

अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए कोर्ट ने सजा सुनाई है।

ट्रैक्टर में घुसी बाइक, दो की मौत

संवाददाता, म्याऊं

अमृत विचार : ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करने वाली मैजिक से थोड़ा टकराकर एक बाइक अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर में जा घुसी। बाइक चालक ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई जबकि दूसरे युवक की मौत शाम को इलाज के दौरान एक अस्पताल में हो गई। फिलहाल तीसरे घायल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने रामवरन के शव का पोस्टमार्टम कराया। इस हादसे से परिजनों में चीत्कार मच गई है।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव टकसेना निवासी रामवरन (26) पुत्र जोरावर की साली का रिश्ता तय होने था। जिसके चलते उन्होंने नए कपड़े खरीदने का प्लान बनाया। कपड़े खरीदने के लिए वह मंगलवार सुबह अपने भतीजे हृदेश पुत्र श्रीपाल और मुकेश पुत्र महेश के साथ बाइक से कस्बा म्याऊं जा रहे थे।

मृतक मुकेश।

मृतक रामवरन।

- साली के लिए रिश्ता देखने के लिए नए कपड़े खरीदने जा रहे थे रामवरन, एक घायल भर्ती

सुबह लगभग नौ बजे थाना उसावां क्षेत्र में गांव साड़ी और हरौड़ा से होकर गुजर रहे थे। म्याऊं की ओर से ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी। जिसके पीछे से एक मैजिक ओवरटेक करता हुआ आया। रामवरन की बाइक मैजिक के संपर्क में आकर अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर में जा घुसी।

ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आने से बाइक चला रहे रामवरन की मौके ही मौत हो गई जबकि हृदेश और मुकेश घायल हो गए। ट्रैक्टर और मैजिक चालक मौके से भाग गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मुकेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि शाम तक इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने रामवरन के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

सीतापुर जेल से आजम कर सकते हैं रामपुर सीट के प्रत्याशी का ऐलान

संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। हालांकि अभी तक रामपुर से किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि आजम खां सीतापुर जेल से ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर सकते हैं। इसे लेकर सपाइयों में चर्चा तेज हो गई है।

सपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने कहा कि रामपुर सीट पर फैसला आजम खां करेंगे। मंगलवार शाम लोकसभा चुनाव-2024 के लिए सपा प्रत्याशियों की एक सूची तेजी से वायरल हुई। इसमें काफी प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं। लेकिन रामपुर से अभी तक किसी भी प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया गया है। जब इस बारे में कुछ सपाइयों से जानकारी ली गई, तो उन्होने बताया कि आजम खां के हस्तक्षेप के बाद ही रामपुर में प्रत्याशी का नाम घोषित किया जाएगा। माना जा रहा है कि आजम खां के बिना प्रत्याशी के नाम की घोषणा पर कोई फैसला नहीं लिया जाएगा। अब भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उनके बिना रामपुर में टिकट का ऐलान नहीं कर सकते हैं। हालांकि आजम खां और उनका बेटा 18 अक्टूबर से दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सीतापुर और हरदोई जेल में सात साल की सजा काट रहे हैं। लेकिन अखिलेश यादव उनसे मिलने अभी तक नहीं गए हैं। जबकि कुछ नेता उनसे मिलकर आ चुके हैं। अब भी पार्टी में उनका कद बरकरार है।

एमएलए के टिकट की भी जेल से ही हुई थी घोषणा

सीतापुर जेल से आजम खां की ओर से सांसद प्रत्याशी की घोषणा करना कोई बड़ी बात नहीं है। इससे पहले भी आजम खां विधानसभा के चुनाव के दौरान सीतापुर जेल में बंद थे, जहां उन्होने खुद ही शहर विधान सभा सीट के लिए चुनाव में प्रत्याशी बन गए थे। उन्होने इस दौरान भारी मतों से जीत हासिल की थी।

- प्रत्याशी को लेकर सपाइयों में चर्चा तेज, सपा के जिलाध्यक्ष बोले-आजम खां लेंगे फैसला

> रामपुर में लोकसभा प्रत्याशी के नाम की घोषणा पूर्व मंत्री आजम खां की ओर से घोषित की जाएगी। लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां पूरी हैं और गांव-गांव लोगों तक सपा का संदेश पहुंचाया जा रहा है।
> – **वीरेंद्र गोयल**, सपा जिलाध्यक्ष

कंटेनर ने बाइक को रौंदा महिला समेत दो की मौत

मुरादाबाद, अमृत विचार: तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार महिला और उसके ननदोई को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने ट्रक को रोक लिया, लेकिन, ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। रामपुर जिले के थाना टांडा के गांव होसपुर निवासी कृष्णा पत्नी पप्पू उर्फ प्रेमपाल (38 वर्ष) अपने ननदोई विवेक उर्फ बंटी पुत्र हरीकरन (35 वर्ष) निवासी ग्राम नाखूनका थाना डिलारी जिला मुरादाबाद हाल निवासी चैती वाले मंदिर के पास काशीपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड के साथ अपने मायके ग्राम मौढ़ा तेइय्या में भात न्योतने के लिए आए थे। साथ में दूसरी बाइक से महिला के जेठ सरजीत सिंह भी आए थे। सभी लोग दोनों बाइकों से वापस अपने घर को जा रहे थे।

मोबाइल पर अश्लील फोटो भेजने से छात्रा परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : शहर में एक युवक छात्रा के मोबाइल पर अश्लील फोटो और अश्लील शब्द लिखकर भेजता है। छात्रा युवक से काफी परेशान है। वह शर्म के कारण स्कूल नहीं जा रही है। आरोपी धमकी देता है कि थाने पर शिकायत की तो जान से मार डालेगा या अपहरण करके ले जाएगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी 15 साल की बेटी गांव के एक स्कूल कक्षा नौ में पढ़ती है। बेटी के पास स्मार्ट फोन है। उसकी बेटी के फोन पर गांव का एक युवक अश्लील फोटो व अश्लील शब्द लिखकर भेजता है। इसके चलते बेटी काफी परेशान है। आरोपी जिस मोबाइल से अश्लील फोटो भेजता है, उस मोबाइल में दो सिम पड़े हैं। उसने आरोपी के खिलाफ थाने में दस दिन पूर्व तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस बराबर टरकाती रही। उसने आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो आरोपी के परिवार वालों ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

लापता किशोरी की गुमशुदगी दर्ज

शाहजहांपुर। अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव मऊ निवासी राधेश्याम ने बताया कि 27 जनवरी की दोपहर एक बजे उसकी 17 साल की बेटी चांदनी बाजार में सामान खरीदने के लिए गई थी। वह शाम तक वापस नहीं आती तो परिवार वालों को चिंता हुई। परिवार वालों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला है। परिवार वालों ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार रहती थी और बरेली से उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

15 डायग्नोस्टिक-अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीयन निरस्त किए

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- निरस्त किए गए डायग्नोस्टिक-अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच में खुलासा हुआ

अमृत विचारः डायग्नोस्टिक-अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालन में बड़ा खुलासा हुआ है। जिले में 15 ऐसे डायग्नोस्टिक-अल्ट्रासाउंड सेंटर पकड़े गए हैं जो सैकड़ों किलोमीटर दूर महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत अन्य स्थानों पर बैठे डाक्टरों के कागजातों के नाम पर संचालित थे।

इन डाक्टरों के कागजात यहां लगाकर स्थानीय स्तर पर बड़ा खेल किया जा रहा था। जांच में सबसे बड़ी बात यह सामने आई है कि इन सेंटरों पर प्रशिक्षित स्टाफ नहीं था। अप्रशिक्षित स्टाफ से कार्य कराया जा रहा था। इस तरह रकम कमाने के लिए मरीजों की सेहत से भी खिलवाड़ किया जा रहा था। जिलाधिकारी के आदेश पर 15 सेंटरों के पंजीयन निरस्त कर दिए गए हैं। जिले में नियम-कायदे दरकिनार कर अनियमित तरीके से संचालित किए जा रहे 15 डायग्नोस्टिक सेंटर और अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर बड़ी कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में भी खलबली मची है। जिले में फर्जी व अवैध तरीके से अस्पतालों के साथ ही डायग्नोस्टिक और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के बड़े पैमाने पर संचालित करने जाने की कई शिकायतों के बाद जांच कराई गई। पिछले माह स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने जांच करने के बाद जिले के 15 डायग्नोस्टिक सेंटर और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के पंजीयन को निरस्त कर दिया, जो जिले की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इनमें जिन डॉक्टरों व तकनीशियन के कागज लगाकर पंजीयन कराया गया था, उनके स्थान पर अप्रशिक्षित लोगों द्वारा जांच की जा रही थी।

40 बड़े बकायेदारों को जारी होगी आरसी

पीलीभीत, अमृत विचार : नगरपालिका का लाखों रुपये का टैक्स दबाए बैठे बकायेदारों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बकायेदारों को नोटिस जारी करने के बाद अब आरसी जारी करने की तैयारी है। नगरपालिका की ओर से करीब 40 बड़े बकायेदारों को आरसी जारी की जा रही है। जिनसे टैक्स वसूला जाएगा। नगरपालिका क्षेत्र में 26500 आवासीय मकान हैं। इसके अलावा शहर के भीतर अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट मिलाकर करीब 800 कमर्शियल संपत्ति है। पालिका प्रशासन घरों, प्रतिष्ठानों व सरकारी भवनों को पानी, सीवरेज समेत अन्य सुविधाएं प्रदान कराता है। अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले भवनों पर कर लगाकर वसूली की जाती है। टैक्स वसूलने के लिए टीम बनी हुई है, लेकिन इसके बाद भी शहर के तिहाई हिस्से से टैक्स की वसूली नहीं हो पा रही थी। कई सालों से टैक्स डूबा चल रहा।

मालगाड़ी के डिब्बे से उठी चिंगारी

संवाददाता, ओरछी

अमृत विचार : मंगलवार सुबह चंदौसी से आंवला जा रही डीजल गाड़ी के एक डिब्बे में चिंगारी उठने लगी जिससे रेलवे अधिकारियों में खलबली मच गयी। रेलवे अधिकारियों ने अगले स्टेशन पर ट्रेन को रोक लिया और चिंगारी को किसी तरह बुझा कर एक डिब्बे को अलग किया जिससे एक बड़ी रेल दुर्घटना होने से बच गयी। इस घटना के बाद करीब ढाई घंटे बाद मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया।

मंगलवार को सुबह करीब नौ बजे चंदौसी रेलवे स्टेशन की ओर से बरेली को जाने वाली एक मालगाड़ी लोको पायलट लेकर चला। चंदौसी से निकलते ही कुछ दूर आगे सिसरका रेलवे स्टेशन पड़ता है। सिसरका रेलवे स्टेशन से जैसे ही मालगाड़ी आगे को निकली तो डीजल के एक डिब्बे से चिंगारी उठती दिखी। चिंगारी उठने पर रेलवे स्टेशन मास्टर शकील अहमद ने मालगाड़ी को रोकने का प्रयास भी किया मगर मालगाड़ी नहीं रुकी तो शकील अहमद ने अगली स्टेशन आसफपुर के स्टेशन मास्टर धर्मपाल सिंह को इस घटना से अवगत कराया। जैसे ही मालगाड़ी आसफपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो पहले से तैयार खड़े रेलवे अधिकारियों ने मालगाड़ी को रोक लिया और मालगाड़ी के डिब्बे से उठ रही आग की चिंगारी को मुश्किल बुझाया। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद रेलवे अधिकारियों ने राहत की सांस ली। चिंगारी वाले डिब्बे को मालगाड़ी से अलग कर दिया गया।

आसफपुर स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी।

आंवला डिपो जा रही थी मालगाड़ी

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मालगाड़ी आंवला ऑयल डिपो जा रही थी। उसमें डीजल भरा हुआ था। यदि डिब्बे के अंदर किसी तरह आग पहुंच जाती तो बहुत बड़ा ट्रेन हादसा हो जाता। अधिकारियों ने बताया कि शायद स्पार्किंग की वजह से चिंगारी उठी थी, जो समय रहते शांत कर दी गयी। मालगाड़ी में 40 डिब्बे थे और सभी डिब्बे सुरक्षित हैं। इस घटना की सूचना आंवला एवं बरेली के अधिकारियों को दे दी गयी है। आसफपुर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग वाले डिब्बे को अलग कर दिया गया। यहां पर करीब ढाई घंटे मालगाड़ी खड़ी रही। इसकी वजह से एक पैसेंजर ट्रेन भी काफी देर से आगे बढ़ी।

सार-संक्षेप

करणी सेना ने हवन करके मनाया स्थापना दिवस

कैंट, अमृत विचार : करणी सेना ने मंगलवार को पांचवां स्थापना दिवस मनाया। करणी सेना के जिलाध्यक्ष ठाकुर कौशल सिंह ने बताया। कि उनकी अध्यक्षता में चौबारी स्थित उनके कार्यालय रघुकुल धाम में संगठन के पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ताओं ने हवन पूजन किया। इसके बाद संगठन के लोगों ने संगठन को ईमानदारी से आगे ले जाने और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान राकेश चौहान, अमित सिंह चौहान, ठाकुर संतोष सिंह, संजय भदौरिया, प्रद्युमन चौहान, विशाल चौहान, अरुण चौहान, धीरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, उपेंद्र परमार, संदेश शर्मा, अमित गुर्जर, नंदकिशोर, राज कमल चौहान आदि संगठन के लोग उपस्थित रहे।

कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करने की दिलाई शपथ

शेरगढ़, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शेरगढ़ में स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें कुष्ठ रोग निवारण अभियान को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान कुष्ठ रोग निवारण के लिए लोगों को शपथ भी दिलाई गई। मंगलवार को सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेंद्र सिंह ने कहा कि कुष्ठ रोग एक संक्रामक बीमारी है जो साथ रहते, साथ उठते- बैठने से नहीं होती। यह दैविक प्रकोप एवं अनुवांशिकी भी नहीं है, कुष्ठ रोग पूर्णतयः एमडीटी से ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि चमड़े पर लाल चकत्ता, सुन्नपन, हाथ पैरों में झनझनाहट, हाथ -पैरों में घाव, अंगुलियों का टेढ़ा होना आदि कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते हैं। इसका इलाज स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर अपने क्षेत्र के आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर उचित परामर्श लें। इस दौरान डॉ. शैबर अली, डेंटिस्ट डॉ. मयंक सागर, अश्वनी कुमार गौतम, स्टाफ नर्स राहुल गौतम, फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट अमित श्रीवास्तव, अजमी खान, धीरज कुमार तथा कासिम समेत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

विश्व हिंदू परिषद ने कराया सुंदरकांड का पाठ

आंवला, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की ओर से प्रखंड रामनगर के खंड रेवती में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने भजन कीर्तन किए। इस दौरान संजीव शर्मा, टीकाराम प्रजापति, अजय प्रजापति आशीष हिंदू, दुर्गेश सक्सेना, भूपेंद्र शर्मा, कमल कश्यप, बाबा नरसिंह दास, शक्ति सिंह, आदि रामभक्त मौजूद रहे।

प्रत्येक विद्यालय को निपुण बनाने पर चर्चा

रामनगर, अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षक संकुल बैठक हुई। जिसमें अवकाश के बाद पुनः पठन-पाठन क्रिया और बेहतर करने को लेकर निर्देशित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर जगदीश कुमार ने बताया कि अवकाश के बाद बच्चों पर सभी शिक्षकों को विशेष ध्यान देकर उनके शैक्षिक अधिगम स्तर को बढ़ाना है और प्रत्येक विद्यालय में शत प्रतिशत निपुण लक्ष्य को तय समय सीमा में पूरा करने को कहा गया है। प्रत्येक विद्यालय में 80 प्रतिशत उपस्थित अनिवार्य रूप से रखने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि स्कूल चलो अभियान रैली इत्यादि के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया जाएगा। रेवती न्याय पंचायत में संकुल प्रभारी सर्वेश कुमार और रामनगर में सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बैठक आयोजित की। इस दौरान यूटा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महामंत्री सत्यार्थ पाराशरी, पवन दिवाकर, मोहित गंगवार, हरपाल वर्मा, पुष्पेंद्र कुमार, संतोष वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

आशा संगिनियों को दिलाई कुष्ठ रोग निवारण की शपथ

देवरनियां, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिछा पर बरेली से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट डॉ. दीक्षा जोशी ने पहुंच कर सौ दिन तक चलने वाले कल्याणी योजनाओं के बारे में बताया। सोमवार को सीएचसी पर सीएचओ, एएनएम और आशा संगनियों के अभिमुखीकरण में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट डॉ. दीक्षा जोशी ने कहा कि एक फरवरी से जिले के चार ब्लाकों फतेहगंज पश्चिमी, शेरगढ़, बहेड़ी और दमखोदा मे कल्याणी कार्यक्रम चलेगा। सौ दिन तक चलने वाले इस अभियान में गर्भवती महिलाओं और किशोरियों की संगनी, आशा और एएनएम की ओर से जांच की जाएगी। इसके अलावा टीकाकरण समेत अन्य बिंदुओं पर भी बताया गया, और प्रगति जानी गई। कार्यक्रम में कुष्ठ रोग निवारण के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा शपथ भी कराई गई। इस दौरान सीएचसी इंचार्ज डॉ. शुएब खान, डॉ. एके वर्मा, महमूद, हसीब, आशा संगनी ब्लाक अध्यक्ष सुधा शर्मा आदि मौजूद रहे।

बुनियादी शिक्षा को मजबूत कर निपुण बनाने पर बल

देवरनियां, अमृत विचार : ब्लाक संसाधन केंद्र रिछा पर परिषदीय शिक्षकों की चार दिवसीय हिन्दी गणित संदर्शिका आधारित एफएलएन प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। इसमें बच्चों को बुनियादी शिक्षा देकर जल्द निपुण बनाने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में ब्लाक बीईओ प्रेमसुख गंगवार ने बताया कि संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला लखनऊ टीम की निगरानी में संचालित रहेगा, इसलिए सभी प्रशिक्षणार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति की निगरानी यह टीम करेगी। प्रशिक्षण कार्यशाला कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को बुनियादी शिक्षा हिन्दी, गणित में निपुण बनाने के लिए प्राथमिक स्तर के सभी शिक्षकों को दिया जा रहा है। इसमें एआरपी डॉ. देवकुमारी गंगवार, मोहम्मद फाहीम, बलवीर सिंह, हरीश कुमार, मोहम्मद उवैस ने बुनियादी शिक्षा के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मोहम्मद असलम, इमरान खान, अनुज गंगवार, हेमराज मोहम्मद उमैर सिद्धीकी, योगेन्द्र गंगवार उर्फ टिल्लू, सैय्यद जुनैद, हसीब अहमद, असीम अहमद, इरशाद आदि मौजूद रहे।

सिपाही को गोली मारने में इस्तेमाल रायफल भेजी लैब

पूरनपुर। रम्पुरा कोन के अशोक फॉर्म हाउस पर सिपाही शाहरुख पर जिस रायफल से गोली चलाई गई थी उसे पुलिस ने जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा है। एक्सपर्ट तय करेंगे कि गोली रायफल से चली थी या नहीं। इधर, विवेचना को पूरा करते हुए चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी है। पांच जनवरी को कोतवाली क्षेत्र के रम्पुरा कोन में घटना हुई थी। महिला को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में दबिश देने पहुंची सदर कोतवाली पुलिस पर आरोपी अभिषेक सक्सेना ने गोलियां चला दी थीं। एक गोली सिपाही शाहरुख के पेट में लगी थी।

प्रवृत्तवाक् विचित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान्।
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च य: स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति बोलने की कला में निपुण हो जिसकी वाणी लोगों को आकर्षित करे, जो किसी भी ग्रंथ की मूल बातों को शीघ्र ग्रहण करके बता सकता हो, जो तर्क–वितर्क में निपुण हो, वही ज्ञानी है।

संपादकीय

प्रतिस्पर्धी वैश्विक राजनीति

भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है और सत्ता व रसूख के लिए संघर्ष नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। चीन का एक मात्र लक्ष्य एक एशियाई ताकत के रूप में अपने रुतबे को और अधिक बढ़ाना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक अपनी पहुंच बनाना, भारत की घेराबंदी करना, संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों को सुरक्षित करना और विशेष रूप से शिनजियांग और तिब्बत जैसे अपने अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास की शुरुआत करना है। जबकि भारत वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से 'वैश्विक दक्षिण'का नेतृत्व करने और विश्व राजनीति में प्रमुख हितधारक बनने के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। पड़ोस में जटिलताओं से उसके प्रयासों में बाधा आ रही है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय व्यवस्था में रणनीतिक वर्चस्व के लिए भारत और चीन होड़ करते रहे हैं और सीमा विवादों में उलझे रहते हैं। हालांकि, अपने तमाम मतभेदों के बावजूद दोनों देशों ने अतीत में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग भी किया है। वास्तव में वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धी खेल है। ऐसे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का यह कहना महत्वपूर्ण है कि चीन भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा और भारत को ऐसी 'प्रतिस्पर्धी राजनीति' से नहीं डरना चाहिए। एक प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के नाते, चीन संसाधनों का इस्तेमाल करके चीजों को अपने तरीके से आकार देने की कोशिश करेगा।

भारत ने अतीत में वैश्विक उथल-पुथल का सामना अच्छी तरह से किया है। फिर भी दक्षिण एशिया में राजनीतिक रूप से भारत विरोधी शासनों का उदय चिंता की बात है। भारत और मालदीव के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि हर देश के पड़ोस में समस्याएं हैं। हमारा काम अनुमान लगाना, आकलन करना और प्रतिक्रिया देना है। अंत में पड़ोसियों के एक-दूसरे के साथ संबंध रहते हैं। राजनीति और कूटनीति को परिभाषित करते हुए जयशंकर ने अहम बात कही कि राजनीति में तीखे रुख अपनाए जाते हैं और कूटनीति हमेशा उन तीखे रुख से नहीं चलती। आखिरकार, पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। इन हालात में आगे बढ़ने के लिए भारत को आर्थिक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए और सकारात्मक संबंधों के लिए अपने 'सॉफ्ट पावर' का उपयोग करना चाहिए। विकसित हो रहे दक्षिण एशियाई परिदृश्य में एक स्थिरताकारी शक्ति बनने के लिए रणनीतिक संचार, क्षेत्रीय मंचों में सक्रिय भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बदल रही है भारतीय खेती

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है।

भारतीय खेती के पिछड़ेपन का मुख्य कारण भूमि सुधार संस्थागत सुधार और तकनीकी सुधारों में पिछड़ापन तो रहा ही,साथ में कभी उसको एक व्यवसाय के रूप में न देखकर मात्र आजीविका के रूप में देखने की सोच भी रही है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान कृषि का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के आर्थिक हितों की पूर्ति करना था। हालांकि स्वतंत्रता पश्चात भारत ने कई कृषि सुधारों को लागू किया है। पचास और साठ के दशक के सुधार कृषि उत्पादकता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर केंद्रित थी। हरित क्रांति का उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों,आधुनिक कृषि तकनीकों और सिंचाई सुविधाओं की शुरूआत के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाना था। यह भारत को खाद्य अल्पता की स्थिति से आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदलने में सफल रहा। सरकार ने भूमि हदबंदी कानूनों के माध्यम से भूमि के पुनर्वितरण के प्रयास किए जिसका उद्देश्य सामंती भूमि स्वामित्व प्रणाली को तोड़ना था। हालांकि उद्देश्य अच्छा था,परंतु कार्यान्वयन खराब होने के कारण विभिन्न राज्यों में इसका प्रभाव अलग-अलग रहा। 1990 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और बढ़त निजीकरण के चलते कृषि नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। निर्यात बाधाएं हटी और किसानों को नकदी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे जहां नए अवसर खुले,वहीं छोटे किसानों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा। प्रौद्योगिकी में प्रगति से कृषि में नए रास्ते आए।

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत योगदान देती है। संस्थागत सुधारों के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पिछले एक दशक में उठाए गए कदम महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 100 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई प्रदान करना है। नई नहरों एवं बांधों का निर्माण,मौजूदा नहरों और बांधों का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण,सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा भूजल पुनर्भरण किसानों का क्षमता निर्माण, इसके प्रमुख लक्ष्य हैं। मार्च 2023 तक इस योजना के अंतर्गत लगभग 30 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित की गई थी। परंपरागत कृषि विकास योजना किसानों को पारंपरिक कृषि के लिए प्रशिक्षण,इनपुट और सुनिश्चित खरीद गारंटी प्रदान करती है। स्वाभाविक रूप सुधारों से कृषि उपज में वृद्धि हुई है और उसके मार्केटिंग की समस्या भी किसानों के समक्ष आती है। सरकार भले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों की उपज खरीदती है,परंतु यह सिर्फ कुछ गिने-चुने फसलों के लिए है। कृषि उपज के विपणन, प्रसंस्करण,पैकेजिंग,ग्रेडिंग और निर्यात पर ध्यान न देने के कारण कृषि उपज बिक्री और निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। विश्व के कुल कृषि उपज निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.4 प्रतिशत ही है। सरकार ने फसल विविधीकरण पर जोर दिया,ताकि किसान गेहूं-धान-गन्ना जैसी चुनिंदा फसलों की खेती से आगे बढ़कर बागवानी,मछली पालन,दुग्ध उत्पादन जैसी आयपरक गतिविधियों में संलग्न हों। कृषकों को उनकी उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य दिलाने के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) की शुरुआत की गई है। इससे किसान बिना किसी बिचौलियों के अपनी उपज बेच रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) द्वारा संचालित ई-नाम किसानों को देशभर के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एकल मंच प्रदान करता है। इससे किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है और मूल्य में उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में भी सहायता मिलती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च के अनुसार ई-नाम के माध्यम से अपनी उपज बेचने वाले किसानों को पारंपरिक मंडियों की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार ई-नाम से कृषि वस्तुओं की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत अस्थिरता कम हो गई है। छोटे किसानों को बाजार व्यवस्था से जोड़ने के लिए सरकार 22 हजार ग्रामीण हाटों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उन्हें आधुनिक बना रही है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है।

उक्त सुधारात्मक प्रयासों के अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) का गठन छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। देश में छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगभग 12 करोड़ से अधिक हैं। यह कुल किसानों का लगभग 86 प्रतिशत हैं। इनकी कृषि जोत का औसत आकार 1.10 हेक्टेयर से कम है। इन किसानों को उत्पादन से जुड़े कार्यों और बाजार तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है। एफपीओ द्वारा अपने सदस्य किसानो से फल-फूल, सब्जी, मछली आदि से संबंधित उपजों को खरीदकर सीधे कंपनियों को बेचा जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 के अंत तक दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है जिससे लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित होंगे। नाबार्ड के अनुसार वर्ष 2020-22 के मध्य एफपीओ से जुड़े किसानों की कृषि उत्पादकता में 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एफपीओ के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षों में वाराणसी कृषि उपज के निर्यात का एक हब बनकर उभरा है। वर्ष 2022 में वाराणसी एयरपोर्ट से 541 मीट्रिक टन कृषि उपज का निर्यात किया था,जो गतवर्ष बढ़कर 655 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग 20 हजार किसान 50 एफपीओ से जुड़कर अपनी फसलों का निर्यात कर रहे है। स्पष्ट है सरकार बिचौलियों को हटाकर सीधे किसानों को निर्यातक बना रही है। राजस्थान के झुंझुनू जिले के लांबी अहीर गांव में एक एफपीओ ने अपने 300 सदस्यों के साथ 800 कुंतल सरसों की कटाई और बिक्री की है। यहां की महिला सरपंच नीरू यादव द्वारा संचालित एफपीओ ने 50 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। किसानों का संगठन अब 5 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक कृषि-प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं लैंगिक समानता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस एफपीओ ने 150 महिला किसानों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ इक्विटी धारकों के रूप में शामिल किया है। बिहार के बख्तियारपुर, एकंगरसराय, बाढ़ और हरनौत के लगभग 3273 किसानों ने एफपीओ के माध्यम से अपने सब्जियों को सीधे दिल्ली,नोएडा जैसे बड़े शहरों में बेचना शुरू कर दिया है। राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के एफपीओ और एफपीसी के छोटे-छोटे किसान अब बड़ी-बड़ी कंपनियों से आंखों में आंखें डालकर अपनी फसलों का सौदा तय करते हैं। यह आत्मविश्वास उन्होंने एफपीओ की सामूहिक शक्ति से पाया है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है। देश के 700 जिलों में से लगभग 256 जिलों में अत्यधिक भूजल दोहन के चलते भूजल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड योजना,परंपरागत कृषि विकास योजना, नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाएं चलाई जा रही है। इन सब प्रयासों से भारत में जैविक उत्पादों का बाजार प्रति वर्ष 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार लगभग 1.20 लाख मिलियन रुपये का है। आज भारत में कुल 4.43 मिलियन हेक्टर में जैविक खेती की जा रही है, जो वैसे तो कुल कृषि क्षेत्रफल का दो प्रतिशत ही है,परंतु विश्व में इसका पांचवा स्थान है। जाहिर है भारतीय खेती अब तेजी से बदल रही है। खेती किसानी के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सरकार और खुद किसान दृढ़ संकल्पित हैं।

व्यंग्य

लात और हैसियत

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

किसी को लतिया देना,हमारी महान सभ्यता की गौरवशाली परंपरा है। आमतौर पर या तो हम किसी को लतियाते है या खुद लतियाये जाते हैं। यही भारतीय जीवन पद्धति है। हम हमेशा चाहते हैं कि जिसने कभी भूतकाल में हमसे ये सद्व्यवहार किया हो,मौका मिलते ही उसका कर्जा सूद समेत लौटा सकें। जब भी ऐसा कर पाते हैं हम,हल्के हो जाते हैं, खुशी मिलती है और लगता है कि धरती पर अभी न्याय बचा हुआ है। हालांकि पेट पर भी लात मारी ही जाती है,पर इस बाबत लोग कुछ ज्यादा ही बुरा मान जाते हैं। ऐसे मे इस काम के लिए पिछवाड़ा ज्यादा मुफीद जगह है। यदि आप किसी को लतियाना तय कर ही चुके हैं तो फिर सामने वाले के लात मारते वक्त किसी भी तरह का लिहाज करना ठीक नहीं। किसी को लतियाना,फिर उसे चींचीं करके हुए देखना परमानंद है।

वैसै किसी को लतिया देने के लिए हमारे पास कोई वाजिब कारण हो ही ये कतई जरूरी नहीं है। ये तो मन की मौज भर भी हो सकती है। पेट भरा है हमारा,करने को कुछ खास है नहीं, सामने कोई लाचार दिख गया है तो यह कार्य केवल मजे मजे के लिए भी किया जा सकता है। लतियाया गया आदमी यदि कमजोर है तो वो ऐसे व्यवहार से चौंकता नहीं। या तो उसे इसकी आदत होती है या वह आपसे ऐसा ही कुछ किए जाने की उम्मीद लेकर आया होता है। ऐसे लोगों को लतियाना कोई खास मजेदार नहीं होता। बहुत बार ऐसा करने के बाद उस पर दया करने की,उसे पुचकारने की इच्छा भी हो सकती है आपकी,जो कि घाटे का सौदा होती है। शातिर लोग तो खुद ही ऐसा माहौल बना देते हैं कि आप उन्हें लात मारे बिना रह न सके और बाद में वे पांव पकड़ कर अपनी बात मनवा लें।

हालांकि लतियाते वक्त ज्यादा सोचा विचारा नहीं जाता। फिर भी यदि सामने वाला बंदा आपसे हर लिहाज से कमजोर हो और निकट भविष्य मे भी उसके कमजोर ही बने रहने की उम्मीद हो तो ठीक रहता है। होता ये है कि जिस आदमी को लतिया दिए जाने की आदत नहीं होती वो शुरू-शुरू में इसका थोड़ा बहुत बुरा मान जाता है। उसका बुरा मानना जरूरी भी है ,वरना लतिया देने का सारा मजा ही किरकिरा हो सकता है। कमजोर को लतिया लीजिए पर नंगों से दूर रहिए। इसलिए क्यों नंगों से खुदा भी डरता है। नंगों का कोई भरोसा नहीं। खोने को कुछ होता नहीं उसके पास ऐसे में वो निडर हो जाता है,उससे उलझने में उल्टे बांस बरेली वाली नौबत आ सकती है। किसी को अकेले में लतियाना भी मजा कम कर देता है। जंगल में मोर नाचेगा तो कौन देखेगा? यह काम चार लोगों से सामने कीजिए। आपकी शोहरत में चार चांद लगेगे इससे और देखने वाले बिना आपकी लात खाए आपको बड़ा और काम का आदमी मान लेंगे। यदि आप एक साथ पच्चीसों को लतिया सकते है तो यकीनन आपकी इज्जत तो बढ़नी ही है। इससे आपका लतियाना सामने वाले को भी शोहरत बख्श सकता है।

एक फायदा और है इससे। ऐसा करके आप अपनी औकात का भी अंदाजा लगा सकते हैं। लात और हैसियत का सीधा संबंध है। हमारे देश में हैसियत वाला ही लात मार सकता है और लात चलाने की हिम्मत रखने वाले के हैसियतदार हो जाने की पूरी गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। आपके लात मारने के बाद सामने वाला यदि आपकी कॉलर न पकड़े,आपके प्रति और अधिक आदर भाव से भर उठे तो इसका मतलब यही है कि आप हैसियत वाले हैं और जैसा कि आपको पता ही है हमारे यहां हैसियत वाले आदमी को ही इज्जतदार कहा जाता है। हालांकि ऐसा कम ही होता है,पर बहुत से कमजोर ऐसे ही खब्ती होते हैं,जो अपनी इज्जत की चिंता करते हैं। उन्हें लगता है कि उनके पास वही है जिसे बचाना जरूरी है। ऐसे में वो भी अपनी लातों का इस्तेमाल कर सकता है। जब भी ऐसा हो तो किसी को कानों कान खबर न होने दें। इसे अपने तक रखिए। सामने वाले से हाथ मिला लें और उस दिन का इंतजार करें जब वो बिल्कुल गाफिल हो और आप उसे दोबारा,पिछली बार से भी ज्यादा करारी लात मार सकें।

एक सवाल जो पूछा ही जाना चाहिए कि यदि किसी को लतिया देने का ख्याल आता कहां से है? आमतौर पर ये आता है कि भरी जेब से,जेब की गर्मी सीधे दिमाग पर असर करती है और ऐसे हर शख्स का मन अपनी लात इस्तेमाल करने के लिए कुलबुलाने लगता है। भरी जेब होने के बाद भी जो आदमी अपनी लात को काबू में रखे हमारे यहां तो लोग उसको रसूखदार मानने के लिए ही राजी नहीं होते। यदि आप ऐसा नहीं करते तो अब करके देखिए। अच्छा लगता है।

लोक संस्कृति का आधार है बोली

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बालक मां का दूध पीते–पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते–होते शब्दार्थ को सीख जाता है।

लोक संस्कृति सामान्य जन की संस्कृति है। सामान्य जन का जीवन बोली में ही व्यतीत होता है। इसलिए लोक संस्कृति अनिवार्य रूप से बोली में होती है। बालक को बोली के रस से पहला परिचय मां के द्वारा होता है। पहला बोल मां का होता है। अमृत एक मीठी कल्पना है,लेकिन मां का बोल वास्तविक है और वह इस कल्पना से अधिक मीठा है। बालक का पहला संस्कार "भाषिक संस्कार" होता है और यह संस्कार मां की लोरी से होता है "हलराबै दुलराइ मल्हाबै जोई सोई कछु गावै।" अपने बालक में मां अपने को भूल जाती है। अपने को भूलना ही तो आत्मप्रतीति है और रस का प्रतिपादन करते हुए आचार्य अभिनव कहते हैं यह आत्मप्रतीति ही रस है। मां बालक में खो जाती है और बालक मां के रूप में अपने को पा जाता है। यह बोली की रस प्रक्रिया है।

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है। फिर उसी बोली में दादी और नानी उसे कहानी सुनाती हैं, उसी बोली में जीजी पहेली पूछती है,उसी बोली में काकी गीत गाती है और मौसी कहनावत कहती है-ग्वाल-बाल सखा-मंडली उसी बोली में आंख-मिचौनी खेलती है। छठी से लेकर विवाह तक के संस्कार बोली के मांगलिक गीतों के संग होते हैं। देवी-देवताओं को बोली में मनाया जाता है,पति-पत्नी का प्यार बोली में ही छलकता है। प्यारी बोली में रूठ जाती है तो प्रियतम बोली में ही मनुहार करता है। इस परस्परता के भाव में बोली का रस अंतर्निहित है। बोली परिवार और समुदाय की जिंदगी के साथ जल से लहर की तरह जुड़ी होती है। हर सुख-दुख में बोली उसके साथ रहती है। वह प्रगाढ़ आत्मीयभाव कोई दुराव नहीं,कोई छिपाव नहीं,कोई औपचारिकता नहीं,अकृत्रिम सहज भाव हृदय की मुक्तावस्था आचार्य शुक्ल कहते हैं- इसी का नाम रसदशा है। हम कहीं परदेश में हों और वहां हमें किसी से अपनी बोली सुनने को मिल जाए तो जान-पहचान के अभाव में भी एक आत्मीय भाव जगता है,क्योंकि बोली अपने मूल रूप में समष्टि चित्त पर परिवेश का प्रतिबिंब है। बोली नैसर्गिक दाय है। बोली से विच्छिन्न होने का मतलब है, अपनी जड़ों से कट जाना।

शतकोटिजन के परिवेश में असंख्य भिन्नताएं हैं- कहीं पहाड़ है तो कहीं समुद्र है,कहीं जंगल हैं तो कहीं गांव है,कहीं झोपड़ी है तो कहीं बहुमंजिले महल हैं। सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक और सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नताओं के कारण शतकोटिजन का संवाद विविधताओं का संवाद है। इस संवाद के अनेक स्तर हैं। इस संवाद की असंख्य शैलियां हैं और इस संवाद के विभिन्न रूप हैं। इसी कारण बोलियों में विविधता है। यह विविधता नैसर्गिक है और नैसर्गिक है इसलिए अपरिहार्य है। जैसे संवाद और परस्परता अन्योन्याश्रय है,वैसे ही संवाद और बोलियां भी अन्योन्याश्रय है। संवाद होता है तो बोलियां बनती है और बोलियां बनती हैं तो संवाद होता है। सामान्यजन का संवाद सामान्य से होता है, सामान्य के माध्यम से होता है, बोली में होता है। यही कारण है कि जब बुद्ध और महावीर सामान्यजन से संवाद करने निकले,तो पाली और प्राकृत में बोले।

कबीर को भाषा के 'सामान्य तत्व' की बड़ी गहरी पहचान थी,बोले-संसकिरत है कूप जल भाखा बहतानीर। विद्यापति ने जब 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा का सूत्र दिया था,तब उन्होंने बोली के अभ्यंतर-संगीत को पहचान लिया था। कोई भी भाषा अपने मूलरूप में बोली ही होती है। विभिन्न बोलियां बोलने वाले जब परस्पर मिलते हैं तब उनके बोली तत्व भी परस्पर मिल जाते हैं। कोई भी बोली अपने जनपद में सीमित रहे, अन्य जनपदों में उसका संपर्क और प्रसार न हो तो वह भाषा नहीं बन सकती।

कोई भी बोली तब भाषा बन जाती है,जब अन्य बोलियों के भाषा तत्व घुल मिलकर आधार भाषा के रूप को बदल देते हैं, जब कोई आंदोलन आंधी की तरह उठता है, तब उसके केन्द्र की बोली भी उठती है। जहां-जहां आंदोलन पहुंचता है, वहां-वहां बोली पहुंचती है और विविध बोलीतत्व परस्पर अंतर्भुक्त होते हैं। बोली भाषा बनती है तो शाही फरमान या सरकारी आदेश का इंतजार नहीं करती। जब कोई बोली भाषा बनती है तो वह व्याकरण का इंतजार नहीं करती, वह किसी कोशरचना की मोहताज नहीं है। वह कभी नहीं कहती कि पहले मानकीकरण कर लो तब आगे बढ़ूंगी। किनारे नदी को नहीं बनाते,नदी किनारों को बनाती है। नदी बहती है तो किनारे अपने आप बन जाते हैं। बोली भाषा बनती है तो समष्टि जीवन के परस्पर संवाद से बनती है। वह सामूहिक भाव कितना व्यापक है, अंतर्जनपदीय और अंतर्प्रांतीय संपर्क जितना प्रगाढ़ है,वह भाषा उतनी ही समर्थ है।

सोशल फोरम

विज्ञान की आजादी

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अतीत में विज्ञान एक साधना थी। बेचैन वैज्ञानिक रात-रात जगकर नए आविष्कार करते थे। आज विज्ञान का ज्यादा इस्तेमाल उपनिवेशवादी तौर-तरीकों से सीखकर कूट उद्देश्यों से होता है। यह हम खासकर सूचना क्रांति,उपग्रह प्रक्षेपण,कृत्रिम मेधा और युद्ध तकनीक के क्षेत्र में देख सकते हैं। हम मंगल ग्रह पर जल्दी जा सकते हैं, लेकिन उत्तराखंड के पहाड़ों पर सुरंग निर्माण में फंसे 41 श्रमिकों के पास जल्दी नहीं पहुंच सकते। वर्तमान विश्व में सत्ताएं उच्च टेक्नोलॉजी और इसके डिजिटल औजारों का इस्तेमाल अपने नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए कर रही हैं। इस दौर में बढ़ती बेरोजगारी और विषमता से जन्मे क्षोभ को दबाना मुश्किल नहीं है। विश्वभर में सभ्य ढंग से क्षोभ का डिजिटल दमन हो रहा है। विकसित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पिछड़ी मानसिकता के प्रसार के लिए ज्यादा हो रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दों को हथियारबंद किया जा रहा है। समस्या यह है कि बाजार और राजनीति दोनों ही निरंकुश ढंग से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए यथार्थ को अपने उद्देश्य के अनुरूप ढालने में कुशल हो गए हैं। वे करिश्माई हैं और लोगों को रंगीन अंधविश्वासों, प्रलोभनों तथा भ्रमों से सम्मोहित करने में सक्षम हैं। जाहिर है,आज विज्ञान की आजादी का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है।

विज्ञान की प्रधान शिक्षा यह है कि व्यक्ति बिना सोचे-समझे या ठीक से जांचे-परखे किसी चीज को आंख मूंदकर न माने और सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से न घिरे। विज्ञान सिर्फ इसलिए नहीं है कि इसके बल पर चालाकियां की जाएं,आराम की चीजों और सुख-सुविधाओं को इकट्ठा किया जाए। उसका एक बड़ा उद्देश्य जीवन की समस्याओं का यथार्थ तरीके से समाधान निकालना है। हम यह भी कैसे मानें कि वैज्ञानिक दृष्टिसंपन्न होने का दावा करने वाले बुद्धिजीवी विज्ञान की शिक्षाओं पर चलते हैं। वे वैज्ञानिक दृष्टि-संपन्न कैसे हो सकते हैं? यदि वे सर्वज्ञ होने के अहंकार से भरे हों,उनके शब्द तथा कर्म के बीच दूरी हो और उनमें बौद्धिक सहृदयता नहीं हो सकती। दरअसल उनसे अधिक वैज्ञानिक गांवों-शहरों के वे साधारण लोग हैं जिनमें आज भी 'कॉमन सेंस' और बौद्धिक सहृदयता बहुत ज्यादा है।

-फेसबुक वॉल से

बापू और गोडसे

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

महात्मा गांधी ने सेक्युलर शब्द न कभी कहा और न कही लिखा। वे चाहते थे कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो वे हिंदू ही हों। अपने को संकोच नहीं होता था। फिर भी मनसा, वाचा, कर्मणा बापू अप्रतिम सेक्युलर थे। इसीलिए वेदना होती है,रोष भी,जब अधकचरी जानकारी के बूते विकृत बातें पेश की जाती हैं। मसलन तुर्की के खलीफा का समर्थन कर गांधीजी ने भारत में इस्लामी फिरकापरस्ती को खादपानी दिया,पोषित किया। आधुनिक संदर्भ में जब हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में विषाक्तता बढ़ रही है। यह विश्लेषण करना होगा कि क्या बापू की यह भूल थी कि इस्लामी दुनिया के खलीफा और तुर्की के अपदस्थ सुल्तान मोहम्मद चतुर्थ को पुनप्रस्थापित करने हेतु खिलाफत आंदोलन चलाया जाना चाहिए था? इस्तानबुल स्थित ओटोमन खलीफा ने 1774 से रूस से युद्धोपरांत एक संधि की थी जिससे तुर्की के बाहर बसे मुसलमानों का मजहबी संरक्षक बन गया था। इसके कारण 1880 से भारत के मुसलमानों का भी यह तुर्की सुल्तान अब्दुल हामिद द्वितीय खलीफा बन गया था,किंतु प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी,तुर्की और रूस की ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा हरा दिए जाने पर तुर्की की सल्तनत खत्म हो गई। अंग्रेजों ने पराजित सुल्तान का खलीफा पद को अमान्य करार दिया। इससे 1920 से 1924 तक भारतीय मुसलमानों ने मौलाना मोहम्मद अली,उनके भाई मौलाना शौकत अली,मौलाना अबुल कलाम आजाद,डॉ.मुख्तर अहमद अंसारी,बेरिस्टर मोहम्मद जान अब्बासी आदि के नेतृत्व में भारतीय केन्द्रीय खिलाफत समिति बनाई जिसने खलीफा को पुनः स्थापित करने हेतु आंदोलन छेड़ा। गांधीजी इस केन्द्रीय समिति के सदस्य बने और मोतीलाल नेहरू ने उनके कदम का खुला समर्थन किया। मगर मोहम्मद अली जिन्ना ने खलीफा को बचाने का कड़ा विरोध किया। बापू की पुण्यतिथि पर नाथूराम विनायक गोडसे की भी याद अनायास आती है। जिस देश में पंचमी के दिन नाग को दूध पिलाते हों,वहां इसमें अचरज नहीं होगा। आखिर कैसा, कौन और क्या था गोडसे? नाथूराम स्कूल से भागा हुआ छात्र था। नूतन मराठी विद्यालय में मिडिल की परीक्षा में फेल हो जाने पर उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। उसका मराठी भाषा का ज्ञान भी अल्प था। अंग्रेजी और इतर भाषाओं की जानकारी तो शून्य ही थी। जीविका हेतु उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। सांगली शहर में दर्जी की दुकान खोल ली थी। उसके पिता विनायक गोडसे डाकखाने में बाबू थे,मासिक आय पांच रुपये थी। नाथूराम अपने पिता का लाडला था,क्योंकि उससे पहले जन्मी सारी संतानें मर गई थीं। नाथूराम के बाद और भी पैदा हुए थे जिनमें था गोपाल,जो नाथूराम के साथ सहअभियुक्त था। लोग अभी भी नाथूराम गोडसे के प्रति थोड़ी बहुत नरमी बरतते हैं,उन्हें इस क्रूर हत्यारे के बारे में प्रमाणित तथ्यों पर गौर करना चाहिए। गांधीजी को मारने के दो सप्ताह पूर्व नाथूराम ने अपने जीवन को काफी बड़ी राशि के लिए बीमा कंपनी से सुरक्षित करा लिया था। जाहिर है उसके मौत के बाद उसके परिवारजन इस बीमा राशि से लाभान्वित होते। (पृष्ठ 18 व 19 : गांधीवध और मैं, लेखकः गोपाल विनायक गोडसे, प्रकाशकः वितस्ता प्रकाशन पुणेः 1982)। ऐतिहासिक मिशन को लेकर चलने वाला व्यक्ति बीमा कंपनी से क्या ऐसा मुनाफा कमाना चाहेगा? अब जानिए गोड्से के परम सखा, फांसी पर लटके नारायण दत्तात्रेय आप्टे को। उसने 29 जनवरी की रात दिल्ली के वेश्यालय में गुजारी थी। ताकत बढ़ाने हेतु। आप्टे और गोड्से ने जेल के भीतर सुविधाओं की मांग की। हम भारतीय सीधी, सरल बात करना कब शुरू करेंगे कि हत्या एक जघन्य अपराध और सिर्फ नृशंस हरकत है। वह भी लुकाटी थामे, एक वृद्ध अधनंगे हिन्दू की जो राम का अनन्य, आजीवन भक्त रहा।

क्या असीम है नेताओं की कार्यक्षमता

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव की आत्मा जिस खोल में रहती है,उसे शरीर या देह कहा जाता है। इसीलिए आत्मा को 'शरीरी' या 'देही' भी कहते हैं। शरीर शब्द का अर्थ ही है कि जो शीर्ण यानी क्षरित होता है। शनैः शनैः उसकी क्षमताएं और सामर्थ्य कम होती जाती है। इसी कारण सेवाओं में एक सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई है। मान्यता है कि तत्समय वह अक्षम हो चुका होगा,अतः उसे सेवा मुक्त कर दिया जाए। अपने देश के संविधान के अनुच्छेद 14 में 'समानता' का सिद्धांत पवित्रता के साथ संरक्षित है। हालांकि जब हम विभिन्न वर्गों की एतत्संबंधी आयु पर दृष्टि डालते हैं तो स्पष्ट रूप से असमानता परिलक्षित होती है। अध्यापन वृत्ति से जुड़े लोगों के लिए यह 65 वर्ष है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों के लिए भी यही है। उच्च न्यायालय के जजों हेतु 62 वर्ष है और राजकीय कर्मचारियों के लिए 60 है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कोई सेवानिवृत्ति आयु नहीं है। वे कितने ही उम्र दराज हो जाए,अशक्त हो जाए,ह्वील चेयर पर चलें,तो भी वे सक्षम और समर्थ हैं। भाजपा ने एक अलिखित नियम बनाया है जिसके अनुसार उनका नेता 75 वर्ष का होने पर सक्रिय राजनीति हेतु अक्षम माना जाता है,जिसे रिटायर होना कह सकते हैं। यद्यपि वह राज्यपाल या सक्रिय राजनीति के अगल-बगल वाले पदों पर रह सकता है। क्या भाजपा का कथित 75 वाला नियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी लागू होगा, जब वे 17 सितम्बर, 2025 को 75 के हो जाएंगे। ऐसी ही विषमता पेंशन के संबंध में है। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बंद कर दी गई है,लेकिन एमपी,एमएलए आदि व जजों की बरकरार है। सेना में 'अग्निवीर' प्रणाली लाकर इसे खत्म कर दिया गया है। जैसे 'एक देश एक चुनाव' की बयार सरकार ने चलाई है,वैसे ही 'एक सेवानिवृत्ति आयु और पेंशन' नियम भी प्रवृत्त होने चाहिए। संविधान की आत्मा तो यही कहती है।

हीटर जलाकर सो रहा सिपाही हुआ बेहोश

चन्दौसी। बनियाठेर थाना परिसर में बनी बैरक में सिपाही हीटर जलाकर सो गया। मौके पर पहुंचे साथियों ने जब सिपाही को जगाया तो कोई जवाब नहीं मिला। इस पर साथी सिपाहियों ने बैरक का दरवाजा तोड़ा तो देखा सिपाही चारपाई पर अचेत अवस्था में पड़ा था। उसे उपचार के लिए एंबुलेंस से मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बैरक का दरवाजा तोड़ने में हेड कांस्टेबिल घायल हो गया। जिसका उपचार सीएचसी में कराया गया है। बनियाठेर थाना परिसर में सिपाहियों के आराम करने के लिए बैरक बनी हुई है। सोमवार की रात सिपाही लक्ष्मण अपनी बैरक में ठंड अधिक होने के कारण हीटर जलाकर आराम कर रहा था। रात दस बजे थाना में तैनात हेड कांस्टेबिल यशराज से मोबाइल पर बात करके लक्ष्मण सिंह को बुलाया। इस पर सिपाही ने कुछ समय बाद आने की बात कही। जब काफी समय बाद सिपाही थाने में नहीं पहुंचा तो हेड कांस्टेबिल यशराज बैरक पर पहुंच गए। दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।

जिम्मेदारों की संवेदनहीनता...युवक ठेले पर ले गया मां का शव

बिलसंडा के सीएचसी के जिम्मेदारों ने शव वाहन देने से कर दिया था इनकार, वार्ड ब्वॉय निलंबित, अधीक्षक और फार्मासिस्ट भी हटाए गए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

वायरल वीडियो का फुटेज, ठेले पर रखकर महिला का शव ले जाते परिजन।

अमृत विचारः बिलसंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संवेदनहीनता की तस्वीर सामने आई है। अधीक्षक समेत अन्य जिम्मेदारों की करतूत से स्वास्थ्य विभाग शर्मसार हो रहा है।

झोपड़ी में अलाव से लगी आग में झुलसने से जान गंवाने वाली महिला की मौत सीएचसी में हुई तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिजनों ने शव वाहन मुहैया कराने की मांग की तो जिम्मेदारों ने शव वाहन देने से इनकार कर दिया। मजबूरन मृतका के बेटे समेत अन्य परिजनों को शव ठेले पर लादकर सीएचसी से ले जाना पड़ा। उसके बाद अंतिम संस्कार किया। इस किसी ने सीएचसी में शव ठेले पर रखने के दौरान वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई कर दी। सीएचसी अधीक्षक और फार्मासिस्ट को मुख्यालय से अटैच करने के साथ वार्ड ब्वॉय को निलंबित कर दिया।

बिलसंडा क्षेत्र के गांव गौहनिया निवासी 90 वर्षीय देवकी देवी झोपड़ी में अकेले रहती थी। कुछ दूरी पर दूसरी झोपड़ी में बेटा विजयपाल परिवार के साथ रहता है। 26 जनवरी की रात शीतलहर से राहत पाने के लिए वृद्धा ने झोपड़ी में अलाव जलाया था। अलाव से उठी चिंगारी से झोपड़ी में आग लगी और वृद्धा देवकी देवी चपेट में आ गई। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई थी।

परिजन वृद्धा को सीएचसी बिलसंडा ले गए थे। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेटे विजयपाल व अन्य परिवार वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। मगर, गांव तक मां का शव ले जाने के लिए वाहन की मांग की थी। आरोप है कि सीएचसी के जिम्मेदारों ने शव ले जाने के लिए शव वाहन मुहैया कराने से इनकार कर दिया। रात भी सीएचसी में ही शव रहा। दूसरे दिन 27 जनवरी की सुबह परिवार ने ठेले की व्यवस्था की और फिर उसी पर गद्दे-चादर बिछाकर शव को बांधकर रखा और सीएचसी से लेकर गए। सोमवार रात सीएचसी से ठेले पर लादकर शव ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ।

जिम्मेदारों की लापरवाही फजीहत का सबब बन गई। इस वायरल वीडियो का संज्ञान में आने पर वरिष्ठ अधिकारी हरकत में आ गए। जांच के आदेश दिए। वहीं, प्रथम दृष्टया लापरवाही मानते हुए सीएचसी अधीक्षक बिलसंडा डॉ. मनीष राज शर्मा, फार्मासिस्ट एएन अंसारी को सीएचसी से हटाकर जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया। जबकि वार्ड ब्वॉय एमके पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच एसीएमओ स्तर के अधिकारी से कराई जाएगी।

वायरल वीडियो के 48 घंटे तक प्रकरण दबाने की जद्दोजहद

पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थित बेहद कमजोर है। पक्की छत भी परिवार को मुहैया नहीं हो सकी है। मृतका के परिवार ने वाहन की मांग की तो टालमटोल होती रही। मगर शव ले जाने को वाहन मुहैया नहीं कराया गया। इसके बाद मजबूरन शव को ठेले पर लादकर ले जाना पड़ा। इसकी कुछ लोगों ने वीडियो बना ली थी। अब दो दिन बाद वीडियो वायरल हुआ है। यह भी चर्चा है कि वीडियो की भनक लगने के बाद जिम्मेदार 48 घंटे तक मामले को दबाने के लिए जद्दोजहद में लगे हुए थे।

पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

शव ठेले पर लादकर ले जाने से जुड़ा मामला वर्ष 2016 में भी पीलीभीत में सामने आया था। मोहल्ला मदीनाशाह का एक व्यक्ति बीमार पिता को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचा था। पहले तो इलाज में देरी की गई। दो घंटे बाद ही पिता की मौत हो गई। मौजूद स्टाफ ने पुत्र को शव ले जाने की बात कह दी थी। जिसके बाद परिवार वाले ठेले की व्यवस्था कर शव ले गए थे। इसके बाद 2018 में एक मामला पोस्टमार्टम हाउस से सामने आया था। नौगवां पकड़िया गांव के एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। परिवार ने वाहन के लिए मदद मांगी, लेकिन पुलिस व स्वास्थ्य विभाग ने हाथ खड़े कर दिए थे।

गरीबों को भेज दिए लाखों के बिजली बिल

कासगंज। पॉवर कार्पोरेशन के कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ रहा है। कांशीराम आवासीय कॉलोनी में रहने वाले निर्धन परिवारों को लाखों के बिजली बिल भेज दिए गए, जिससे लोग परेशान हैं। इससे गुस्साए कांशीराम कॉलोनी के लोगों ने मंगलवार को बिलराम गेट स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर हंगामा किया। इस दौरान लोग बिजली बिलों को दुरुस्त करने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि मजदूरी करके परिवार चलाने वाले लाखों के बिल कैसे चुका पाएंगे। कांशीराम आवासीय कॉलोनी में तत्कालीन बसपा सरकार ने गरीबों को आवास आवंटित किए थे। मंगलवार को यहां के दर्जनों लोग इकट्ठे होकर बिलराम गेट स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय जा पहुंचे। जहां उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया।

न्यायालय श्रीमान् एडीएम (वित्त एवं राजस्व), बदायूं

वाद संख्या 1400/2018

तेजराम बनाम 1. ग्राम सभा तखौरा पर. व तह. बिसौली जिला बदायूं द्वारा ग्राम सभा 2. ओमप्रकाश 3. वेदप्रकाश (पुत्रगण बाबूराम) निवासी ग्राम तखौरा परगना तह. बिसौली जिला बदायूं आदि के लिए तारीख पेशी 27.02.2024 सम्मन पर 21 नाम हैं। सभी के नाम गजट में आने हैं। किसी पक्षकार को यदि कोई आपत्ति हो तो दिनांक 27.02.2024 तक न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। सम्मन प्रेषित है।

4. किशन वीर 5. सूरजपाल (पुत्रगण बाबूराम) 6. भारत सिंह 7. मुकेश 8. रवेन्द्र (पुत्रगण जसराम) 9. सत्यपाल 10. नेक्सू (पुत्रगण रामफूल) 11. अशोक कुमार पुत्र नेत्रपाल सिंह 12. मुनेश पाल सिंह पुत्र नत्थू सिंह 13. हेमराज 14. ताराचन्द (पुत्रगण यादराम) 15. श्रीमती वीरवती पत्नी नत्थूलाल 16. रहीम शाह पुत्र दिलावर शाह 17. बाहदुर शाह नावालिग आयु 16 वर्ष 18. इकवाल शाह नावालिग आयु 15 वर्ष (पुत्रगण दिलावर शाह) संरक्षिका माता सगी श्रीमती वानो पत्नी दिलावर शाह 19. श्रीमती वानो पत्नी दिलावर शाह 20. दिनेश 21. संजीव (पुत्रगण रूम सिंह) निवासीगण ग्राम तखौरा परगना व तहसील बिसौली जिला बदायूं

हत्या के जुर्म में 5 मुजरिमों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- वर्ष 2015 में दिनदहाड़े कर दी गई थी युवक की हत्या, करीब नौ साल बाद आया फैसला
- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा, शहर की शिवालय गली में हुई थी घटना

अमृत विचारः शहर में वर्ष 2015 में दिनदहाड़े की गई युवक की हत्या के मामले में मंगलवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया है। अदालत ने पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी मुजरिमों पर जुर्माना भी लगाया है। लगभग नौ साल बाद आए अदालत के फैसले के बाद पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्हें कानून पर भरोसा था।

वर्ष 2015 में शहर की शिवालय गली में जुए को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। झगड़ा बढ़ने पर कुछ लोगों ने फायरिंग की थी। इस दौरान दिनदहाड़े सौरव गहलोत नाम के युवक की गोली मार दी गई थी। इसमें गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौत हो गई थी। इसमें इसमें नदरई निवासी राज माहेश्वरी, मिनी माहेश्वरी, ठंडी सड़क रोशनलाल रेस्टोरेंट के सामने वाली गली में रहने वाले गौरव यादव, मोहन यादव, स्टेट बैंक कॉलोनी निवासी टिंकू गुप्ता उर्फ अजय गुप्ता को नामजद किया गया था। उस दौरान यह घटना जिले में चर्चा का विषय बनी रही। इस मामले में करीब नौ साल से ट्रायल चल रहा था। इस मामले में पुलिस की ओर से कड़ी पैरवी की गई। ट्रायल के दौरान प्राप्त सबूतों के आधार पर अदालत ने पांचों आरोपियों को दोषी पाया। इस आधार पर मंगलवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया।

दो युवतियां अपने प्रेमियों संग फरार

अमरोहा। जनपद के रजबपुर और नौगावां सादात थाना क्षेत्र से दो युवतियां अपने प्रेमियों के साथ फरार हो गईं। एक युवती ने शादीशुदा प्रेमी की खातिर परिजनों से बगावत की। जबकि दूसरी युवती परिजनों को चकमा देकर मेले से प्रेमी के साथ भाग गई। पुलिस ने दोनों युवतियों के परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की बेटी तीन दिन पहले परिजनों के साथ पास के गांव में मेला देखने गई थी। इस दौरान वह लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।उधर नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की बेटी का प्रेम प्रसंग जनपद बिजनौर के थाना शिवाला कलां क्षेत्र के गांव इस्माईलपुर निवासी शादीशुदा युवक बंटी से चल रहा था। 19 जनवरी की रात युवती घर से चली गई।

बोर्डिंग छात्र की मौत प्रकरणः प्रबंधक और प्रधानाचार्य को हिरासत में लिया

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से छात्र की मौत होने की बात आई सामने

अमृत विचारः कोटवारा रोड के सिल्वर सिटी एकेडमी में छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने और शव फंदे पर लटका मिलने के मामले में मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी आ गई। रिपोर्ट में हैंगिंग से छात्र की मौत होने की बात सामने आई है लेकिन कई सवाल हैं जो अनसुलझे हैं। हैदराबाद पुलिस ने पूछताछ के लिए विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्य को हिरासत में लिया है।

थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी मनोज कुमार के दो पुत्र गौरव और सुमित कोटवारा रोड स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी के हास्टल में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। रविवार की रात कक्षा पांच के छात्र गौरव (13) का शव मफलर से हास्टल में ही पंखे से लटकता मिला था। परिवार वालों ने उस समय हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई थी। पुलिस ने रात में ही शव सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। इसके बाद शव गांव पहुंचने पर परिवार वालों ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। हैदराबाद पुलिस ने पिता मनोज कुमार की तहरीर पर विद्यालय प्रबंधक हरमोहन सिंह, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह, रात्रि ड्यूटी कर्मचारी सुरवीर और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या एवं दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की थी। हैदराबाद एसओ दीपक तिवारी ने बताया कि गौरव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। विवेचना सीओ मोहम्मदी कर रहे हैं।

नगर में चल रहे तमाम मानक विहीन विद्यालय

गोला गोकर्णनाथ। केवल सिल्वर सिटी एकेडमी ही नहीं नगर में दर्जनों विद्यालय शिक्षा विभाग के अधिकारियों से साठगांठ कर मानक विहीन संचालित हो रहे हैं, जिससे अभिभावकों को डर लगने लगा है। लोग बताते हैं कि तमाम स्थानों पर आधे अधूरे भवन, अप्रशिक्षित शिक्षक, खेल मैदान के अभाव, सीसी टीवी कैमरे बिना, कम वेतन के शिक्षक रखकर विद्यालय संचालित हो रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी ऐसे विद्यालयों के प्रति कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। दर्जन भर से अधिक ऐसे विद्यालय हैं जो मान्यता से अधिक की कक्षाएं तक संचालित कर रहे हैं। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों का भी अभाव है।

जुआ खेलते 7 गिरफ्तार

शाहजहांपुर। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम आठ बजे टाउनहाल हॉकी क्लब में खाली भवन के बरामदे में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे है। पुलिस ने घेराबंदी करके मोहम्मद उस्मान निवासी महमद जंगला, जहीर निवासी तारीन गाड़ीपुरा, मोहम्मद गौस निवासी फतेहपुर रेती, मोहम्मद हसीब आदि को गिरफ्तार किया है।

कार्यालय नायब तहसीलदार, तहसील नवाबगंज, जिला बरेली

प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटैय्या बल्देव सिंह, विकासखण्ड भदपुरा, तहसील नवाबगंज, जिला बरेली में चार पेड़ पाकड़ व एक पेड़ शीशम की नीलामी हेतु इच्छुक ठेकेदार दिनांक 08/02/2024 को समय करीब 1:00 बजे तहसील सभागार में उपस्थित होकर नियमानुसार जमानत धनराशि जमा कर नीलामी बोली में उपस्थित होने का कष्ट करें।

नायब तहसीलदार
तहसील नवाबगंज, जिला बरेली

A Holistic Educational Mission — Regd. No. 477-481
Spice Senior Secondary School
Near New Overhead Water Tank, Nawabganj (Bareilly)
School Code:- 26-1393
Affiliated to U.P. State Board (English Medium)

सभी को सूचित किया जाता है की स्पाइस सीनियर सेकेंड्री स्कूल, नवाबगंज, बरेली की प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 11 फरवरी 2024, दिन रविवार को विद्यालय प्रांगण में होगा, जिसमें 11 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक नामांकन, दोपहर 11:30 से 12:00 बजे नामांकन पत्रों की जांच व दोपहर 12:00 बजे से नाम वापसी तथा 12:15 से सायं 3 बजे तक चुनाव व सायं 4:00 बजे मतगणना एवं परिणाम घोषित किया जाएगा।

प्रबंधक
स्पाइस सीनियर सेकेंड्री स्कूल
नवाबगंज, बरेली

दुष्कर्म में दो देवरों को 20-20 साल की सजा

अमरोहा। पति से विवाद होने के बाद शहर में मौसी के पास रहने वाली भाभी से घर में घुस कर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने दो देवरों को 20-20 साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषियों पर 33,500 रुपये जुर्माना भी लगाया है। दोनों दोषी देवर जमानत पर थे। सजा सुनाने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। इसके अलावा एक आरोपी ननदोई की मौत हो चुकी है।

शहर के एक मुहल्ले में रहने वाली युवती की शादी मुरादाबाद के थाना व कस्बा कुंदरकी के मुहल्ला नुरुल्ला में हुई थी। पति से विवाद के चलते वह शहर में ही रहने वाली मौसी के घर आकर रहने लगी थी। 24 जनवरी 2015 की दोपहर वह घर में अकेली थी। तभी उसके देवर नदीम व कय्यूम तथा ननदोई वजीरुद्दीन आए और तीनों ने तमंचे के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया।

दुबई भेजने के नाम पर तीन लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरखेड़ा

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

अमृत विचार : दुबई भेजने के नाम पर दो युवकों से 10 माह पहले शाहजहांपुर के जालसाजों ने तीन लाख रुपये की ठगी की थी। मामले में कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में थाना क्षेत्र के गांव डडिया भगत निवासी रामकुमार ने बताया कि उसकी ससुराल शाहजहांपुर जिले के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव सूरजपुर में है। उसके साले धर्मवीर के दोस्त थाना तिलहर के हरनोखा निवासी शेर सिंह, जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव मोहवर निवासी देवेंद्र सिंह, थाना भौती के गांव नई बस्ती निवासी भगवान सरन और वीरपाल नाम के युवक से उसकी मुलाकात हुई। आरोपी पीड़ित के गांव में भी आने-जाने लगे। इन लोगों ने पीड़ित और उसके दोस्त दियोरिया कला क्षेत्र के गांव सोधा निवासी गुरुदयाल सिंह को 20 दिन में बीजा पासपोर्ट बनवाकर दुबई भेजने का लालच दिया। जिस पर दोनों युवक ठगों की बात में आ गए। 10 अप्रैल 2023 को पीड़ित ने अपने गांव में ठगों को तीन लाख रुपये दे दिए। जब अधिक समय बीत गया तो पीड़ित ने आरोपियों को टोकना शुरू किया। इस पर टालमटोल की जाने लगी। 15 जून 2023 को आरोपियों के घर गए तो दिल्ली गए होने की जानकारी देकर लौटा दिया, जबकि बाद में आरोपी शेर सिंह के घर पर मिले। रुपये वापस करने के लिए कहा तो मारपीट की। उस वक्त शिकायत की गई लेकिन जांच के नाम पर टाल दिया। फिर न्यायालय की शरण ली गई।

गर्भवती का शव कमरे में दुपट्टे से लटका मिला, हत्या का आरोप

कलान/शाहजहांपुर। गनेशपुर गांव में एक गर्भवती महिला का शव कमरे में दुपट्टे से लटका हुआ मिला। मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों से जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परौर थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर निवासी विपिन कुमार की पत्नी लक्ष्मी(25) का शव सोमवार को दिन में 11 बजे कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटका मिला। पता लगने दौरान लोगों की भीड़ लग गयी। ससुराल वालों ने देखा कि उसकी सांसें चल रही हैं। लोगों ने उसका शव तुरंत उतारा और बदायूं जिले के उसावां कस्बा में एक निजी अस्पताल में ले गए।

डॉक्टर ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। ससुराल वाले उसका शव लेकर वापस गांव आ गए।

बाघ के हमले के शिकार ग्रामीण का अधखाया शव मिला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पांच घंटे चला सघन तलाशी अभियान, घटना स्थल से डेढ़ किमी दूर गन्ने के खेत में मिला गंगाराम का शव

अमृत विचारः बाघ हमले का शिकार हुए लापता ग्रामीण का अधखाया शव पांच घंटे तक चली कॉबिंग के बाद बरामद हो गया। शव घटना स्थल से करीब डेढ़ किमी दूर गन्ने के खेत में पाया गया। शव मिलते ही मौके पर जमा ग्रामीणों की भीड़ आक्रोशित हो उठी। ग्रामीणों ने रेंज के वनकर्मियों पर तमाम आरोप लगाते ही उन्हें हटाने की मांग की। बाद में ग्रामीण मृतक आश्रितों को पांच लाख का मुआवजा दिलाने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने की मांग पर अड़ गए। वन अफसरों ने मौके की नजाकत को देखते हुए मुआवजा दिलाने का लिखित आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर मामला शांत हो सका।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव जमुनियां निवासी सियाराम का पुत्र गंगाराम (37) सोमवार सुबह गांव के अन्य तीन युवकों के साथ पीटीआर की माला रेंज की मथना बीट में काम करने गया था। दोपहर के वक्त काम करने के दौरान एक बाघ ने गंगाराम पर हमला कर दिया और उसे खींचता हुआ जंगल में लेकर चला गया। बाघ हमला देख साथ में काम रहे अन्य ग्रामीण भाग खड़े हुए और इसकी जानकारी वन चौकी के अलावा गांव के ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही गांव वाले मौके पर जा पहुंचे। मौके पर पहुंचे वन अफसरों ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी।

तलाश गुमशुदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा भाई अमीर अहमद पुत्र पीर मोहम्मद, निवासी-ग्राम दरावनगर, पोस्ट गुलेली, थाना आंवला जिला बरेली करीब 03 माह पूर्व घर से कहीं चले जाने पर थाना आंवला पर गुमशुदगी पंजीकृत करायी, उक्त गुमशुदा, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, काफी अथक प्रयास करने के उपरान्त भी गुमशुदा का अभी तक कुछ पता नही चल सका है।

हुलिया गुमशुदा- अमीर अहमद आँख, नाक, कान, कद औसत, रंग गेंहूआ, उम्र करीब 35 वर्ष एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

यदि किसी सज्जन को सूचना मिले तो थाना आंवला पर निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

क्षेत्राधिकारी आंवला मो. 9454401325
प्रभारी निरीक्षक मो. 9454403079
उप निरीक्षक अतरपाल सिंह मो. 9675566279

तैयारी — फरवरी में ही घोषित हो जाएगा परिणाम, तीन मार्च को होगी पासिंग आउट परेड

752 प्रशिक्षु दरोगा की आठ फरवरी से होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

2750 अंकों की होगी इनडोर व आउटडोर की परीक्षा

1650 अंकों की होगी इनडोर विषयों की परीक्षा

- 752 प्रशिक्षु दरोगा परीक्षा में हो रहे हैं शामिल
- 12 प्रश्नपत्र इनडोर विषयों से जुड़े होंगे

अमृत विचार : उप्र डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद में प्रशिक्षण ले रहे 752 दरोगा का कोर्स पूरा हो चुका है। अब इनकी परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। परीक्षाएं आठ फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसके बाद परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों की तीन मार्च को पासिंग आउट परेड होगी। फिर ये लोग पुलिस मुख्यालय से विभिन्न जिलों में तैनात हो जाएंगे और लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन में ड्यूटी के लिए मुस्तैद होंगे।

पुलिस अकादमी के अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में अभ्यर्थी असफल होंगे, उन्हें फिर से पढ़ाई के लिए 45 दिन का अवसर दिया जाएगा। यह परीक्षा दो श्रेणी की इनडोर और आउट डोर की रहेगी। इनडोर में कुल 1650 अंक के 12 प्रश्न पत्र होंगे, जबकि आउट डोर की परीक्षा के लिए कुल पूर्णांक 1100 अंकों का रहेगा और इसके लिए सात प्रश्न पत्र रहेंगे। इनडोर और आउट डोर परीक्षा के सभी प्रश्न पत्रों की परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा, जो 100 अंक का रखा गया है। इनडोर की परीक्षा के प्रश्न पत्रों में सैद्धांतिक प्रश्न 900 अंक के रहेंगे और प्रयोगात्मक प्रश्न 150 अंक के होंगे। इसी तरह मध्यवर्ती प्रश्न कुल 550 अंक के पूछे जाएंगे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आधारभूत प्रशिक्षण उत्तीर्ण करने वाले प्रशिक्षु जिलों में 12 महीने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और प्रशिक्षण पंजिका बनाएंगे। इसमें दिनांक समेत प्रतिदिन के प्रशिक्षण का विवरण दर्ज करेंगे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अनुपयुक्त पाए गए प्रशिक्षुओं की परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाएगी और 45 दिन बाद उनका फिर से साक्षात्कार लेकर उनका आकलन किया जाएगा। साक्षात्कार में उपयुक्त पाए जाने वाले प्रशिक्षुओं को नियमित नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

इन विषयों पर आधारित होंगे 19 प्रश्न पत्र

पुलिस अकादमी के अधिकारियों के अनुसार, इंडोर के प्रश्न पत्रों में मध्यवर्ती, सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के प्रश्न विभिन्न विषयों पर आधारित होंगे, जैसे भारत गणराज्य और पुलिस की भूमिका, व्यवहार एवं संबंध प्रबंधन और प्रशासन, पुलिस संगठन एवं मानवाधिकार, अपराध एवं न्याय शास्त्र, भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम विषय पर प्रश्न होंगे। इसी तरह केंद्र एवं राज्य के विशेष अधिनियम और अपराध नियंत्रण से भी जुड़े प्रश्न परीक्षा में पूछे जाएंगे। सार्वजनिक क्षेत्र यातायात व सुरक्षा, विवेचना एवं परीक्षण के तरीके एवं कौशल, साइबर क्राइम जैसे विषय वस्तुओं पर भी प्रश्न परीक्षा में आएंगे। इसी तरह आउट डोर के प्रश्न पत्रों में टर्न आउट, स्क्वाड ड्रिल एवं कमांड लीडरशीप, शस्त्र सहित ड्रिल से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।

छेड़छाड़ के दोषी को चार वर्ष की सजा

चन्दौसी। घर में घुस कर छेड़छाड़ के एक आरोपी को चार वर्ष का कारावास व 4500 रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला वर्ष 2018 में थाना गुन्नौर क्षेत्र का है। पीड़िता निवासी पीरबहादुर थाना गुन्नौर जिला संभल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 14 मई 2018 की शाम करीब सात बजे वह घर में खाना बना रही थी। उसी समय उसे अकेला पाकर मोहल्ले का ही वीरेंद्र कुमार पुत्र अशर्फी लाल घर में घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर हथियार दिखा कर नीचे गिरा लिया और जबरदस्ती करते हुए कपड़े फाड़ दिए। शोर सुन कर मोहल्ले के लोग आ गए और उसे छुड़ाया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार वीरेंद्र और उसके भाई दुर्गपाल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया और साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत डोहरा, विकास खंड बिथरी चैनपुर, जिला बरेली

अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वां वित्त/मनरेगा धनराशि के सापेक्ष सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, स्टॉम वाटर का निष्पादन/प्रबंधन, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनरेटर मरम्मत/क्रय, आर. आर.सी., कूड़ा कलेक्शन, शौचालय मरम्मत कार्य, नाली निर्माण/मरम्मत (संस्थागत/घर) आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

क्र. सं.	कार्य का प्रकार	कार्य की मात्रा/नग	वित्त पोषक योजना	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य अवधि
1.	सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट	16	FFC	3,53,000/-	2%	200	3 माह
2.	सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट पिट	15	SBM(G)	8,64,000/-	2%	200	3 माह
3.	कचरा वाहन (ई-रिक्शा)		SBM(G)	1,25,000/-	2%	200	3 माह
4.	एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (ISWMC)	01	SBM(G)	10,00,000/-	2%	200	3 माह
5.	सामुदायिक एवं संस्थागत इंसिनेटर (भस्मक)	01	FFC	15000/-	-	-	3 माह
6.	सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट	20	SBM(G)	4,40,000/-	2%	200	3 माह
7.	फिल्टर चैंबर (तालाबों/जलाशयों)	04	SBM(G)	1,60,000/-	2%	200	3 माह
8.	वेस्ट इंस्टेबलाईजेशन पौंड (WSP)	01	FFC	6,62,999/-	2%	200	3 माह
9.	सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु व्यक्तिगत लीच पिट	08	PPC	1,36,000/-	2%	200	3 माह
10.	सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट	06	SBM(G)	1,02,000/-	2%	200	3 माह

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु दिनांक 31.01.2024 को 10 बजे से दिनांक 05.01.2024 दोपहर 2 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्त विवरण निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (पं.सचिवालय) में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं की जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पेन कार्ड की छाया प्रति एवं संबंधित कार्यो का संलग्न होना है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं. को होगा। सामग्री क्रय घट या बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पं. सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

ग्राम प्रधान — **ग्राम पंचायत अधिकारी**

बरेली ने 6 स्वर्ण 2 रजत 4कांस्य पदक पर कब्जा किया

लखनऊ, अमृत विचार : 37वीं सब जूनियर राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता के.डी.सिंह स्टेडियम में आयोजित हुई। जिसमें पदक विजेता खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज ने खिलाड़ियों और कोच भानु प्रताप को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी 2, 3 और 4 फरवरी को रायपुर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मिलना सक्सेना को सेकंड डान ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सब जूनियर बालक वर्ग में श्रेष्ट शर्मा ने तीन स्वर्ण एक रजत पदक, दक्ष प्रताप सिंह ने एक स्वर्ण एक कांस्य पदक, अभिषेक ने एक स्वर्ण एक कांस्य पदक, सब जूनियर बालिका वर्ग में श्रुति शर्मा ने एक स्वर्ण एक कांस्य पदक, दिव्यांशी सिंह ने एक कांस्य पदक केडिट बालिका वर्ग में माही गंगवार ने प्रतिभाग किया।

पाकिस्तान के साइबर ठगों ने आयकर अफसरों को लगाया लाखों का चूना

पीड़ितों ने साइबर अपराध पोर्टल पर की शिकायत, रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

एजेंसी

आगरा : पाकिस्तान के साइबर ठगों ने आगरा में आयकर विभाग के दो अधिकारियों से लाखों रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने ठगी की शिकायत साइबर अपराध पोर्टल पर की और थाना सिकंदरा को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक नीरज शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच साइबर सेल को दी गई है। सूत्रों के अनुसार करीब दस अधिकारियों, कर्मचारियों को पाकिस्तान के नंबरों से फोन करके ठगी करने का प्रयास किया गया। ठगों को दो मामलों में कामयाबी मिल गई और उन्होंने लाखों रुपये वसूल भी लिए। मंगलवार को भी इन ठगों ने एक-दो आयकर अधिकारियों को फोन कर अपने झांसे में लेने का प्रयास किया।

ठगों ने आयकर अधिकारी विशाल गोयल और आयकर इंस्पेक्टर उमेश कश्यप को अलग-अलग फोन कर उनके बेटों के लड़की के अपहरण में फंसने की बात कही और उन्हें बातों में फंसा कर अपने बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर करा लिए। सिकंदरा के ऋषिपुरम के रहने वाले उमेश कश्यप के दो पुत्र हैं। एक आगरा में उनके साथ रहकर पढ़ रहा है और दूसरा मुरादनगर में रहकर पढ़ाई कर रहा है। रविवार को उनके पास अंजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद का परिचय दरोगा विजय कुमार के रूप में दिया। उसने कहा कि आपका पुत्र चार अन्य दोस्तों के साथ लड़की के अपहरण के मामले में फंस गया है। पहली बार में उमेश ने अपने बेटे के साथ होने की बात कहकर फोन काट दिया। इसके बाद उमेश ने दूसरे बेटे को फोन किया तो उसका फोन बंद मिला। इस पर वह डर गए और उन्होंने उसी नंबर पर दोबारा कॉल कर बात की। ठग ने बेटे के दोस्तों के चक्कर में गलत फंसने का हवाला दिया। छुड़ाने के नाम पर छह बार में 1.20 लाख रुपये अलग-अलग खातों में डलवा लिए। रुपये भेजने के बाद बेटे से फोन पर बात हुई तो पता चला कि वह इम्तिहान में बैठा हुआ था और इसी कारण उसका फोन बंद था। इस पर उमेश को ठगी का अहसास हुआ। ठगों ने इससे पूर्व विशाल गोयल के साथ भी इसी प्रकार ठगी की गई। विशाल अपने स्वास्थ्य को लेकर परेशान थे, ऐसे में बेटे के फंसने की बात से और भयभीत हो गए और उन्होंने ठग की बातों में आकर रकम भेज दी।

बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप बनाएंगे जेवर में फिल्म सिटी

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में फिल्म सिटी बनाने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर में परियोजना के लिए मंगलवार को फाइनेंशियल बिड खोली गई, जिसमें बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने सबसे अधिक बोली लगाकर प्रोजेक्ट हासिल कर लिया। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह के अनुसार रेवेन्यू शेयर का अर्थ ये है कि फिल्म सिटी का निर्माण करने के बाद कंपनी को जो भी आय होगी, उसका 18 प्रतिशत वह प्राधिकरण को देगी। प्राधिकरण की ओर से उसे लैंड के अलावा अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराया जाएगा, जबकि फिल्म सिटी के अंदर सभी कंस्ट्रक्शन और सुविधाओं का विकास कंपनी को स्वयं करना होगा।

सार-संक्षेप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बिलासपुर आएंगे

रामपुर/बिलासपुर, अमृत विचार : कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के पुत्र गुरकीरत सिंह के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बुधवार की दोपहर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिलासपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर अपराह्न 1:45 बजे बिलासपुर से सटी कालोनी में उतरेगा। कृषि राज्यमंत्री के पुत्र के विवाह समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य , ब्रजेश पाठक समेत कई कैबिनेट और राज्यमंत्रियों के आने की संभावना है।

घरों में एसी का इस्तेमाल करने वाले चिन्हित होंगे

लखनऊ, अमृत विचार : घरों में एसी का इस्तेमाल करने वाले बिजली उपभोक्ता चिन्हित होंगे। इस सिलसिले में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने पावर कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा है। कहा गया है कि बिलिंग मास्टर डाटा में एसी के इस्तेमाल की जानकारी भी शामिल की जाय। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। घाटे का सामना कर रही वितरण बिजली कंपनियां राजस्व वसूली बढ़ाने की कवायद में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत के निर्देश पर निगम के निदेशक वाणिज्य ने कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव में अयोध्या के मुख्य अभियंता की ओर से तैयार प्रस्ताव का हवाला दिया गया है। सूत्रों के अनुसार प्रस्ताव में तर्क दिया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता भी एसी का इस्तेमाल करते हैं, जबकि उनसे बिल के तौर पर निर्धारित धनराशि ही ली जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी से मिलने पैदल चल पड़ा प्रशंसक

नैनी, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयागराज निवासी युवा प्रशंसक प्रदीप कुमार भारतीय उनसे मिलने के लिए दिल्ली पैदल ही चल पड़ा है। उसने पचास घंटे में दो सौ किमी की दूरी तय कर ली। मंगलवार दोपहर वह फतेहपुर जिले के औंग थाना क्षेत्र की सीमा के पास जा पहुंचा। वहां पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने सीमा में उनकी अगवानी की। थाने में विश्राम करने, स्वल्पाहार, भोजन, स्नान आदि की व्यवस्था किया गया। प्रयागराज के कौंधियारा थाना स्थित कुंकडी गांव निवासी प्रदीप कुमार भारतीय पासी बीए, बीएड की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। गले में मोदी की तस्वीर, भगवा गमछा, पीठ पर बैग टांगे पैदल दिल्ली रवाना हो गए हैं। पूरे रास्ते लोग युवा प्रशंसक की प्रशंसा कर रहे थे। इधर गांव में भी उसके जज्बे को लेकर लोग हैरत में हैं।

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में बयान दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस की सुनवाई में मंगलवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान दर्ज किया गया। कोर्ट ने शेष गवाहों के बयान के लिए 17 फरवरी की तारीख नियत किया है। बता दें कि यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

5 फरवरी को दोनों सदनों में पेश हो सकता है बजट प्रस्ताव

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य विधानमंडल में सरकार पांच फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश कर सकती है। दो फरवरी को विधानमंडल सत्र के पहले दिन विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त सदन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होना है। तीन फरवरी को शनिवार के दिन भी सदन की बैठक होगी। बैठक में भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह और सपा विधायक एसपी यादव के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित कर कार्यवाही स्थगित की जाएगी। सरकार की ओर से 5 फरवरी यानी सोमवार को बजट प्रस्ताव दोनों सदनों में पेश किया जा सकता है। विधानमंडल के बजट सत्र के आयोजन के लिए विधानमंडल की सर्वदलीय बैठक और विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक अब एक फरवरी को होगी। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने बैठक की तारीख में संशोधन का आदेश मंगलवार को जारी किया। पहले कार्यमंत्रणा समिति की बैठक 31 जनवरी को प्रस्तावित थी।

फरवरी में ही कराने होंगे 57 हजार जोड़ों के विवाह

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के 75 जिलों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य फरवरी में ही हासिल करना होगा। मार्च के प्रथम सप्ताह में आचार संहिता लगने की संभावना है। अभी तक प्रदेश में 1 लाख 22 हजार जोड़ों ने विवाह के लिए आवेदन किया है और 65 हजार का विवाह कराया जा चुका है। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जाता है। एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। दाम्पत्य जीवन की खुशहाली एवं गृहस्थी के लिए 35 हजार रुपये कन्या के खाते में डाले जाते हैं। जबकि शेष राशि आयोजन पर खर्च की जाती है।

कर्ज उतारने को डॉक्टर ने किया बच्चे का अपहरण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ पुलिस ने बच्चे को बरामद कर आरोपी व उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया

अमृत विचार : ढाई लाख रुपये के कर्ज में डूबे झोलाछाप डॉक्टर ने पत्नी के साथ पांच दिन पहले बिलराम स्थित ईंट भट्ठे से मजदूर के बेटे का अपहरण कर लिया और उसे बेचने के लिए ग्राहक ढूंढे. लेकिन कोई खरीदार नहीं मिला तो बच्चे को ईंट भट्ठे के पास छोड़ गए। पुलिस ने आरोपी और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 25 जनवरी की शाम करीब 6 बजे ढोलना थाना क्षेत्र के बिलराम से ईंट भट्ठे के मजदूर बसंत के चार वर्षीय बेटे विक्रम का अपहरण हो गया। बसंत ने ढोलना थाने में एफआईआर दर्ज कराई। बच्चे के अपहरण की साजिश अलीगढ़ के थाना अकराबाद क्षेत्र के कीरतपुर निवासी झोलाछाप डॉक्टर अमित कुमार ने पत्नी अंजलि के साथ रची थी। अमित पर ढाई लाख रुपये कर्ज है। उसका इरादा बच्चे को बेचकर अपना कर्ज चुकाने का था। काफी कोशिश के बाद उसे खरीदार नहीं मिला।

अभी अयोध्या नहीं जाएगी उप्र. और उत्तराखण्ड की कैबिनेट

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य मंत्रिमंडल सदस्यों के राम मंदिर दर्शन कार्यक्रम स्थगित हो गया है। 1 फरवरी को अयोध्या में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों को दर्शन करने का कार्यक्रम था। राम भक्तों के दर्शन में सुविधा के लिए मंत्रियों का अयोध्या दर्शन टल गया है। अब 11 फरवरी को उप्र. मंत्रिमंडल के सदस्यों को दर्शन के लिए ले जाने की संभावना है। वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की कैबिनेट ने भी अपने दर्शन के कार्यक्रम को टाल दिया है। धामी भी अब अपनी कैबिनेट के साथ आगामी दिनों में रामलला पहुंचेंगे जिसकी तारीख की घोषणा नहीं हुई है।

छह माह की बच्ची से दरिंदगी में रिश्ते के मामा को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ अदालत ने 4 माह 23 दिन में सुनाया फैसला

अमृत विचार : छह माह की बच्ची से दरिंदगी करने वाले रिश्ते के मामा को अदालत ने 4 माह 23 दिन में 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। घटना संभल के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव मंडनपुर में उस समय हुई जब बच्ची अपनी मां के साथ नानी के घर आई हुई थी।

मंडनपुर निवासी वादी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 7 सितंबर 2023 को पड़ोस में रहने वाला रिश्तेदार संजीव पुत्र अमर सिंह निवासी मंडनपुर उसकी छह माह की बच्ची को घुमाने के लिए घर से ले गया था। संजीव ने उसके साथ दरिंदगी की। जिससे बच्ची घायल हो गई। परिजनों ने संजीव को पुलिस के हवाले कर दिया। आठ सितंबर को पुलिस ने धारा 376 आईपीसी व धारा 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की और बच्ची का मेडिकल कराया । विवेचक निरीक्षक वेद प्रकाश गुप्ता ने पीड़ित बच्ची की मां और गवाह के बयान लिए। पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष से नरेंद्र कुमार यादव विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो ने कोर्ट में दलीलें पेश कीं। मंगलवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/ अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव द्वितीय ने अभियुक्त संजीव को धारा 376 ए बी आईपीसी सपठित धारा 6 लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम के आरोप में दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर करावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर तीन वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को उसके संरक्षक के जरिए पुर्नवास हेतु प्रदान की जाएगी।

एक बीघा जमीन के लिए पीट-पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

▸▸ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच, दो हिरासत में

अमृत विचार : माखी थाना क्षेत्र में एक गांव में जमीन के विवाद में हुई कहासुनी के बाद चचेरे भाइयों में मारपीट हो गई। इसके बाद भाई ने अपने दो बेटे व पत्नी के साथ मिलकर युवक पर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने नामजद दो आरोपियों को हिरासत में भी लिया है।

माखी थानाक्षेत्र के रुपऊ गांव के मजरा मर्दन खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार (28) पुत्र सुरेश लोधी मजदूरी करता था। उसके पिता का अपने भाई रामू से पैतृक जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा है। बीते सोमवार सर्वेश रुपऊ बजार गया था। रात करीब आठ बजे खरीददारी कर घर लौटते समय घर के पास चचेरे भाई मन्ना ने पत्नी सीमा व बेटों अमित व अंकित के साथ मिलकर उसे रोक लिया और गालीगलौज करने लगे।

सर्वेश के विरोध करने पर सभी ने उस पर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थर से हत्या के इरादे से वार कर दिये। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे घायल हालत में निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के करीब डेढ़ घटा बाद पुलिस पहुंची और जांच की। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें उसके शरीर में आधा दर्जन से अधिक गंभीर चोटें मिली। इसमें सिर की दो चोटें गंभीर होने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

बेटे की मौत से मां सुमन व भाई चंदन व पत्नी गुडिया बेहाल हैं। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि युवक के पिता की तहरीर पर मन्ना, उसकी पत्नी सीमा व दो बेटों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मन्ना व उसके बेटे अमित को पकड़कर पूछताछ की जा रही है।

आवासीय क्षेत्र में गंदगी स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीवेज का पानी ओवरफ्लो होने से संबंधित एक जनहित याचिका पर संज्ञान लेते हुए अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि किसी भी आवासीय क्षेत्र में या उसके आसपास गंदगी का जमाव न केवल नागरिकों के लिए गंभीर असुविधा पैदा करता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है।

उक्त टिप्पणी के साथ ही न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने रामानंद चौहान की याचिका पर सुनवाई करते हुए जिला मजिस्ट्रेट, प्रयागराज को एक टीम का गठन करने का निर्देश दिया है, जिसमें विकास प्राधिकरण, नगर निगम और जल संस्थान के अधिकारी शामिल होंगे, जो उस स्थान का दौरा करेंगे, जहां अपशिष्ट जल का संचय हो रहा है, साथ ही टीम उस एजेंसी की जिम्मेदारी भी तय करेगी, जिसे समयबद्ध तरीके से समस्या को ठीक करने का काम सौंपा जाएगा। इसकी रिपोर्ट अगली सुनवाई पर कोर्ट के सामने प्रस्तुत की जाएगी।

उत्तराखंड

अंगीठी सुलगाकर सो रहे 3 श्रमिकों की मौत

ब्यूरो, नैनीताल

▸▸ मृतकों में दो शाहजहांपुर और एक बदायूं निवासी

अमृत विचार : सरोवर नगरी में अंगीठी के धुएं से दम घुटने की वजह से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मजदूर ने हल्द्वानी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में दो मजदूर शाहजहांपुर और एक बदायूं का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार राजकुमार (21 वर्ष) व अवनेश (24 वर्ष) निवासी बदायूं व मुनेंद्र (21 वर्ष) पुत्र पप्पू श्रीवास्तव निवासी निजामगंज तिलहर शाहजहांपुर यूपी मल्लीताल में हाईकोर्ट के समीप एक इमारत में वाटर प्रूफिंग का काम कर रहे थे। तीनों हाईकोर्ट के पास में ही कमरा किराए पर लेकर रहते थे। तीनों ने रविवार की रात को भीषण सर्दी होने की वजह से अंगीठी जलाई और खिड़की-दरवाजा बंद कर सो गए। अंगीठी के धुएं से दम घुटने से तीनों की हालत बिगड़ गई। सोमवार को जब परिजनों ने मजदूरों को फोन किया तो उनका फोन नहीं उठा। इस पर परिजनों ने ठेकेदार को फोन किया। ठेकेदार ने भी मजदूरों को फोन किया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। सोमवार की देर रात ठेकेदार हल्द्वानी से नैनीताल पहुंचा और मजदूरों के कमरे पर गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। ठेकेदार ने कई बार आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। तब वह खिड़की का कांच तोड़ अंदर गया। ठेकेदार कमरे में पहुंचा तो तीनों मजदूर बेहोशी की हालत में पड़े थे। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मल्लीताल पुलिस ने तीनों को बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजकुमार व अवनेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि मुनेंद्र की हालत गंभीर थी। उसे तुरंत हायर सेंटर एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल के डॉ. हाशिम अंसारी ने बताया कि अंगीठी की गैस से दम घुटने से मजदूरों की मौत की आशंका है। मल्लीताल कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद तीनों मजदूरों के शवों को परिजनों को सौंप दिया है। प्रथम दृष्टया मामला अंगीठी के धुएं से दम घुटने से लग रहा है, फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

दरवाजा खोला तो बिस्तर पर बेसुध पड़े थे तीनों

नैनीताल, अमृत विचार : बदायूं निवासी राजकुमार, अवनीश और शाहजहांपुर निवासी मोनन्दर नैनीताल में दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करते थे। रविवार रात को तीनों ने कमरे में पहुंचकर अंगीठी में आग जलाई। रात को खाना खाने के बाद तीनों अंगीठी भीतर ही रखकर सो गए। रात को तीनों की हालत बिगड़ी और वह बेसुध हो गए। कई बार आवाज देने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो पुलिस दरवाजा तोड़कर भीतर पहुंची। जहां तीनों मजदूर बेसुध अवस्था में बिस्तर पर पड़े हुए थे। आनन-फानन में पुलिस तीनों को लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंची। जहां चिकित्सकों ने बदायूं निवासी 21 वर्षीय राजकुमार व 24 वर्षीय अवनीश को मृत घोषित कर दिया। वही शाहजहांपुर निवासी 21 वर्षीय मोनन्दर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

रुद्रपुर में नकली दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़

रुद्रपुर, अमृत विचार : काशीपुर पुलिस ने इलाके में संचालित नकली दवा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार दो आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली दवा बरामद कर किराए के मकान में संचालित फैक्ट्री को सीज कर दिया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसीने बताया वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि इलाके के सीता रामपुर ग्राम रंपुरा काशीपुर के रहने वाले मनीष रस्तोगी के मकान को कुछ व्यक्तियों द्वारा किराए पर लेकर उसमें नकली दवा बनाने का धंधा कर रहे हैं।

सिलक्यारा सुरंग में फिर काम शुरू

ब्यूरो, उत्तरकाशी

▸▸ पहले भूस्खलन वाले हिस्से के बीच सुरक्षात्मक कार्य होंगे

अमृत विचार : दो महीने से अधिक समय तक बंद रहने के बाद उत्तरकाशी जिले में 'आल वेदर'सड़क मार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग का काम फिर शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर बड़कोट की ओर से सिलक्यारा सुरंग निर्माण के कुछ कार्य शुरू कर दिए हैं।

उन्होंने बताया कि सुरंग की 'सेंटर वॉल' के निर्माण के लिए 'शटरिंग'प्रारंभ कर दी गयी है, जबकि सिलक्यारा की ओर से सुरंग के मुहाने पर निर्माणाधीन पुल का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। पिछले साल 12 नवंबर की सुबह 4.5 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन सुरंग में मलबा गिरने से उसमें 41 मजदूर फंस गए थे जिन्हें 17 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका था।



इसी सुरंग में पुन:निर्माण कार्य शुरू।

हादसे के बाद से सुरंग का काम बंद पड़ा था। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआइडीसीएल) के परियोजना प्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि अनुमति मिलने के बाद धीरे-धीरे काम शुरू किया गया है और आने वाले 15 दिन में काम अपनी गति पकड़ेगा। कर्नल पाटिल ने शनिवार को कार्य का निरीक्षण किया था ।

उन्होंने बताया कि सिलक्यारा की ओर से पहले भूस्खलन वाले हिस्से और मुहाने के बीच करीब 100 मीटर के संवेदनशील हिस्से में सुरक्षात्मक कार्य होंगे। उन्होंने बताया कि मलबे में मजदूरों को निकालने के लिए बनायी गयी निकास सुरंग से श्रमिकों को अंदर भेजा जाएगा ताकि वहां 'डिवाटरिंग' यानि पानी को निकाला जा सके।

पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए हवाई सेवा शुरू

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : कुमाऊं से गढ़वाल को नियमित तौर पर हवाई सेवा से जोड़ दिया गया है। मंगलवार को पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए हवाई सेवा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनी सैनी एयरपोर्ट से अन्य यात्रियों के साथ देहरादून के लिए उड़ान भरी।

मुख्यमंत्री धामी ने हवाई सेवा शुरू होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन व प्राकृतिक पर्यटकों का आना-जाना सहजता से हो, इसलिए हवाई सेवा अति आवश्यक है। पहले पिथौरागढ़ से देहरादून व दिल्ली जाने में 17 घंटे लगते थे। ऑल वेदर सड़क बनने से देहरादून, दिल्ली 11 घंटे लगते हैं। सीमांत जिले में हवाई सेवा प्रारंभ होने पर अब एक घंटे में ही राजधानी देहरादून पहुंचा जा सकता है। अभी यह सेवा सप्ताह में तीन दिन के लिए है। बाद में इसे 5 दिन किया जाएगा। उन्होंने कहा जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है।

उपप्रधानाचार्य के साथ की मारपीट

काशीपुर, अमृत विचार: एक निजी स्कूल की उप प्रधानाचार्य ने दो युवकों पर मारपीट व गाली गलौज का आरोप लगाया है। साथ ही युवकों पर कानूनी कार्यवाही करने पर धमकी देने का आरोप भी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आवास विकास निवासी शिखा सिंह पत्नी अक्षय प्रताप सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि 27 जनवरी की सुबह वह अपने पति के साथ मुरादाबाद रोड स्थित एक अस्पताल में दवाई लेने के लिए जा रहे थे।

25 जिंदगियां बचाने वाले नरेश जोशी को जीवन रक्षा पदक

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुलिस ड्यूटी के दौरान अदम्य साहस दिखाते हुए अपनी जान पर खेलकर 25 जिंदगियां बचाने के लिए ऊधम सिंह नगर में तैनात आरक्षी चालक नरेश जोशी को राष्ट्रपति से जनपद जीवन रक्षा पदक श्रृंखला पुरस्कार- 2023 के तहत जीवन रक्षा पदक प्रदान किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने नरेश जोशी को बधाई दी है।

30 अगस्त 2022 को सुबह 5 बजे ऊधम सिंह नगर के आजाद नगर में कबाड़ के गोदाम में सिलेंडर से विषैली गैस अमोनिया के रिसाव होने से कई लोगों के बेहोश हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि गोदाम में गैस सिलेंडर से अमोनिया गैस का रिसाव हो रहा था। इस बीच आरक्षी चालक नरेश जोशी साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए स्वयं सिलेंडर को घनी आबादी से दूर ले गए।

ऊधम सिंह नगर में 4 हजार की रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विजिलेंस ने एफआईआर दर्ज नहीं करने के एवज में चार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए केलाखेड़ा में तैनात एक दरोगा को गिरफ्तार किया है। ऊधम सिंह नगर के एसएसपी ने दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

एक शिकायतकर्ता ने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1064 पर कॉल कर बताया कि वह गणेशपुर में मकान बना रहा है। उसने पड़ोसियों से बिजली कनेक्शन लिया हुआ था। बिजली विभाग के जेई ने बिजली चोरी का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता के खिलाफ केलाखेड़ा पुलिस स्टेशन में तहरीर सौंपी थी। इसकी जांच दरोगा मोहन सिंह बोहरा को सौंपी गई थी। आरोप था कि दरोगा बोहरा एफआईआर नहीं दर्ज करने के एवज में 4 हजार रुपये की मांग कर रहा था। दरोगा को धर दबोचने के लिए ट्रैप टीम गठित की गई।

उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव बनेंगी राधा रतूड़ी

देहरादून, अमृत विचार : अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव बनेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उन्हें मुख्य सचिव बनाने के लिए स्वीकृति दे दी है। वर्तमान में मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू आज (31 जनवरी) सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संधू के बाद वरिष्ठ आईएएस राधा रतूड़ी मुख्य सचिव का कार्यभार संभालेंगी। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी 1988 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वह मुख्यमंत्री धामी के पसंदीदा अधिकारियों में से एक मानी जाती हैं। यह राज्य में पहली बार है, जब पति-पत्नी शीर्ष पदों पर पहुंचे हैं। इससे पूर्व उनके पति आईपीएस अनिल रतूड़ी वर्ष 2020 में पुलिस महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है भाजपाः अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार : सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण आवश्यक है। भाजपा आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है। वह संविधान को भी बदलना चाहती है। 2024 के बाद लोकतंत्र पर खतरा है। भाजपा जनता को धोखा दे रही है। हालात अच्छे नहीं है। ये विचार समाजवादी पार्टी मुख्यालय के लोहिया सभागार में में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को व्यक्त किए। अखिलेश ने अपने कार्यकर्ताओं को चेताया कि सन् 2022 का परिणाम सबको निगाह में रखना चाहिए। जनता ने तो सपा के पक्ष में फैसला कर लिया था लेकिन प्रशासनिक धांधली कर, मतदाता सूची में गड़बड़ी करके जनता के निर्णय से खिलवाड़ किया गया। हमें इसलिए हर स्तर पर 2024 के चुनाव को गम्भीरता से लेना है।

महिलाओं को रोजगार देने में बरेली प्रथम

लखनऊ पीछे, आजीविका का दावा, स्वयं सहायता समूह को नहीं बांट पाए ऋण

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत प्रदेश में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गठित स्वयं सहायता समूह खोखले साबित हुए। मिशन ने महिला समूहों का गठन तो खूब किया, लेकिन उन्हें चलाने के लिए बैंकों से ऋण नहीं दिला पाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक बात करें तो समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज यानी ऋण दिलाने में बरेली पहले स्थान पर है। जबकि अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप-5 में हैं। लेकिन राजधानी लखनऊ 38वें स्थान पर है। यह प्रगति मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सामने आई है। जो पारदर्शिता के साथ मिशन के कार्य और लापरवाही

▸▸ सीएम डैशबोर्ड में बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप 5 में

बता रही है। दिसंबर में राजधानी को खराब प्रगति पर डी ग्रेड श्रेणी में रखा गया है। यहां 2892 समूह को क्रेडिट लिंकेज कराने का लक्ष्य था जिसमें 1,147 समूह का लक्ष्य ही हासिल हुआ। इससे जिले की प्रगति 39.66 प्रतिशत है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह कार्य जिले के हैं। वहां के अधिकारियों को ही प्रगति सुधारनी है।

...तो नहीं चल रही विभागों की आंकड़ेबाजी : दरअसल, इस वर्ष मुख्यमंत्री डैशबोर्ड लागू हुआ था। इसमें विभागों द्वारा लक्ष्य पूर्ति आदि की प्रगति ऑनलाइन फीड की जाती है। डैशबोर्ड विभागों की वेबसाइट के साथ शासन से लिंक है। इसलिए इसमें प्रगति के फर्जी आंकड़े या फिर एडवांस विभाग नहीं भर पा रहे हैं। जो नीचे कुछ और ऊपर कुछ भेजते थे। इसलिए ज्यादातर विभागों की सही प्रगति अब सामने आ रही है।

गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर फिसड्डी

स्वयं सहायता समूहों का गठन करना और उन्हें ऋण दिलाने का कार्य बरेली, अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत ने बेहतर किया है। इससे इन जिलों को टॉप-5 पर रखा गया है। जबकि सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर सबसे खराब प्रगति पर बॉटम में रखे गए हैं। इनके अलावा अन्य जिलों की भी प्रगति बेहद खराब है। लखनऊ की खराब प्रगति का जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने संज्ञान लिया है और बुधवार को बैठक रखी है। मिशन इस खराब प्रगति का कारण नवंबर से चल रही कर्मियों की हड़ताल बता रहा है। तो वहीं बैंकों द्वारा रुचि न लेने का भी हवाला दिया जा रहा है।

टॉप जिलों का प्रतिशत

बरेली - 96.74, अंबेडकर नगर - 89.98, बलिया - 87.36, मथुरा - 83.56 और बागपत - 78.42

फिसड्डी जिलों का प्रतिशत

गोंडा - 10.3, सीतापुर - 10.91, बाराबंकी - 11.80, संभल- 11.92 और हमीरपुर - 11.96

श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद की सुनवाई 22 फरवरी को

प्रयागराज, अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई में सीपीसी की धारा 151 के साथ पठित आदेश VII नियम 11(डी) के तहत वर्तमान वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाए गए। इसके बाद दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की सहमति से पोषणीयता पर सुनवाई सुनिश्चित की गई, जिससे कोर्ट के लिए मूल मुकदमों पर आगे बढ़ना आसान हो सके। इसके साथ ही कोर्ट ने हिंदू पक्ष को आगामी 6 फरवरी तक उन मामलों पर अपनी आपत्तियां दर्ज करने का निर्देश दिया, जिन पर अभी तक आपत्तियां दर्ज नहीं हुई हैं, कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। आवेदनों की सुनवाई आगामी 22 फरवरी को सुबह 11:30 बजे से होगी।

सार-संक्षेप

बरेली के सुभाष चंद्र व अमरोहा के पवन कुमार राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य अध्यापक पुरस्कार-2023 के लिए प्रदेश के 13 माध्यमिक शिक्षकों को चुना गया है। राज्य पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों में दो निजी स्कूलों के और 11 सरकारी व एडेड स्कूलों के हैं। लखनऊ से बीकेटी इंटर कॉलेज के रवींद्र कुमार को पुरस्कार मिलेगा। सरकारी और एडेड कॉलेज के राजेश कुमार त्यागी (मेरठ), चंद्रमणि सिंह (वाराणसी), पवन कुमार त्यागी (अमरोहा), सुभाष चंद्र मौर्य (बरेली), केशवर प्रसाद सिंह (सुल्तानपुर), रवींद्र कुमार (लखनऊ), ऋषिपाल सिंह (अमरोहा), डॉ. निखिल जैन (आगरा), डॉ. रामशंकर पांडेय (अमेठी) और लालमन (चित्रकूट) को राज्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं निजी स्कूलों के भूपेंद्र कुमार सिंह (अलीगढ़) और अनिल कुमार मिश्र (कानपुर) का चयन हुआ है। पुरस्कारों के लिए जारी आदेश में कहा गया है कि निजी स्कूलों के शिक्षकों को पुरस्कार दिया जाएगा लेकिन एडेड और राजकीय शिक्षकों की तरह सेवा विस्तार और अन्य लाभ नहीं दिए जाएंगे ।

पीडीए को ही हथियार बना चुनाव में उतरेगी सपा

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए सपा प्रत्याशियों की जारी सूची से यह भी साफ होता दिखता है कि, पार्टी पीडीए को ही चुनावी हथियार बनाकर चुनावी संघर्ष में उतरने तैयारी में है। पार्टी ने जिन 16 प्रत्याशियों की मंगलवार को घोषणा की, उनमें दो खास नामों पर चर्चा की जा सकती है। इन प्रत्याशियों में अपने तीखे बयानों से चर्चा में रहने वाले सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का नाम हैं तो वहीं, दलित नेता अवधेश प्रसाद का नाम है। दलित नेताअवधेश प्रसाद को सपा ने उसी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा सीट) से मैदान में उतारा है जहां श्रीराम का मंदिर बनाकर भाजपा पूरे देश में अपने लिए महौल बनाने में जुटी है। डा. शफीकुर्रहमान बर्क के बयानों के कारण सपा को कई बार असहज स्थिति से गुजरना पड़ा है। कभी मायावती की तारीफ तो कभी मुसलमानों को लेकर आक्रामक बयान देकर भी बर्क के कारण सपा निशाने पर रही है। इन सभी के बाद भी बर्क ने सपा की पहली ही सूची में स्थान बना लिया है।

सपा नेता आशुतोष सिंह पार्टी से निष्कासित

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण मंगलवार को निष्कासित कर दिया। उन्होंटने सपा कार्यालय के बाहर होर्डिंग लगाया था जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को पलटूराम लिखा गया था। सपा के कार्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह ने संतकबीरनगर निवासी आशुतोष सिंह को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

एक तारीख तक होगा संविदा बिजली कर्मियों का भुगतान

लखनऊ, अमृत विचार : अब प्रत्येक माह की एक तारीख तक संविदा बिजली कर्मियों का वेतन का भुगतान किया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने इस सिलसिले में सभी वितरण कंपनियों को निर्देश जारी किया है। कॉरपोरेशन के निर्देश के बाद वितरण कंपनियों ने भी मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी कर आउटसोर्स एजेंसियों को निर्देश सुनिश्चित कराने को कहा है। कारपोरेशन के निर्देश में कहा गया है कि वितरण कंपनियों की ओर से हर हाल में महीने की 25 तारीख तक आउटसोर्स एजेंसियों को धनराशि अवमुक्त की जाय। माह के अंत तक आउससोर्स एजेंसियां आउटसोर्स कर्मियों के बैंक खाते में मजदूरी की धनराशि स्थानांतरित करें। आगामी माह की चार तारीख तक आउससोर्स एजेंसियां संविदा कर्मियों के ईपीएफ आदि अंशदान का भुगतान सुनिश्चित करेंगी। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन समेत वितरण कंपनियों के कार्यालयों व उपकेंद्रों पर काफी संख्या में संविदा कर्मी कार्यरत हैं।

बसपा सांसद अतुल राय को मिली अंतरिम जमानत

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित रेप पीड़िता व उसके साथी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आत्मदाह के मामले में बसपा सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। अंतरिम जमानत की अवधि 22 मार्च 2024 तक होगी।

न्यायालय ने अंतरिम जमानत की शर्तें अधिरोपित करते हुए कहा कि इस दौरान अतुल राय को देश के भीतर ही इलाज कराना होगा व वह कोई रैली अथवा पब्लिक मीटिंग में भी भाग नहीं लेंगे। यह आदेश न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान की एकल पीठ ने अतुल राय के अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। अभियुक्त की ओर से खुद के गंभीर रूप से बीमार होने का हवाला देते हुए कहा गया कि वह 27 जुलाई 2019 से जेल में बंद है और इस दौरान तमाम गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो चुका है लेकिन सुविधाएं न होने के कारण उसका इलाज नहीं हो पा रहा है। इस मामले में अतुल राय व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर पर कथित रेप पीड़िता व उसके साथी को आत्महत्या को उकसाने का आरोप है। पीड़िता ने अतुल राय के खिलाफ दुराचार की रिपोर्ट लिखाई थी।

अखिलेश के करीबी ने सपा से दिया इस्तीफा

मैनपुरी, एजेंसी : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा का दामन छोड़ दिया। उन्होंने सपा में पारिवारिक कलह अधिक होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। शहर के स्टेशन रोड निवासी मनोज यादव दो दशक से सपा से जुड़े रहे हैं। वे 2016 में सपा के टिकट पर घिरोर के ब्लॉक प्रमुख भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली थी। वे पर्दे के पीछे से ही सपा की मदद कर रहे थे। उन्हें अखिलेश यादव का बेहद करीबी माना जाता है।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि प्रस्तुत की।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर बापू को याद किया। उन्होंने अपने एक्सि हैंडल पर लिखा, मानवता के अप्रतिम प्रतीक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। पूज्य बापू के विचार एक भारत-श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी दी गई शिक्षा में रामराज्य

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

और विश्व शांति की कामना का भाव अंतर्निहित है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी महेंद्र सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

▸▸ महात्मा गांधी की शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने की गोमती की पूजा-अर्चना : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को शहीद स्मारक में आयोजित शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया, फिर गोमती की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में कलाकारों ने रघुपति राघव राजाराम.... भजन का पाठ भी किया। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी , विधायक योगेश शुक्ल व जयदेवी आदि मौजूद रहीं।

चुनाव से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर शासन स्तर पर हो रहे तबादलों के क्रम में मंगलवार को भी 84 आईपीएस अफसरों को बदल दिया गया। दो दिन पहले भी 65 पुलिस अफसरों के तबादले हुए थे। दरअसल, चुनाव आयोग ने एक ही जगह पर 30 जून 2024 को तीन साल का कार्यकाल पूरा कर रहे अफसरों को 31 जनवरी से पहले इधर से उधर करने का आदेश दे रखा है। इस तबादले में हाल ही प्रमोशन पाए अफसरों को नई तैनाती मिली है। सूची के अनुसार अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर अंकिता शर्मा का पूर्व में वाराणसी कमिश्नरेट में हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है।

शासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक संतोष कुमार मीणा को अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर, अभिजीत कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, श्रुति श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी, पुनीत द्विवेदी को अपर पुलिस अधीक्षक राज्यपाल उत्तर प्रदेश, शिवा सिंह को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर, रोहन पी कनय को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं, संजय सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक

पीटीसी गोरखपुर, वैभव कृष्ण को पुलिस उपमहानिरीक्षक वीआईपी सुरक्षा लखनऊ, प्रभाकर चौधरी को पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, संजीव त्यागी को पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना सूचना मुख्यालय लखनऊ, पूनम को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर आगरा और सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज को पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड के पद पर भेजा गया है।

इसी तरह राठौर किरीट कुमार हरि भाई को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी लखनऊ, शैलेश कुमार यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, शफीक अहमद को पुलिस उपमहानिरीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ, राधेश्याम को पुलिस उपमहानिरीक्षक लॉजिस्टिक्स लखनऊ, राजकमल यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, राकेश पुष्कर को पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, मनोज कुमार सोनकर

▸▸ पूजा यादव बनीं सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद

को उपमहानिरीक्षक एटीएस लखनऊ, कुलदीप नारायण को पुलिस उपमहानिरीक्षक एसटीएफ मेरठ, शहाब रशीद खान को पुलिस उपमहानिरीक्षक यूपी-112, अशोक कुमार चतुर्थ को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ तथा प्रदीप गुप्ता को पुलिस उपमहानिरीक्षक दूरसंचार लखनऊ बनाया गया है।

तबादला सूची के मुताबिक अखिलेश कुमार निगम को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ, कुंतल किशोर को पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं लखनऊ, मनीराम सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक मानवाधिकार लखनऊ, राहुल राज को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मेरठ, प्रमोद कुमार तिवारी को पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, कल्पना सक्सेना को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, पूजा यादव को सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, आनंद कुमार को सेनानायक को 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, डॉ दुर्गेश कुमार को सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर और राजधारी चौरसिया को पुलिस अधीक्षक प्रशासन मुख्यालय लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है।

इसी क्रम में बबीता साहू को सेनानायक 27वी वाहिनी पीएसी सीतापुर, कमला प्रसाद यादव को पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय लखनऊ, रमेश प्रसाद गुप्ता को पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक उत्तर प्रदेश लखनऊ, रामसेवक गौतम को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, सुरेंद्र नाथ तिवारी को पुलिस अधीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, मोहम्मद तारीख को पुलिस अधीक्षक मानवाधिकार मुख्यालय महानिदेशक लखनऊ, पंकज कुमार पांडे को सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, दयाराम को सेनानायक दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर, सर्वानंद यादव को सेनानायक 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, कमलेश दीक्षित को सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, सलमान ताज पाटील को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, विद्यासागर मिश्रा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, तेज स्वरूप को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, डॉ महेंद्र पाल सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ और श्याम नारायण सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

विपक्षी भी मोदी की सरकार बनाने में कर रहे सहयोगः राजभर

लखनऊ, अमृत विचार: सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को कहा है कि विपक्ष भी केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में सहयोग कर रहा है। कुछ नेता करीब आकर तो कुछ नेता दूर से ही सहयोग करने में जुटे हैं। नीतीश कुमार एनडीए में आकर अब करीब से साथ दे रहे हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी दूर से ही सहयोग कर रहे हैं।

पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में राजभर ने सवाल किया कि दिनभर भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करने वाले अखिलेश भाजपा के बड़े नेताओं के पास गुलदस्ता लेकर क्यों जाते हैं? सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बारे में राजभर ने कहा कि वह इस समय दुखी हैं। क्योंकि, उनके हिसाब से सपा नहीं चल रही है। वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने यहां कहा, पश्चिमी उप्र. में राजभर की सभाओं में उमड़ रही भीड़ को देख अखिलेश घबरा गए हैं। भाजपा का लक्ष्य यूपी से सभी सीटें जीतने का है।

वर्ग पहेली-328

बाएं से दाएं

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।

8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

ऊपर से नीचे

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।

2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक

3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का श्रृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।

5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।

6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी

7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।



वर्ग पहेली - 327 का हल

1 हु	2 मा	यूँ			3 शि
	यू		4 जी		ली
	5 स	रा	व	गी	
			लो		
	6 घ	7 म	क	ना	
		सू			8 थो
9 ओ	गा	र	ना		ड़ा

सुडोकू-45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2				8		
		1	5					7
	3			8		9		4
		5	2			7		8
	8						9	
2		9			6	1		
7		3		9			8	
					1	5		
		6				3		

सुडोकू - 44 का हल

5	8	9	1	4	3	6	2	7
4	2	1	9	7	6	3	8	5
6	3	7	2	5	8	1	9	4
8	6	2	4	3	7	9	5	1
7	9	4	5	8	1	2	6	3
3	1	5	6	9	2	4	7	8
2	4	3	7	6	5	8	1	9
1	7	8	3	2	9	5	4	6
9	5	6	8	1	4	7	3	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 11.36 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.58-12.42 तक। **दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 1 फरवरी 01.08 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष: आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

वृष: आज दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

मिथुन: आज कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें। किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। अप्रत्यक्ष रूप से आपके दुश्मन खड़े हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

कर्क: आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारंभिक हिस्सा आपके लिए बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

सिंह: आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर अधीर न रहें। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपके द्वारा बोले गए वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

कन्या: आज आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक होगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए अपना टीम मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें।

तुला: आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। बाधाओं के साथ काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारी की डांट खानी पड़ सकती है।

वृश्चिक: आज इंटरनेट के माध्यम से कुछ सीखने-पढ़ने का प्रयास करेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

धनु: आज सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। एकांतवास में रहने से मन हल्का होगा। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

मकर: आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है।

कुंभ: आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

मीन: आज भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। विवाहेतर संबंधों को यथासंभव टालने का प्रयास करें। आपको पर्याप्त मात्रा में नींद लेनी चाहिए। जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। बिजनेस के नए अवसर मिल सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
- रंग — रात : 07.00

SONY MAX
- सेटर्स — सुबह : 10.46
- केजीएफ : चेप्टर 2 — रात : 09.02

SONY PIX
- मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 09.54
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- आवारापन — सुबह : 10.30
- रावणासुर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- दस — सुबह : 09.53
- मोतीचूर चकनाचूर — रात : 10.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-09.02 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई।
लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 840।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 1865, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1435, सचिन 1435, सूरज 1460, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**–डालमियां 4050, पीलीभीत 4010, नवाबगंज 4000, बहेड़ी (नई) 4010 रुपये।

डिजिटलीकरण से जवाबदेही में होगा सुधार

अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र में एआरडीबी, आरसीएस के कंप्यूटरीकरण की शुरू कीं परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के पंजीयक के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के प्रयासों से उनके कामकाज में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) के लिए कंप्यूटरीकरण परियोजनाओं

का शुभारंभ किया गया है।

शाह ने कहा कि परियोजनाएं संपूर्ण सहकारी तंत्र को एक डिजिटल मंच पर लाकर इसका आधुनिकीकरण करेंगी और इसकी दक्षता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा- इससे सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कंप्यूटरीकरण की कुल लागत 225 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 95 करोड़ रुपये आरसीएस के कंप्यूटरीकरण पर खर्च किए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआरडीबी के कंप्यूटरीकरण से किसानों को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी, कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जरूरी था।

अमित शाह ने कहा कि किसानों को दीर्घावधि ऋण सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए इन एआरडीबी को पैक्स से जोड़ने की योजना है। पहली पहल के तहत, 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा।

किसानों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता



जबलपुर (मप्र)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में 2,367 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जबतक देश के गांवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने न केवल सड़कें बनाई हैं, बल्कि पानी को इकट्ठा करने के लिए तालाब भी बनाए हैं जिससे जल संरक्षण भी होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा– जबतक गांव, गरीब, मजदूर तथा किसान का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्मार्ट' शहर के साथ 'स्मार्ट' गांव विकसित करने की जरूरत है और इसमें सड़कों की अहम भूमिका है।

जी-सोनी विलयः एनसीएलटी ने सोनी को जारी किया नोटिस

मुंबई। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) ने जी एंटरटेनमेंट के एक शेयरधारक की उस याचिका को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने अपनी भारतीय इकाई का सोनी के साथ विलय करने का अनुरोध किया था। नियामक की मंजूरी के बावजूद इस विलय समझौते को पिछले सप्ताह समाप्त कर दिया गया था। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जील) के शेयरधारक मैड मेन फिल्म वेंचर्स द्वारा दायर एक याचिका पर सोनी को नोटिस जारी किया। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था।

ईपीएस-95 में न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक करने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **पेंशनभोगियों ने भूख हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

सेवानिवृत्ति कोष प्रबंधक ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 (ईपीएस-95) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर पेंशनभोगियों ने मंगलवार को भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 योजना के तहत पेंशनभोगियों को इस समय 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन मिलती है। यह पेंशन सितंबर, 2014 में लागू नियमों के मुताबिक दी जा रही है। पेंशनभोगियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 31 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू करेंगे। देशभर से 50,000 से अधिक पेंशनभोगियों के इस आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद है। ईपीएफओ के आंकड़े से पता चलता है कि देशभर में 78 लाख पेंशनभोगी हैं।

पेंशनभोगियों की मांगों के लिए संघर्षरत समिति ने बयान में कहा- ईपीएस-95 की राष्ट्रीय आंदोलन समिति के नेतृत्व में पेंशनभोगी न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये प्रति माह तक बढ़ाने एवं अन्य लाभों की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर 31 जनवरी से दूसरी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। समिति ने कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगें पूरी नहीं की गयी हैं। समिति के अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा- यह हमारी अंतिम चेतावनी है। बार-बार आश्वासन देने के बावजूद हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,500
गिन्नी (प्रति नग)	48,050-48,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,950
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,750।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर वर्ष 2024 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ **आईएमएफ ने ताजा रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत बने रहने की उम्मीद है और यह वर्ष 2024 तथा 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य पर ताजा रिपोर्ट में वैश्विक वृद्धि दर 2024 में 3.1 प्रतिशत और 2025 में 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में 4.6 प्रतिशत और 2025 में 4.1 प्रतिशत रहने की संभावना है। अक्टूबर, 2023 के अनुमान के मुकाबले वृद्धि दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने कहा- भारत की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है और इसके 2024 और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह पिछले साल अक्टूबर में जताये गये अनुमान के मुकाबले 0.2 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ की रिपोर्ट बताती है कि भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना हुआ है।

सोना 200 रुपये मजबूत चांदी में भी 300 रुपये की हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की मजबूती के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में हुई जमकर बिकवाली**

स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 801 अंक लुढ़क गया। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ

21,522.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया। तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा कि कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा-बजट आने में एक दिन बचा है, ऐसे में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया है।

राष्ट्रीय

हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं: राहुल

भारत जोड़ो-न्याय यात्राः पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में रैली को कांग्रेस नेता ने किया संबोधित

पूर्णिया, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा-(हमें) नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा-हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश को ओबीसी,

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को बिहार के पूर्णिया में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए। ● एजेंसी

दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को पूर्णिया पहुंची। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्णिया नहीं पहुंच सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दृश्यता कम होने के कारण उनका (खड़गे का) विमान पूर्णिया हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सका। रैली को खरगे ने अपने एक वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

विपक्षी गठबंधन खुद ही मर जाएगा : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठजोड़ इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का, उसे "ब्रेन डेड" कहकर मजाक उड़ाया और कहा कि यह एक अप्राकृतिक गठबंधन है और जल्द ही अपनी मौत खुद ही मर जाएगा। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि अन्य दलों के साथ झगड़ा करना कांग्रेस का स्वभाव है।

मंदिरों में ध्वजस्तंभ से आगे गैर-हिंदुओं का प्रवेश वर्जित वाले बोर्ड लगाने का निर्देश

मदुरै। मद्रास उच्च न्यायालय ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार के हिंदू धर्म और धमार्थ बंदोबस्ती विभाग को सभी हिंदू मंदिरों में बोर्ड लगाने का निर्देश दिया जिसमें लिखा हो कि गैर-हिंदुओं को मंदिरों में 'कोडिमारम' (ध्वजस्तंभ) क्षेत्र से आगे जाने की अनुमति नहीं है। अदालत ने कहा कि हिंदुओं को भी अपने धर्म को मानने और उसका पालन करने का अधिकार है। उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ की न्यायमूर्ति एस श्रीमति ने डी. सेंथिल कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। सेंथिल कुमार ने प्रतिवादियों को अरुल्मिगु पलानी धनदायुतपानी स्वामी मंदिर और उसके उप मंदिरों में केवल हिंदुओं को जाने की अनुमति का निर्देश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने मंदिरों के सभी प्रवेश द्वार पर इस संबंध में बोर्ड भी लगवाने का निर्देश का अनुरोध किया था।

जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध पर समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के लिए याचिकाओं पर विचार करने के समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। साथ ही न्यायालय ने प्रशासन से उन्हें प्रकाशित करने के लिए भी कहा।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज को निर्देश लेने और सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर

में इंटरनेट प्रतिबंधों पर केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली एक विशेष समिति द्वारा पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की मांग की गई थी। नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता समिति के विचार-विमर्श के प्रकाशन की मांग कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-समीक्षा आदेश किसलिए हैं? समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। कहा-समिति के विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं हो सकता है, लेकिन पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करना आवश्यक है।

वसूली मामले में मुंबई के पुलिस आयुक्त को दी क्लीनचिट

ठाणे। सीबीआई ने पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह और अन्य के खिलाफ दर्ज कथित जबरन वसूली के मामले को बंद करने के संबंध में रिपोर्ट पेश की है।

एजेंसी ने 18 जनवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट पेश की। अदालत फरवरी में रिपोर्ट पर विचार कर सकती है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मामले में तथ्य और परिस्थितियां आरोपों को साबित नहीं करतीं या किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई भी सबूत का खुलासा नहीं करतीं। क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया, वर्ष 2016-2017 के दौरान हुई घटना के बारे में शिकायत 2021 में कराई गई। इस समय तक वह सबूत उपलब्ध नहीं थे जो सच्चाई को साबित करने में मददगार हों।

एक नजर

राष्ट्रपति, मोदी ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यहां राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता के सम्मान में कुछ देर का मौन भी रखा गया मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं।

मणिपुर में गोलीबारी में दो व्यक्तियों की मौत

इंफाल। मणिपुर में मंगलवार को एक शिविर पर अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में दो ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर लमशांग इलाके में कडांगबंद गांव के पास स्थित शिविर में हुई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 33 वर्षीय एन. माइकल और 23 वर्षीय एम. खाबा के रूप में हुई है।

संयुक्त परिवार का चलन समाप्त होने से वृद्धजनों की नहीं हो पा रही देखभाल

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी

बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी की है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं। यह आदेश उपमंडल

अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था। महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे परेशान किया और उसे घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। बाद में महिला अपने बड़े बेटे के साथ ठाणे में रहने लगी। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी और व्यक्ति और उसकी पत्नी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने का निर्देश दिया।

जम्मू-कश्मीर में शक्तिशाली विस्फोटक बरामद

जम्मू, एजेंसी

पुलिस ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मलेशियाई बैटरी से लैस दो शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर एक बड़ी घटना को टाल दिया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा श्मशान घाट के पास बेईन नाला के किनारे सुबह-सुबह तलाशी अभियान के दौरान झाड़ियों में छिपाई गई पॉलिथीन में पैक दो संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। तत्काल बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया। जांच में पता चला कि दोनों वस्तुएं आईईडी थीं। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक आईईडी एक प्लास्टिक बोतल के भीतर थी। बोतल और इसमें एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक 9वी बैटरी (मलेशियाई), एक सर्किट, स्प्लिंटर्स के रूप में काम करने वाले स्क्रू और विस्फोटक सामग्री जैसे घटक शामिल थे। इसके अतिरिक्त आईईडी रखने वाले प्लास्टिक कंटेनरों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से लेपित किया गया था।

जब तक जीवित हूं, बंगाल में सीएए लागू नहीं होने दूंगी

रायगंज (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने लाभ लेने के लिए आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है। बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं जब तक मैं जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी।

पीएफआई षड्यंत्र मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने को उन्हें लड़ने के लिए हथियारों का प्रशिक्षण देने से संबंधित मामले में प्रतिबंधित पीएफआई के तीन कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर रोकथाम की कार्रवाई करते हुए राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में वाजिल अली, मुबारक अली और शमशेर खान के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया है।

बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों को दिया गया आश्वासन**

सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक में बातचीत बहुत सौहार्दपूर्ण रही और सरकार इस छोटे सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है।

रक्षामंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जदयू के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो-न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया। उच्च सदन में कांग्रेस के उप नेता तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि देश में अघोषित तानाशाही कायम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इस बार 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच संसद सत्र होगा।

सांसदों का निलंबन वापस लिया जाएगा

संसद के बजट सत्र में संसद में अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार ने पिछले सत्र में निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव किया है और दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बुधवार से शुरु हो संसद के संक्षिप्त बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सांसदों का निलम्बन वापस लेने के बारे में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति से बात की है। उन्होंने कहा कि बैठक में कुल 30 दलों के 45 नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अनुकूल माहौल में अपनी बातें रखी। बैठक में सरकार ने सांसदों से आग्रह किया है कि यह 17वीं लोकसभा का आखिरी और बहुत छोटा सत्र हैं। सत्र में संसद का काम पूरा हो सके इसलिए सौहार्दपूर्ण माहौल में संसद चलाने और सदन में तख्तियां लेकर नहीं आएं।

राहुल और जडेजा के चोटिल होने से बढ़ीं चयनकर्ताओं की मुश्किलें

पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर श्रृंखला में वापसी करने पर

नई दिल्ली, एजेंसी

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के पहले टेस्ट मैच में चोटें लगने से चयनकर्ताओं के सामने दुविधा पैदा हो गई है कि उनकी जगह किन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाए। दरअसल पहले मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला में वापसी पर है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करके मैच अपने पाले में कर लिया।

4 स्पिनरों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

भारतीय टीम इंग्लैंड की तरह ही 4 स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बाएं हाथ के स्पिनर हैं और हाल ही में शतक भी लगा चुके हैं।

रविंद्र जडेजा और राहुल का विकल्प तलाशना मुश्किल

जडेजा और राहुल दोनों ही मांसपेशियों में दर्द से जूझ रहे हैं। जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल है और राहुल वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं। लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं, जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

अनिल कुंबले ने कुलदीप यादव को दी तरजीह

स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। चार टेस्ट के अपने कॅरिअर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाए हैं और दो विकेट भी लिए हैं।

पूर्व चयनकर्ता ने दी 3 स्पिनरों के साथ उतरने की सलाह

पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं है। अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरुआत शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए।

इंग्लैंड के खिलाड़ियों में भारत को मात देने की क्षमता : बेन स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम में जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है वे भारत को उसकी धरती पर मात देने में सक्षम हैं। टॉम हार्टले ने अपने पहले टेस्ट में ही भारत की दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को 28 रन से यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इंग्लैंड की टीम हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में सिर्फ एक तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ मैदान में उतरी और उसकी यह रणनीति कामयाब रही।

स्टोक्स ने कहा कि कभी-कभी अनुभवहीनता को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालांकि इसमें संदेह नहीं कि अनुभवी खिलाड़ी इन परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करता है। इस दौरे के लिए हमने जिन स्पिनरों को चुना है, वे भारत को हराने का सबसे अच्छा मौका देंगे। हम चाहते हैं कि वे परिणाम के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

अक्षदीप सिंह ने पैदल चाल में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

चंडीगढ़, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरुषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर अपना ही एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड का क्वालीफाइंग मार्क पार किया। उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकंड का समय निकाला। वह पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय हैं।

प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं। एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स संघ को तय करना है कि इन चारों में से कौन पेरिस जाएगा। मंजू रानी ने 1:34:16 के समय के साथ महिलाओं की रेस वॉक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। रानी के बाद पोडियम पर पायल (1:34:45) और मुनिता प्रजापति (1:35:36) ने जगह बनाई।

सूरज पंवार, प्रेमजीत सिंह बिष्ट ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

मुशीर का शतक, सुपर 6 मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 214 रन से रौंदा

296 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 81 रन पर हुई ढेर

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

मुशीर खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप में सुपर-6 के पहले मुकाबले न्यूजीलैंड को 214 रनों से हरा दिया है। मुशीर खान ने 131 रन की शतकीय और आदर्श सिंह ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 8 विकेट पर 295 रनों का स्कोर खड़ा किया।

296 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। न्यूजीलैंड ने पहले ही ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज टॉम जोन्स का विकेट शून्य पर गवां दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के विकेट लगातार गिरते चले गए। जेम्स नेल्सन 10 रन, कप्तान ऑस्कर जैक्सन 19 रन, जैक कमिंग16 रन, एलेक्स थॉम्पसन 16 रन बनाकर आउट हुए।

शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। सौमी पांडे के 4 विकेट, मुशीर खान और राज लिंबानी के दो-दो विकेट, नमन तिवारी और अर्शीन कुलकर्णी के एक-एक विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को 28.1 ओवर में 81 रन पर ढेर कर विश्व कप का पहला सुपर 6 मुकाबला जीत लिया।

131 रन की पारी खेली मुशीर खान ने

52 रन बनाए अदर्श सिंह ने 58 गेंदों में

शुरुआती झटकों के बाद मुशीर ने संभाली पारी

टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का विकेट पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर खो दिया। इसके बाद आदर्श सिंह ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। आदर्श 58 गेंद में छह चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान उदय सहारन ने मुशीर के साथ 87 रन की साझेदारी की। उदय 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अरावेली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, सचिन दास 15 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुशीर खान ने शतक जड़ा। यह उनका इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक है। मुशीर खान ने टूर्नामेंट में चार मैच की चार पारियों में 81.25 की औसत से 325 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से मेसन क्लार्क ने 4 विकेट लिए। रयान त्सोर्गस, इवाल्ड श्रेडर, जैक कमिंग और ओलिवर तेवतिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

खेल डायरी

दीप्ति शर्मा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

दुबई। भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि भारत की रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा 3 पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है, इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर है। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, जबकि उनकी हमवतन ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

हॉकी : भारत ने कीनिया को 9-4 से हराया

मस्कट। उत्तम सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के पांचवें से आठवें स्थान के वर्गीकरण मैच में कीनिया के खिलाफ 9-4 से शानदार जीत हासिल की। उत्तम ने तीन गोल किए, जबकि मंजीत, पवन राजभर, मनदीप मोर, गुरजोत सिंह ने एक-एक और मोहम्मद राहील ने दो गोल दागे। कीनिया के लिए मोसेस अडेंबा ने 3 और कप्तान इवान लुडियाली ने एक गोल किया। भारत ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। टीम ने शुरुआती मिनटों में कीनिया के गोलकीपर को कई बार चुनौती दी। भारत टूर्नामेंट में अब बुधवार को पांचवें और छठे स्थान का मैच खेलेगा। इससे पहले राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड ने 7-4 से हरा दिया।

मयंक की विमान में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

अगरतला। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल की दिल्ली के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मयंक अब खतरे से बाहर हैं। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि मयंक अगरतला के एक अस्पताल में निगरानी में है। डॉक्टरों से अपडेट मिलने के बाद वापस बेंगलुरु ले जाएंगे। मयंक ने किसी साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। मयंक अग्रवाल के मुताबिक उन्होंने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइन के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वे बीमार पड़ गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।

त्रीशा-गायत्री दूसरे दौर में, अश्विनी-तनीषा से होगी भिड़ंत

थाईलैंड मास्टर्स

बैंकॉक। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में लोक लुइ और विंग युंग एनजी की हांगकांग की जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे और 14 मिनट में 16-21, 21-10 21-18 से जीत दर्ज की। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन गैर वरीय जोड़ी से भिड़ेंगी। तनीषा और अश्विनी ने लिंग फैंग हू और शियाओ मिन लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-13, 21-17 से हराया। पुरुष एकल में भारत के समीर वर्मा और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रामण्यम दो क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में सफल रहे। समीर ने अमेरिका के होवार्ड शू को पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के पहले दौर में 21-9, 21-16 से हराने के बाद चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ को 16-21, 21-16, 21-15 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। मुथुस्वामी ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 9-21, 21-17, 21-12 से हराने के बाद थाईलैंड के कोराकृत लाओत्राकुल को 20-22, 21-10, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। समीर पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस जबकि मुथुस्वामी मलेशिया के जुन हाओ लियोंग से भिड़ेंगे।

दिव्या देशमुख ने दर्शकों पर लगाया लिंगभेद का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

शतरंज खिलाड़ी दिव्या ने नीदरलैंड दौरे का साझा किया अनुभव

भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा।

नागपुर की 18 वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्योरा दिया है। उन्होंने लिखा कि मैं काफी समय से इस पर बोलना चाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मैंने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं। हाल ही में खुद यह अनुभव किया। कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर गर्व है। उन्हें लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान उनके खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे कपड़े, बाल, लहजे पर था।



देशमुख चैलेंजर श्रेणी में 4.5 स्कोर करके 12वें स्थान पर रहीं। उन्होंने कहा कि पुरुष खिलाड़ियों को उनके खेल के लिए जाना जाता है जबकि महिलाओं के मामले में उलटा है।

उन्होंने कहा कि वह इससे काफी दुखी थी। यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते। महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है। इतने साल तक यह सब झेला है। महिलाओं को भी समान सम्मान मिलना चाहिए।

एआईएफएफ के महासचिव बर्खास्त

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने अव्यवस्था के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को उनके इस्तीफे की मांग की, जबकि शाजी प्रभाकरन को महासचिव के रूप में दूसरी बार बर्खास्त किया गया।

एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने मंगलवार को प्रभाकरन को महासचिव पद से हटा दिया, जबकि इससे दो महीने से अधिक समय पहले सात नवंबर को विश्वास के उल्लंघन के लिए आपात समिति ने ऐसा ही किया था।

मुंबई ओपन चैंपियनशिप 5 फरवरी से

मुंबई, एजेंसी

मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, इसका आयोजन 6 साल बाद मुंबई में 5 से 11 फरवरी तक होगा।

मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि युगल वर्ग में छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे टूर्नामेंट के एकल में भाग लेने वाली 32 खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी हैं। वह 2016 में अमेरिकी ओपन में लड़कियों की एकल वर्ग की चैंपियन रही है। जापान की नाओ हिबिनो और फ्रेंच ओपन की पूर्व सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक एकल में शीर्ष 100 में शामिल दो अन्य खिलाड़ी है।

अंकिता रैना एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। युगल में भारत की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है।

बॉलीवुड हलचल

स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी पुष्पा २

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा द राइज की जबरदस्त सफलता के बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल पुष्पा 2 लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने पुष्पा 2 का नया पोस्टर लॉन्च किया है। पुष्पा 2 : द रूल का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा कि पुष्पा राज का शासन शुरू होने में बस 200 दिन बाकी। 15 अगस्त को दुनियाभर में होगी रिलीज। पुष्पा : द राइज को सुकुमार ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म के निर्देशक सुकुमार और अभिनेता अल्लू अर्जुन मई के अंत तक पुष्पा 2 की शूटिंग खत्म करने की कोशिश में हैं। कहा जा रहा है कि अभी फिल्म की लगभग 100 दिनों की शूटिंग बाकी है, जिसे खत्म करने के लिए टीम अगले 5 महीनों तक लगातार शूटिंग करेगी।

वीडियो में बोल्ड अंदाज में दिखने पर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुईं साक्षी चोपड़ा

रामानंद सागर की पड़पोती साक्षी चोपड़ा की बोल्ड फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। साक्षी चोपड़ा इन दिनों अपने एक गाने को लेकर चर्चा में हैं। साक्षी चोपड़ा के गाने के नाम घोस्ट्स है। जिसको लेकर एक्ट्रेस खूब ट्रोल हो रही हैं। इस वायरल हो रहे गाने में साक्षी चोपड़ा बेहद बोल्ड अंदाज में दिखाई दीं। साक्षी चोपड़ा को उनके बोल्ड अंदाज को लेकर खूब ट्रोल हो रही है। साक्षी चोपड़ा के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए यूजर्स उनकी तुलना उर्फी जावेद से करते हुए नजर आए तो वहीं फैंस को साक्षी चोपड़ा का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है। फैंस साक्षी चोपड़ा के इस डांस वीडियो की जमकर तारिफ करते हुए नजर आए।

मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा की पहली मराठी और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली फिल्म 2 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी। स्मृति सिन्हा इस फिल्म के जरिये मराठी और हिंदी में डेब्यू कर रही हैं। वह इस फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनके साथ पुष्कर जोग, पूजा सावंत, दिशा परदेशी और पुष्कराज चिरपुटकर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि यह उनके लिए शानदार मौका है अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का। पूरा भरोसा है कि उनका काम मराठी ऑडियंस को भी बेहद पसंद आएगा। साथ ही हिंदी भाषी लोगों को भी फिल्म मुसाफिरा अपनी ओर आकर्षित करेगी। स्मृति सिन्हा ने कहा कि उन्हें अपनी मेहनत और काबिलियत पर भरोसा है। उन्होंने हमेशा कोशिश की कि अपने हिस्से का किरदार पूरी संजीदगी से निभाएं, वह चाहे रियल लाइफ में हो या रील लाइफ में।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज

अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। टाइटल ट्रैक में शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। यह गाना राघव और तनिष्क बागची द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गाने को दोनों ने असीस कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल बागची ने लिखे हैं। शेख जानी बाशा ने गाने की कोरियोग्राफी की है। दिनेश विजान निर्मित तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

सनी लियोनी ने नोएडा में खोला रेस्टोरेंट

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने फूड इंडस्ट्री के बिजनेस में कदम रखा है। सनी ने अपना खुद का रेस्टोरेंट शुरू किया है, जिसकी ओपनिंग राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में की गई है। इसको लेकर सनी लियोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ वीडियो और फोटोज भी शेयर की हैं। सनी लियोनी के रेस्टोरेंट का नाम चिका लोका है। सनी लियोनी ने बताया कि वह एक्टिंग और फिल्मों के साथ बिजनेस में कदम बढ़ा रही हैं। रेस्टोरेंट के अलावा वे और भी कई सारे आइडियाज में काम करना चाहती हैं।

ऋतिक रोशन को कॉमेडी फिल्म करने का बेसब्री से इंतजार

ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच ऋतिक रोशन ने कहा कि वह पिछले कुछ समय से कॉमेडी फिल्म करने का इंतजार कर रहे हैं। ऋतिक रोशन ने कहा कि वह एक कॉमेडी फिल्म करने के लिए उतावले हैं। लेकिन कोई स्क्रिप्ट नहीं मिली है। वह अमेरिकी कॉमेडी फिल्म हैंगओवर जैसी कहानी की तलाश में हैं। इस तरह से ऋतिक रोशन ने अक्षय कुमार और अजय देवगन को टक्कर देने के लिए सोच लिया है। दरअसल, अक्षय कुमार और अजय देवगन कॉमेडी फिल्में करते नजर आते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333, 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आश्चर्यजनक ब्लैक होल खोज निकाला है, जो अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा है। इस तरह की यह पहली खोज है, जो ब्रह्मांड के एक अजूबे रहस्य को उजागर करती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बिग बैंग के 400 मिलियन बाद यह ब्लैक होल अस्तित्व में आया था।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों का मानना है कि ये ब्रह्मांड का सबसे पुराना ज्ञात ब्लैक होल है। हबल स्पेस टेलीस्कोप ने इसे खोजा है। इस आकाशगंगा का नाम जीएन- जेड11 है। यह एक महाविशाल प्राचीन ब्लैक होल है, जो इस आकाशगंगा के केंद्र में स्थित है। इस खोज मे खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम शामिल थी। वैज्ञानिकों का कहना है आधुनिक सिद्धांतों के अनुसार इस ब्लैक होल की उम्र 13 अरब वर्ष से अधिक हो सकती है। यह ब्लैक होल अपनी मेजबान आकाशगंगा को खा रहा है। प्रारंभिक ब्रह्मांड में ब्लैक होल की गतिविधि की नई जानकारी मिलती है। यह एक प्रकार से बेहद भूखे ब्लैक होल हैं। ब्रह्मांड इस तरह के ब्लैक होल और भी हो सकते हैं। यूके में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में यह खोज की गई। याग ब्लैक होल आकार में हमारे सूर्य से लाखों गुना बड़ा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्माण्ड में इतने बड़े ब्लैक होल की वजह प्रारंभिक आकाशगंगाओं के अत्यधिक गैस-समृद्ध होना हो सकता है।

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल।

ब्रह्मांड की खोज का नया युग है यह दौर

नैनीताल: वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की खोज की दिशा में यह एक नए युग की शुरुआत है। वेब और हबल जैसी दूरबीनों के आ जाने से ब्रह्मांड की नित नई ऐसी जानकारी मिल रही है, जो हमारी कल्पनाओं से भी परे हैं और भविष्य में इस तरह की न जाने कितने रहस्य उजागर होंगे, जिनके बारे में हम कभी सोच भी नही सकते।

10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की सजा

कोलंबो। श्रीलंका की एक अदालत ने देश के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए 10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की निलंबित सजा सुनाई।

उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के पॉइंट पेड्रो के मजिस्ट्रेट ने सोमवार को सजा सुनाते हुए नौका के मालिक को 24 अक्टूबर को अगली सुनवाई के दौरान अदालत में पेश होने का आदेश भी दिया। अवैध रूप से मछली पकड़ने के मामले में नौका जब्त की जा चुकी है। दो साल की जेल की सजा को पांच साल के लिए निलंबित करने का मतलब है कि मछु आरे वास्तव में जेल नहीं जाएंगे बल्कि उनकी सजा पांच साल के लिए निलंबित कर दी गई है। 23 दिसंबर को गिरफ्तार किए गए मछुआरे तीन बार अदालत में पेश हो चुके हैं।

भारत ने इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के लिए द्विराष्ट्र समाधान का किया समर्थन : जयशंकर

मुंबई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत दशकों पुराने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष को समाप्त करने के लिए द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर की शुरुआत में यहूदी देश के अंदर हमास के हमलों के बाद गाजा पट्टी में युद्ध भड़क उठा है जिसकी समाप्ति का कोई संकेत नहीं दिखता।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), मुंबई के छात्रों के साथ बातचीत में एक सवाल का जवाब देते हुए, जयशंकर ने कहा कि यह निश्चित रूप से भारत का और बहुत बड़ी संख्या में देशों का विचार है कि द्विराष्ट्र समाधान ही कारगर हो सकता है जहां इजराइल के साथ फलस्तीन राष्ट्र होना चाहिए। तो आज हमारे लिए सभी पहलू हैं। हम एक पहलू नहीं ले सकते और यह नहीं कह सकते कि यही एकमात्र पहलू है।

क्षमता और प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है हम मदद करें

लाल सागर में मर्चेंट नेवी के पोतों पर हमले और क्षेत्र में भारतीय नौसेना के पोतों की तैनाती के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की क्षमता, अपने हित और प्रतिष्ठा के लिए आज जरूरी है कि वह कठिन परिस्थितियों में वास्तव में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 पोत तैनात किए हैं। अधिकारियों ने बताया भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर ईरानी झंडा लगे मछली पकड़ने के जहाज पर समुद्री डाकुओं के हमले के बाद उस पर सवार चालक दल के 19 पाकिस्तानी सदस्यों को बचाया। आईएनएस सुमित्रा को अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्व में समुद्री दस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है।

एक नजर

अमेरिका ने शुरू किया एच-1बी वीजा के नवीनीकरण के लिए कार्यक्रम

वाशिंगटन। अमेरिका ने सबसे अधिक मांग में रहने वाले एच-1बी विदेश कार्य वीजा का देश में ही नवीनीकरण करने का एक पायलट कार्यक्रम औपचारिक रूप से शुरू कर दिया है। इस कदम का हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशवरों को लाभ मिलने की संभावना है। एच-1बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस पर निर्भर रहती हैं। वीजा नवीनीकरण का यह कार्यक्रम 29 जनवरी को शुरू किया गया और यह एक अप्रैल तक चलेगा। इससे एच-1बी वीजा धारकों को अपने वीजा के नवीनीकरण में मदद मिलेगी। इस संबंध में एक घोषणा पिछले साल जून में प्रधानमंत्री मोदी की आधिकारिक यात्रा के दौरान की गई थी।

नाइजीरियाई सेना के हवाई हमले में मारे गए 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता

अबुजा। नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत कदुना में सेना की ओर से सप्ताहांत में किए गए हवाई हमले में कम से कम 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना के प्रवक्ता एडवर्ड गैबक्वेट ने कहा कि खुफिया रिपोर्ट के बाद एक अभियान चलाया गया था। एक सैन्य लड़ाकू जेट ने कदुना के बिरनिन ग्वारी इलाके में 15 मोटरसाइकिलों के काफिले में सवार संदिग्धों की गतिविधियों को देखा गया था। उन्होंने कहा कि आपराधिक समूह उसी क्षेत्र में सैनिकों पर घात लगाकर किए गए हमले के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने बिरनिन ग्वारी में निर्दोष नागरिकों पर कई हमले किए और अपहरण की वारदात का भी अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि संदिग्ध अपहरणकर्ताओं का पीछा किया गया और उन पर सटीक हमला कर उनका खात्मा किया गया।

पाकिस्तान ने माच जेल पर हमले को किया विफल, पांच आतंकवादी ढेर

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत की माच जेल पर आतंकियों ने रॉकेट और अत्याधुनिक हथियारों से हमला कर दिया, लेकिन सुरक्षा बलों ने कम से कम तीन समन्वित हमलों को विफल कर दिया और एक प्रतिबंधित समूह के कम से कम पांच आतंकवादी मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात कम से कम 15 रॉकेट केंद्रीय माच जेल को निशाना बनाते हुए दागे गए। इस जेल में कई खतरनाक आतंकवादियों और ऐसे कैदियों को रखा गया है। बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा पाकिस्तानी सेना और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी बलूचिस्तान ने इन हमलों को विफल करने के लिए बेहद तेजी से कार्रवाई की।

बलूचिस्तान में इमरान की पार्टी रैली में विस्फोट, चार की मौत

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की एक रैली में बलूचिस्तान में मंगलवार को हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट सिबी शहर में जिन्ना रोड पर उस समय हुआ जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेशनल असेंबली उम्मीदवार की एक चुनावी रैली वहां से गुजर रही थी। सिबी में जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बाबर ने चार लोगों के मारे जाने और पांच अन्य लोगों के घायल होने की पुष्टि की। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस हमले की जगह पर पहुंची और अपराधियों की तलाश शुरू की। पीटीआई पार्टी ने कहा कि विस्फोट के जरिये पार्टी समर्थित उम्मीदवार सद्दाम तरीन की एक चुनावी रैली पर हमला किया गया, जो निर्वाचन क्षेत्र से आगामी चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम इस हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि पीटीआई कार्यकर्ताओं के बजाय आतंकवादियों के खात्मे पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

खान यूनिस में अब तक इजरायली सेना ने दो हजार फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया

दावा: गाजा पट्टी पर तीन माह में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का हो जा चुका है सफाया

यरुशलम, एजेंसी

30 से 40 हजार के बीच है हमास सैनिकों की संख्या

26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं गाजा पट्टी में अब तक

इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक अभियान के दौरान 2,000 से अधिक फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता आर.डी. एम.एल. डैनियल हगारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता हगारी ने कहा कि हाल के सप्ताहों में आईडीएफ के जवान हमास बटालियनों के सैन्य ढांचे को नष्ट करने का काम कर रहे हैं। हमने पहले ही पूर्वी खान यूनिस में हमास के दो बटालियनों को नष्ट कर दिया है और अब हम पश्चिम की ओर बढ़कर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। अभियान में कई कमांडरों को मार गिराया है और कई भाग गए हैं, कुछ ने आत्मसमर्पण कर दिया है, या गिरफ्तार किए गए हैं और बचे हुए आतंकवादी असंगठित आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे खान यूनिस में हमने 2,000 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायली सेना का दावा है कि गाजा पट्टी पर इजरायली आक्रमण के बाद से तीन महीनों में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का सफाया किया जा चुका है। विभिन्न कयासों के अनुसार हमास सैनिकों की कुल संख्या 30,000 से 40,000 के बीच है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और इजरायल की सीमा में घुसकर 1,200 से अधिक लोग मारे डाला था और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया था। वहीं, इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को सुरक्षित बचाकर लाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी स्तर पर हमला शुरू किया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं।

गाजा से हटने और आतंकवादियों की रिहाई से नेतन्याहू ने किया इनकार

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि गाजा से कोई सैन्य वापसी या जेल में बंद हजारों आतंकवादियों की रिहाई नहीं होगी। फिलहाल चल रही अप्रत्यक्ष संघर्ष विराम वार्ता में हमास की तरफ से रखी गई यह दो मांग प्रमुख हैं। कब्जे वाले पश्चिमी तट में एक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने एक बार फिर संकल्प जताया कि हमास पर पूर्ण विजय के बिना युद्ध समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने सभी लक्ष्यों को हासिल किए बिना युद्ध खत्म नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम गाजा पट्टी से इजरायली सेना को नहीं हटाएंगे और हजारों आतंकवादियों को रिहा नहीं करेंगे।

इजराइली सेना का अस्पताल में हमला, तीन आतंकवादी ढेर

जेनिन। असैन्य महिलाओं और चिकित्सा कर्मियों के भेष में इजरायली बलों ने मंगलवार को वेस्ट बैंक में एक अस्पताल पर हमला किया, जिसमें एक नाटकीय हमले में तीन फिलिस्तीनी आतंकवादियों की मौत हो गई। इससे पता चलता है कि गाजा में युद्ध से क्षेत्र में कितनी घातक हिंसा फैल गई है। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली बलों ने जेनिन कस्बे में स्थित इब्न सिना अस्पताल के वार्डों में गोलीबारी शुरू कर दी। मंत्रालय ने हमले की निंदा की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का आह्वान किया कि अस्पतालों में इस तरह के अभियानों पर रोक लगाने के लिए इजराइल की सेना पर दबाव बनाया जाए। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों तरफ से गोलीबारी नहीं हुई जिससे संकेत मिलता है कि यह निशाना साधकर लोगों को मारने का मामला है। सेना ने कहा कि आतंकवादी छिपने के लिए अस्पताल का इस्तेमाल कर रहे थे। हालांकि उसने इस बाबत सबूत पेश नहीं किए। उसने आरोप लगाया कि हमले में जिन लोगों पर निशाना साधा गया उनमें से एक ने सात अक्टूबर को दक्षिण इजराइल पर हमास के हमले के बाद एक सुनियोजित हमले के लिए अन्य लोगों को हथियार और गोला-बारूद पहुंचाए थे।

इमरान और कुरैशी को सिफर मामले में 10 साल की सजा

पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के उप नेता शाह महमूद कुरैशी की बेटी गौहर बानो कुरैशी (बाएं) और पत्नी महरीन कुरैशी ने अदियाला जेल के बाहर अदालत के फैसले के बाद मीडिया से बात की। ● एजेंसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की राजनीति में मंगलवार को उस समय तूफानी घटनाक्रम सामने आया जब सरकारी गोपनीयता कानून मामलों की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में मंगलवार को 10 साल की सजा सुनाई। सुनवाई की शुरुआत में खान और कुरैशी को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 342 के तहत एक प्रश्नावली दी गई।

खान की ओर से बयान दर्ज करने के बाद अदालत ने उनसे सिफर के ठिकाने के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मैंने अपने बयान में यही कहा है जो मुझे नहीं पता। सिफर मेरे कार्यालय में था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों नेताओं को 10 साल जेल की सजा सुनाई। फैसला सुनाने के बाद न्यायाधीश अदालत कक्ष से बाहर चले गए। कुरैशी ने यह कहते हुए विरोध जताया कि उनका बयान दर्ज नहीं किया गया। विशेष अदालत का यह फैसला पाकिस्तान में आगामी आठ फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव से नौ दिन पहले आया है। इस चुनाव में पाकिस्तान तहरी-ए-इंसाफ पार्टी सरकार की सख्ती के बीच और बिना किसी चुनावी चिह्न के भी चुनाव लड़ रही है। बदले घटनाक्रम में अब खान और कुरैशी दोनों नेता अगले पांच साल के लिए कोई चुनाव नहीं लड़ सकते। इस बीच एक नेता ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान इमरान और कुरैशी के साथ खड़ा है। दोनों ने देश को बचाने का काम किया है और हकीकी आजादी के लिए खड़े हुए हैं। सिफर मामले में कानून का पूरी तरह से मजाक बनाया गया और उसकी अवहेलना की गई है। दोनों को न्याय दिलाने की हम प्राथमिक जिम्मेदारी नहीं भूलेंगे।

शाह महमूद कुरैशी और इमरान खान

भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने के आरोप में ठहराया दोषी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में आधे टन से अधिक कोकीन भेजने का दोषी ठहराया गया है। जांच के बाद पता चला कि वे एक कंपनी से जुड़े थे। उन्होंने कंपनी के नाम पर धातु के टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर कोकीन विमान से ऑस्ट्रेलिया भेजी थी। भारत ने आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग की है।

जांच एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मई 2021 में सिडनी पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी और राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के जांचकर्ताओं ने इसे भेजने वाले की पहचान ईलिंग के हनवेल की 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा के रूप में की। धीर और रायजादा ने ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने और धन शोधन के आरोपों से इनकार किया है। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायाधीशों की जूरी ने उन्हें निर्यात के 12 मामलों और धन शोधन के 18 मामलों में दोषी ठहराया। ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने पर इन नशीले पदार्थों की कीमत 5.7 करोड़ पाउंड तक होती, जहां कीमतें ब्रिटेन की तुलना में काफी अधिक हैं। ब्रिटेन में थोक में एक किलोग्राम कोकीन की कीमत लगभग 26,000 पाउंड प्रति किलोग्राम है।

▸▸ भारत ने की आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग, टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर विमान से भेजी थी कोकीन

ह्यूस्टन में एक हवाई बैनर पर लिखा है, ब्रह्मांड जय श्रीराम का नारा लगा रहा है। अयोध्या श्रीराम मंदिर अभिषेक समारोह के एक सप्ताह बाद एक विमान के माध्यम से ह्यूस्टन के आसमान पर दिखा यह दृश्य। ● एजेंसी

ह्यूस्टन: लहराया 'जय श्रीराम' का बैनर

ह्यूस्टन। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक सप्ताह के बाद भी भारतीय अमेरिकियों के बीच उत्साह का माहौल है और अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हवाई जहाज से एक बैनर लहराया गया जिस पर लिखा था यूनिवर्स चैंट्स जय श्रीराम यानी ब्रह्मांड में गूंज रहा जय श्री राम का मंत्र।

ह्यूस्टन में पिछले दिनों कंपकंपाती सर्दी और बारिश के बाद परंपरागत भारतीय परिधान पहने भारतवंशी लोग गुजरात समाज और अन्य स्थानों पर जमा हुए। वे भगवा झंडे हाथ में लिए हुए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जिस विमान पर यह बैनर लहराया गया, उसके पायलट का भी जय श्री राम के नारे लगाकर अभिनंदन किया गया। आयोजकों ने पूरे ह्यूस्टन में अपनी तरह के पहले हवाई बैनर के बारे में प्रचार किया। भारतीय मूल के लोग आसमान में निहारते रहे। इसके लिए प्रचार करने वाले फ्लायर पर लिखा था आसमान पर नजर रखें और जब आप अपने इलाके में विमान को देखें तो जय श्रीराम के नारे लगाएं। इस शो के आयोजक उमंग मेहता ने कहा कि 500 साल के संघर्ष के बाद श्री राम मंदिर के उद्घाटन का उत्सव मनाने के लिए इस कार्यक्रम की कल्पना की गई।

पर्ड्यू विश्वविद्यालय में लापता भारतीय छात्र की मौत की पुष्टि

वाशिंगटन। अमेरिका के इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पर्ड्यू विश्वविद्यालय के लापता भारतीय छात्र की मौत हो गई है। विश्वविद्यालय ने इसकी पुष्टि की। भारतीय छात्र नील आचार्य रविवार को लापता हो गया था। पर्ड्यू के परिसर में मौरिस जे. जुक्रो प्रयोगशाला के पास नील का शव मिलने के बाद टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के अंतरिम प्रमुख क्रिस क्लिफ्टन ने सोमवार को विभाग को भेजे एक ईमेल में कहा कि बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि हमारे एक छात्र नील आचार्य का निधन हो गया है। नील की मौत की पुष्टि से पहले उसकी मां गौरी आचार्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि हमारा बेटा नील आचार्य 28 जनवरी से लापता है। वह अमेरिका में पर्ड्यू विश्वविद्यालय में पढ़ता है। आखिरी बार उसे उबर चालक ने देखा था।

▸▸ 28 जनवरी से लापता था नील आचार्य आखिरी बार उबर चालक ने देखा था

राष्ट्रपति मुइज्जू मांगे भारतीय पीएम से माफी: जम्हूरी पार्टी

माले, एजेंसी

मालदीव में जम्हूरी पार्टी के नेता जसीम इब्राहिम ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए राजनयिक सुलह करने का अनुरोध किया है। इब्राहिम की यह मांग चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू की उन टिप्पणियों के संदर्भ में की गई है जिसमें इस महीने की शुरुआत में उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर भारत को धमकाने वाला देश बताया था।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच 13 जनवरी को चीन की पांच दिवसीय हाई-प्रोफाइल यात्रा के बाद स्वदेश लौटने पर कहा था कि हम छोटे (देश) हो सकते हैं लेकिन इससे उन्हें हमें धमकाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। जम्हूरी पार्टी ने यह मांग तब की है जब एक दिन पहले ही विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने सोमवार को कहा कि उसकी मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव रखने की तैयारी है। मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति मुइज्जू से हाल में एक साक्षात्कार के दौरान की गई विवादित टिप्पणियों के लिए भारत और प्रधानमंत्री मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने को कहा।

भूटान नरेश वांगचुक से मिले भारतीय विदेश सचिव क्वात्रा

थिंपू। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने मंगलवार को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मैत्रीय संबंध को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

क्वात्रा सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे थे। यह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेता शेरिंग तोबगे के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद भारत की तरफ से पहुंचे पहले शीर्ष स्तरीय अधिकारी हैं। उन्होंने मुलाकात की कुछ तस्वीरें 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा भूटान के महामहिम राजा से मुलाकात करना और भारत-भूटान के बीच मित्रता के अनूठे संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर उनके मार्गदर्शन से लाभ उठाना सम्मान की बात है।

फैसला कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध, ऐसा करने वाला पहला देश बना न्यूजीलैंड

त्वचा पर दुष्प्रभाव डाल सकते हैं ऐसे उत्पाद

वेलिंगटन, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा करने वाला यह पहला देश बन गया है। पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के अनुसार सौंदर्य प्रसाधनों में इन रसायनों पर प्रतिबंध लगाना चल रही प्रतिक्रिया का हिस्सा है जिसमें न्यूजीलैंड के पर्यावरण में सभी पीएफएएस-अग्निशामक फोम को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना और पीएफएएस के पृष्ठभूमि स्तरों का परीक्षण करना शामिल है।

ईपीए के पुनर्मूल्यांकन प्रबंधक शॉन प्रेसो ने कहा कि पीएफएएस का उपयोग कभी-कभी नेल पॉलिश, शेविंग क्रीम, फाउंडेशन, लिपस्टिक और मस्कारा जैसे उत्पादों में किया जाता है। इन्हें त्वचा को चिकना करने या अधिक टिकाऊ, फैलने योग्य और पानी प्रतिरोधी बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।

प्रेसो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शोध से पता चलता है कि पीएफएएस केवल कुछ ही उत्पादों में पाए जाते हैं लेकिन न्यूजीलैंड पीएफएएस से संभावित जोखिमों के लिए एहतियाती दृष्टिकोण अपनाता है। पीएफएएस पर निर्णय कॉस्मेटिक उत्पाद समूह मानक में किए गए कई अद्यतनों में से एक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कॉस्मेटिक उत्पाद सुरक्षित हैं और नियम अंतर्राष्ट्रीय विकास के साथ बेहतर ढंग से संरेखित हैं। उन्होंने कहा कि पीएफएएस पर प्रतिबंध लगने और अन्य बदलावों के प्रभावी होने से पहले हम बदलाव का प्रबंधन करने के लिए उद्योग के साथ जुड़ना जारी रखेंगे। ऑकलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ साइंस के प्रोफेसर एलन ब्लैकमैन ने कहा कि जैसा कि पिछले साल ईपीए ने संकेत दिया था, सौंदर्य प्रसाधनों में पीएफएएस पर प्रतिबंध इस तरह लागू किया जाएगा कि पीएफएएस युक्त सौंदर्य प्रसाधनों का आयात और निर्माण 2026 के अंत में बंद हो जाएगा तथा इनकी आपूर्ति 2027 के अंत में बंद हो जाएगी।

मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए अहम निर्णय

ब्लैकमैन ने कहा कि यह पहला कदम उठाने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि नॉन-स्टिक कुकवेयर और वाटरप्रूफ कपड़ों जैसे अन्य पीएफएएस स्रोतों के साथ क्या होता है। पर्यावरण विज्ञान और अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक जोखिम मूल्यांकनकर्ता अभिषेक गौतम ने कहा कि सौंदर्य प्रसाधनों में 'हमेशा के लिए रसायनों' के जानबूझकर उपयोग पर प्रतिबंध उनकी संभावित दीर्घकालिक विषाक्तता के कारण मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है। गौतम ने कहा कि ये रसायन हालांकि प्रकृति में सर्वव्यापी हैं और इसलिए किसी भी गैर-अनुपालन की जांच के लिए सौंदर्य प्रसाधनों में इनकी नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए।

मैक्रों ने की भारतीय छात्रों के लिए फ्रेंच भाषा कार्यक्रम की शुरुआत

नई दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारतीय छात्रों को फ्रांस में अपनी पसंद की डिग्री हासिल करने से पहले एक साल फ्रेंच सीखने के लिए एक विशेष कार्यक्रम क्लासेस इंटरनेशनल्स शुरू करने की घोषणा की।

यह विशेष कार्यक्रम इस वर्ष सितंबर से शुरू होगा। फ्रांस के दूतावास ने यहां एक बयान जारी करके कहा कि एक विद्यार्थी, जो भले ही पहले से फ्रेंच विद्यार्थी हो या फिर भाषा सीखना शुरू कर रहा हो, वह अब संस्थान में इस वर्ष के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद फ्रांस के किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान में फ्रांसीसी भाषा में पढ़ाए जाने वाले स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पा सकता है। दूतावास ने कहा कि राष्ट्रपति ने भारतीय छात्रों के लिए और अधिक अवसर खोलने की फ्रांस की प्रतिबद्धता पर जोर दिया है।